वर्ष-31, अंक- 215, पृष्ठ-12 | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 11, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शुक्रवार
23 मई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### झारखंड में सात जून का मॉनसून देगी दस्तक

**रांची।** झारखंडवासियों के लिए खुशखबरी है, यहां जल्द ही मॉनसून की एंट्री होने वाली है। रांची स्थित मौसम विभाग की मानें, तो 7 जून 2025 तक मॉनसून झारखंड में दस्तक दे सकता है। मौसम विभाग, रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस बार झारखंड में मॉनसून अच्छा रहने वाला है। केरल में 25 से 27 मई के बीच मॉनसून प्रवेश करने वाला है। ऐसे में झारखंड में मॉनसून 7 जून तक आने की संभावना है। इसके बाद एक हफ्ते के अंदर पूरे राज्य में मॉनसून छा जाएगा।

### नेपाली मूल के शख्स को आईएसआई ने दी ट्रेनिंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के नेटवर्क का खुलासा किया है। पुलिस ने जनवरी से मार्च 2025 तक एक सीक्रेट ऑपरेशन चलाया था। इस अभियान में केंद्रीय एजेंसियां भी शामिल थीं। पुलिस ने इस दौरान दो आईएसआई एजेंट को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए दो लोगों में से एक एजेंट नेपाली मूल का है। उसका नाम अंसारुल मियां अंसारी है। अंसारी के पास से भारतीय आर्म्ड फोर्सेज से जुड़े कई क्लासीफाइड डॉक्यूमेंट्स बरामद किए गए हैं। फिलहाल दिल्ली पुलिस ने दोनों को तिहाड़ जेल भेज दिया है।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

### आज / कल




**मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जनजाति बहुमंजिली छात्रावास निर्माण की रखी आधारशिला**

# राज्य की शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** राज्य के छात्र- छात्राओं का बेहतर भविष्य सुनिश्चित हो। यहां के विद्यार्थी हर क्षेत्र में अच्छा मुकाम हासिल करें, इसके लिए उन्हें जो भी संसाधन की जरूरत होगी, राज्य सरकार मुहैया कराएगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को रांची के करमटोली स्थित आदिवासी कॉलेज छात्रावास परिसर, में 520 शैय्या वाले अनुसूचित जनजाति बहुमंजिली छात्रावास निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूल और कॉलेज की शिक्षा में नया आयाम जोड़ने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है।

## हमारी परिकल्पना को अब मिल रहा मूर्त रूप

मुख्यमंत्री ने कहा कि कल्याण विभाग के सभी छात्रावासों का जीर्णोद्धार करने का सरकार ने निर्णय लिया है। इसी कड़ी में आज आदिवासी छात्रावास परिसर में बहुमंजिली छात्रावास निर्माण की हमारी परिकल्पना भूमि पूजन के साथ साकार हो रही है। लेकिन, उस दिन हमें और भी खुशी होगी, जब सभी आवश्यक सुविधाओं से सम्पन्न यह छात्रावास पूरी तरह बनकर तैयार होगा और राज्य के अलग-अलग हिस्सों से अपने भविष्य को संवारने का सपना लेकर आने वाले गरीब आदिवासी बच्चे यहां शिफ्ट करेंगे।



## सभी जिलों में खुलेंगे भव्य पुस्तकालय

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के नाम से सभी जिलों में भव्य पुस्तकालय खोलने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन पुस्तकालयों में हर तरह की पुस्तकें और पत्रिकाएं उपलब्ध होगी। राज्य में बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने के लिए सरकार आने वाले दिनों में कई और कदम उठाएगी। इस अवसर पर मंत्री चमरा लिंडा, राज्य सभा सांसद महुआ माजी, मुख्य सचिव अलका तिवारी, सचिव कृपानंद झा, सचिव अरवा राजकमल और आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा विशेष रूप से मौजूद थे।

## स्कूल कॉलेजों में जोड़े जा रहे हैं नए आयाम

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राज्य की शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए स्कूल- कॉलेजों में आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया जा रहा है। यहां जो कमियां थी, उसे दूर कर रहे हैं। आज हमारे सरकारी स्कूल और कॉलेज कई मायनों में निजी शैक्षणिक संस्थानों से बेहतर साबित हो रहे हैं। इस बार बोर्ड परीक्षा में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के कई विद्यार्थियों द्वारा 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल करना इसी का परिचायक है । आने वाले दिनों में ऐसे ही कई और विद्यालय खुलेंगे, जहां के गरीब विद्यार्थी अपनी प्रतिभा से राज्य का नाम रोशन करेंगे।

## आप सिर्फ अपनी पढ़ाई पर फोकस करें सरकार आपकी चिंताएं दूर करेगी

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि वे सिर्फ अपनी पढ़ाई पर फोकस करें, उनकी जो भी समस्याएं और चिंताएं होगी, उसे सरकार दूर करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रावास में विद्यार्थियों को अब अपने घर से चावल, दाल और अन्य खाद्य सामग्री लाने की जरूरत नहीं होगी । उन्हें सरकार की ओर से तीनों वक्त का पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। यहां रसोईया और चौकीदार भी होंगे। वहीं, विद्यार्थियों के पठन- पाठन से संबंधित जरूरी संसाधन की भी व्यवस्था होगी।

## यहां के बच्चे आगे बढ़े, सरकार कर रही पूरा सहयोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रतिस्पर्धा का जमाना है। ऐसे में प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज की पढ़ाई के लिए विद्यार्थियों को सरकार हर स्तर से सहयोग कर रही है। यहां के गरीब बच्चों को इंजीनियरिंग और मेडिकल जैसे कोर्सेज करने में आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए गुरु जी क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से बिना किसी गारंटी के 15 लाख रुपए तक का किफायती ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। यहां के बच्चे सिविल सर्विसेज जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता अर्जित करें, इसके लिए उन्हें कोचिंग के साथ अन्य संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

**राज्य कैबिनेट का फैसला**

# राज्य में अब आउटसोर्सिंग की नियुक्तियों में भी आरक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित झारखंड कैबिनेट की बैठक में सरकारी कार्यालयों और उपक्रमों में आउटसोर्सिंग के आधार पर नियुक्ति, वेतनमान और उनकी सेवा शर्तों को लेकर मैन्युअल (नियमावली) के गठन को मंजूरी दी गई है। ऐसे कर्मियों की नियुक्ति अब कम से कम 5 साल के लिए की जाएगी। इसके बाद उन्हें तीन साल का सेवा विस्तार दिया जा सकेगा। नियुक्ति में आरक्षण के नियमों का पालन किया जाएगा। आउटसोर्स सर्विस प्रोवाइडर के लिए यह अनिवार्य होगा कि वे सभी कर्मियों को एक न्यूनतम वेतनमान देना सुनिश्चित करें। आउटसोर्स कर्मियों को प्रतिवर्ष तीन प्रतिशत की वेतनवृद्धि और 4 लाख रुपए तक के एक्सीडेंटल ग्रुप इंश्योरेंस का भी लाभ देय होगा। उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक ग्रिवांस सेल भी गठित किया जाएगा।

कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि बैठक में कुल 10 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। एक महत्वपूर्ण फैसले के अनुसार, राज्य में जल संसाधन आयोग का गठन किया जाएगा। इस आयोग के पास राज्य के सभी रिवर बेसिन में पानी की अद्यतन उपलब्धता, इसके विकास, बहुआयामी उपयोग और कुशल प्रबंधन की जिम्मेदारी होगी। इस आयोग का कार्यकाल दो वर्ष होगा। झारखंड में संचालित गैर सरकारी मान्यता प्राप्त अल्पसंख्यक माध्यमिक विद्यालय, मदरसा और संस्कृत विद्यालय के नौवीं और दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं कॉपी उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें प्रतिवर्ष 4.84 करोड़ रुपए खर्च होंगे और इस निर्णय से 41,755 छात्र-छात्रा लाभान्वित होंगे। एक अन्य फैसले के अनुसार, सरकारी विद्यालयों में नौवीं से 12वीं तक के छात्रों के बीच वितरण के लिए विज्ञान पत्रिका प्रकाशित की जाएगी। इसी तरह 11वीं-12वीं कक्षा के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मासिक पत्रिकाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।चतरा जिले के इटखोरी प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन के निर्माण के लिए 22 लाख रुपए की राशि आवंटित करने की मंजूरी दी गई है।




● अल्पसंख्यक स्कूलों के छात्रों को मिलेगी मुफ्त किताबें

**हमे गर्व है अपनी सेना पर**

# भारतीय सेना ने अद्वितीय रणनीति का लोहा मनवाया

ऑपरेशन सिंदूर ने एक बार फिर भारतीय सेना की अद्वितीय बहादुरी, अदम्य साहस और अद्वितीय रणनीति का लोहा मनवाया है। हर सैनिक का पराक्रम गर्व का विषय है। इस सफल अभियान के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दृढ़ नीतिगत निर्णय और साहसिक नेतृत्व प्रशंसनीय है। उनका यह स्पष्ट संदेश है — भारत न झुकेगा, न रुकेगा। यह ऑपरेशन केवल एक सैन्य जीत नहीं, बल्कि भारत की संप्रभुता, आत्मनिर्भरता और वैश्विक दृढ़ता का जीवंत प्रमाण है। राष्ट्र उनके नेतृत्व और हमारी सेना की वीरता को नमन करता है। जय हिंद!




- डॉ कुमार संजय
लेखक व नाटककार

# पाकिस्तान के साथ सिर्फ पीओके खाली करने पर बात होगी : विदेश मंत्रालय



**एजेंसी। नई दिल्ली**

गुरुवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान को जमकर लताड़ लगाई. उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ सिर्फ पीओके खाली करने पर बात होगी. जायसवाल ने कहा कि कश्मीर मुद्दे पर भारत-पाकिस्तान के बीच तीसरे देश के दखल को मंजूर नहीं किया जाएगा. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह भी कहा कि पाकिस्तान जब तक आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को त्याग नहीं देता तब तक उससे बात नहीं हो सकती है. उन्होंने सिंधू समझौते को निलंबित करने के फैसले पर भी कहा कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकता है।

## बातचीत और आतंकवाद एक साथ नहीं

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि बातचीत और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते। आतंकवाद के मामले में हम उन कुख्यात आतंकवादियों को भारत को सौंपने पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं जिनकी सूची कुछ साल पहले पाकिस्तान को दी गई थी। मैं इस बात पर जोर देना चाहूंगा कि जम्मू और कश्मीर पर कोई भी द्विपक्षीय चर्चा केवल पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से क जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करने पर होगी। सिंधु जल संधि तब तक स्थगित रहेगी जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को त्याग नहीं देता। बहुपक्षीय प्रतिनिधिमंडल पर रणधीर जायसवाल ने कहा "सात प्रतिनिधिमंडल हैं. तीन प्रतिनिधिमंडल रवाना हो चुके हैं। यह एक राजनीतिक मिशन है।

शषे पेज 11 पर

# अपनी सीमाएं लांघ रही है ईडी : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि वह सारी सीमाएं लांघ रहा है और शासन के संघीय ढांचे का उल्लंघन कर रहा है। यह टिप्पणी तब आई जब सर्वोच्च न्यायालय ने सरकारी शराब विक्रेता तमिलनाडु राज्य विपणन निगम (टीएएसएमएसी) के खिलाफ ईडी की मनी लॉन्ड्रिंग जांच पर रोक लगा दी। तमिलनाडु सरकार और टीएएसएमएसी द्वारा दायर याचिकाओं पर केंद्रीय जांच एजेंसी को नोटिस की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग जांच एजेंसी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा कि आपका ईडी सारी सीमाएं लांघ रहा है। पीठ ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय संघीय अवधारणा (शासन की) का उल्लंघन कर रहा है। साथ ही पीठ ने कहा कि इस बीच राज्य द्वारा संचालित टीएएसएमएसी के खिलाफ ईडी की जांच आगे नहीं बढ़ेगी। सरकारी वकील ने अदालत के आदेश पर आपत्ति जताते हुए तर्क दिया।



शषे पेज 11 पर

**सौगंध मुझे इस मिट्टी की राजस्थान में बोले पीएम**

# जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिलाया है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राजस्थान में विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के लिए सुरक्षा बलों का धन्यवाद किया। साथ ही साथ प्रधानमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि सेना के शौर्य से पाकिस्तान पस्त हो गया। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर सिंदूर उजाड़े। हमारे जवानों ने 22 मिनट में 9 आतंकी ठिकानों का तबाह कर दिया। दुश्मनों ने सिंदूर को बारूद बनते देखा है। पाकिस्तान घुटने टेकने पर मजबूर हुआ। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने जमकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में नारा लगाया। प्रधानमंत्री ने वहां मौजूद लोगों का अभिवादन भी स्वीकार किया। मोदी ने कहा कि राजस्थान की ये वीर धरा हमें सिखाती है कि देश और देशवासियों से बड़ा और कुछ नहीं है। 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ दिया था।



शषे पेज 11 पर

## प्रधानमंत्री ने झारखंड के तीन अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का किया उद्घाटन

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से झारखंड के तीन अत्याधुनिक सुविधायुक्त रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। ये स्टेशन अमृत भारत योजना के तहत विकसित किए गए हैं, जिनमें खूंटी जिले का गोविंदपुर रोड स्टेशन, साहिबगंज का राजमहल स्टेशन और देवघर का शंकरपुर स्टेशन शामिल हैं। गोविंदपुर रोड स्टेशन को 6.65 करोड़ रुपये, राजमहल स्टेशन को 7.03 करोड़ रुपये और शंकरपुर स्टेशन को 7.7 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है। विशेष रूप से शंकरपुर स्टेशन को देवघर एम्स के निकटतम रेलवे कनेक्शन के रूप में तैयार किया गया है, जिससे चिकित्सा सेवाओं तक पहुंच और आसान होगी। **गोविंदपुर रोड स्टेशन:** तीन बड़े शहरों को जोड़ने वाला प्रमुख केंद्र हटिया-राउरकेला रेलखंड पर स्थित गोविंदपुर रोड स्टेशन, रांची, खूंटी और राउरकेला जैसे महत्वपूर्ण शहरों को जोड़ता है। शषे पेज 11 पर

**इंडिया**

# घृणा के खतरनाक प्रदर्शन से बहुत ऊपर है सैनिक का जीवन



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

स्थान,जातीय या धार्मिक वर्चस्व के आधार पर स्टैंड और बदलती लोक लुभावन घोषणाओं तथा लालच दिखाकर चल रही वर्तमान राजनीति जब पूरी बेशर्मी से सेना को जाति या धर्मों में बांटने लगती है तो आमजन की छीः थू से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक की फटकार मिलनी तय है। धर्म पूछकर 26 लोगों की पहलगाम में नृशंस हत्या का पाकिस्तान का सुनियोजित गेम भारत में दंगा कराने के लिए था क्योंकि वक्फ संशोधन कानून के नाम पर राजनीति हो रही थी। आईएसआई की सोच थी कि भारत में गृह युद्ध हो जाएगा पर पानी के हाहाकार मचाती पाकिस्तान की जनता ने वहां के गृह मंत्री का घर फूंककर जता दिया कि दांव उल्टा पड़ गया है। पर देश के कुछ मूर्ख बड़बोले नेताओं और कुटील चाल चलने वाले लोगों ने ऑपरेशन सिंदूर का चेहरा बनी दो बहादुर महिला सैन्य अधिकारियों की जाति और धर्म को सार्वजनिक मंचों पर उछालकर देशभक्ति के जज्बे से एक देश की जनता को नाराज कर दिया है।स्वतंत्रता के इतने वर्षों के बाद भी भारत ने हमेशा विवेकानंद के दर्शन के समावेशी विचार को संभालकर रखा है। विवेकानंद के अनुसार, 'भारतीय संस्कृति की आत्मा आध्यात्मिकता है जो क्षुद्र सोच से ऊपर है । कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह को अगर मनुष्य की उस संकीर्ण सोच का शिकार होना पड़ता है, तो भारत की छवि धूमिल तो होती ही है, एक सैनिक के लिए जीवन और मृत्यु की जंग में जब देश को बचाना हो, तो फिर उस धार्मिक या सामुदायिक नफरत की गुंजाइश कहां रह जाती है? क्या ये बयानबाज नेता अपने भेदभाव की राजनीति के बीच देश के लिए अपना जीवन तो क्या मामूली बलिदान देने का उदाहरण दे सकते हैं?

घृणा और प्रेम पर फ्रेडरिक नीत्शे हमें कुछ सिखाते भी हैं, 'हमें प्यार करना सीखना चाहिए, दयालु होना सीखना चाहिए, और यह भी शुरुआती युवावस्था से ही सीखना चाहिए। वसुधैव कुटुंबकम् की बात कहने वाले देश में अगर कोई एक नफरत करने वाला व्यक्ति बनना चाहता है, तो नफरत को सीखना और पोषित करना होगा।' जीवन हमें नफरत को पोषित करना नहीं सिखाता। हर किसी को एक जिम्मेदारी के भाव से मनुष्य होने के भाव को समझना होगा। यहां तक कि एलन मस्क भी मानते हैं कि हम सभी को मानवीय चेतना के पैमाने और दायरे का विस्तार करने की कोशिश करनी चाहिए। वह कहते हैं, 'पृथ्वी मानवता का पालना है और आप हमेशा पालने में नहीं रह सकते। इसलिए मानवता का हिस्सा बनें।' जर्मन दार्शनिक और मनोवैज्ञानिक फ्रांज ब्रेंटानो का तर्क है कि मानसिक क्रियाकलापों के तीन प्रकार हैं, जो मानसिक घटना को परिभाषित करते हैं और सबसे महत्वपूर्ण क्रियाओं में से एक प्रेम और घृणा है। प्राइमेट्स से लेकर आज तक मानव विकास ने अपने अस्तित्व के लिए कभी किसी भी समुदाय से नफरत नहीं करने में विश्वास किया है। यहां तक कि मानवविज्ञानी मार्गरेट मीड द्वारा साझा की गई फीमर के उपचार की प्रसिद्ध कहानी किसी भी चीज से ऊपर प्रेम की भावना की वकालत ही तो करती है। प्रसिद्ध कहानीकार चंद्रधर शर्मा गुलेरी की कहानी उसने कहा था का प्रसिद्ध पात्र लहना सिंह भी युद्ध के मैदान में मृत्यु शैया पर उस वादे को निभाने से चूका नहीं और न ही हमारे सभी सैनिक। वे देश की रक्षा के लिए प्रशिक्षित तो होते हैं, लेकिन मर-मिटने का जज्बा उनका वह चरित्र होता है, जहां देश की रक्षा के लिए बलिदान की प्रेरणा मिलती है। वे कभी भी हिंदू-मुस्लिम या जात-पात के अज्ञान के अंधकार में नहीं उड़ते आजादी में निर्णायक भूमिका निभाने वाली आजाद हिंद फौज इसका उदाहरण है। वीर शिवाजी,राणा प्रताप हों या वीर कुंवर सिंह उनकी सफलता में सभी समुदायों का योगदान था। लेकिन अगर आधुनिक समाज के कुछेक उजड्ड लोग उन्हें इस धार्मिक या जातीय नजरिए से देखते हैं । बहादुरी के इतिहास में जनरल मानक शॉ भी हैं और अब्दुल हमीद भी। उन दोनों में रैंक का अंतर था, लेकिन उनका एक ही परिचय रहा और वह है, सैनिक का। देश ने उनको हमेशा आदर और सम्मान से देखा और सभी सैनिक ऐसे ही तो होते हैं, जो अपने देश के प्रति प्रेम के पर्याय हैं और देशभक्ति को सार्वभौमिक रूप से परिभाषित करते हैं। भारत माता का जयघोष करते हुए केसरिया बांध कर अपना जीवन हंसते हुए न्योछावर करने वाले बहादुर सैनिकों और वीरता के इतिहास को लज्जित करने वाले लोगों को लज्जा आनी चाहिए।



**लोहरदगा में नशे के सौदागरों पर बड़ी कार्रवाई**

## दो दुकानों से बरामद हुआ सैकड़ों बोतल व्हाइटनर और डेंड्राइट



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले में नशे के बढ़ते खतरे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक अहम सफलता हासिल की है। गुरुवार रात लोहरदगा मैना बगीचा स्थित दो दुकानों स्वाति स्टोर और शिवानी स्टोर में छापेमारी कर पुलिस ने भारी मात्रा में नशीले पदार्थ व्हाइटनर और डेंड्राइट जब्त किए हैं। ये दोनों दुकानें लंबे समय से गरीब तबके के नाबालिग बच्चों को नशे की लत में धकेलने का गोरखधंधा चला रही थीं। लोहरदगा एसपी हारीश बिन जमां के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई, जिसका नेतृत्व थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर ने किया। छापेमारी अभियान में सब इंस्पेक्टर सारिक खान, अंचलाधिकारी आशुतोष कुमार तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे। कार्रवाई के दौरान दोनों दुकानों से 900 पीस व्हाइटनर और 15 पीस डेंड्राइट बरामद किए गए।

शषे पेज 11 पर

# मुआवजा के आश्वासन के बाद मृत चालक का शव उठा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पिपरा थाना क्षेत्र के घासीखाप स्थित एमवीएस क्रशर प्लांट पर बुधवार को डीजी जेनरेटर में डीजल डालने के क्रम में करंट लगने से हुई टैंकर चालक राजेन्द्र यादव की मौत की घटना को लेकर गुरुवार को ग्रामीण आक्रोशित थे। मृतक के शव को रख कर परिजनों ने 15 लाख मुआवजा तथा क्रशर संचालक को घटना स्थल पर बुलाने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। पुलिस लोगों को समझाने का प्रयास करती रही। बाद में क्रशर प्रबंधन द्वारा मुआवजा देने की घोषणा के 20 घंटा बाद शव को उठाया गया। क्रशर संचालक अंजनी कुमार सिंह ने घटना के संबंध में बात करने से परहेज किया।

## अमृत मिशन के तहत पौधरोपण अभियान के लिए किया स्थल निरीक्षण

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र में अमृत मिशन २.0 योजना के तहत वृक्षारोपण अभियान के पहले चरण की शुरुआत हो चुकी है। यह अभियान नगर विकास वआवास विभाग के निर्देश पर ओमेन फॉर ट्री कैंपेन के तहत एक पेड़ मां के नाम अमृत मित्र इनिशिएटिव के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत चिन्हित स्थानों का गुरुवार को सिटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी, जेई नीरज गुप्ता, कुलदीप कुमार तथा स्वयं सहायता समूह के सदस्यों द्वारा निरीक्षण किया। नगर पंचायत द्वारा चिन्हित स्थानों पर स्वयं सहायता समूह के महिलाओं द्वारा स्थल भ्रमण एवं आवश्यक तैयारी प्रारंभ की गई।इस दौरान ब्लॉक परिसर, सीता प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर, सीता प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान, बालिका उच्च विद्यालय परिसर, मिडिल स्कूल परिसर तथा मैदान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सिटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी, जेई नीरज कुमार गुप्ता, कुलदीप कुमार, सीओ विचित्रा कुमारी, सीआरपी साहदा अंजुम, लालमनी कुमारी, रिशु कुमारी के अलावे स्वयं सहायता समूह के महिलाएं शामिल थें।

# बिना लाइसेंस व डिग्री के धड़ल्ले से कर रहे हैं मरीजों का ऑपरेशन

**जांच में कई फर्जी चिकित्सालय उजागर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** विभागीय निर्देश के आलोक में गुरुवार को शहर में चल रहे फर्जी चिकित्सालय की जांच की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोपाल प्रसाद व पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने संयुक्त रूप से चिकित्सालय की जांच किया। इस दौरान बगैर लाइसेंस व डिग्री के फर्जी डाक्टरों द्वारा चिकित्सालय चलाए जाने का मामला उजागर हुआ। बिहार सीमा के समीप चल रहे आनंद क्लीनिक में कई मरीज भर्ती पाए गए। जिनका आपरेशन कर बच्चेदानी निकाला गया था, परंतु आनंद क्लीनिक के संचालक डॉ. विरेन्द्र कुमार सिंह ने जांच टीम को किसी तरह का वैद्य कागजात नहीं होने की बात कही। डॉ. मजहर हुसैन ने भी रजिस्ट्रेशन तथा वैद्य कागजात होने से इंकार किया। इसके अलावा जांच टीम द्वारा आदर्श क्लरनिक तथा स्वास्तिक क्लरनिक की भी जांच की। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी व थाना प्रभारी ने बताया कि फर्जी चिकित्सालय के विरुद्ध विधी सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर बीपीएम संजय कुमार सिंह,एसआई सुनील कुमार सहित कई पुलिस बल उपस्थित थे।



# युवकों ने छात्र का किया अपहरण

**पिस्टल के बट्ट से सिर पर मार कर किया घायल**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी 11वीं के छात्र सत्यम कुमार सिंह को चार पांच लोगों ने हुसैनाबाद के नहर मोड़ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर परीक्षा केंद्र के पास से एक कार में जबरदस्ती बैठा कर हुसैनाबाद के अमही गांव के पास के पास ले जम कर पिटाई कर पिस्टल के बट्ट से सिर पर मार कर घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधियों ने हैदरनगर थाना को सूचना देकर देवी धाम हैदरनगर बुलाया और पिस्टल के साथ सत्यम कुमार सिंह को पुलिस के हवाले कर फरार हो गए। यह कहना है अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में इलाजरत सत्यम कुमार सिंह का। सत्यम ने बताया कि वह 11वीं की परीक्षा देने नहर मोड़ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर गया था। वहां चार पांच लोग पहुंच कर उससे बोले कि जरूरी बात करना है। कुछ दूर ले जाकर उसे जबरदस्ती एक कार में बैठा लिया। वह कार से अमही गांव के पास ले गए। वहां पिस्टल से सिर पर वार कर घायल करने के बाद भी पिटाई की। सत्यम कुमार सिंह के मुताबिक पिटाई के बाद उन्होंने कहा कि यहां छोड़ने पर वह हुसैनाबाद थाना में केस कर देगा। उन्होंने प्लान बना कर हैदरनगर थाना पुलिस को फोन कर देवी धाम हैदरनगर बुलाया। उसे देवी धाम हैदरनगर के पास उसे पिस्टल के साथ थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने सत्यम कुमार सिंह को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में भर्ती कर दिया है। हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि मामला हुसैनाबाद थाना क्षेत्र का है। मामले को हुसैनाबाद थाना को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि गश्त में ऑन ड्यूटी हैदरनगर थाना के एसआई रोहित चौहान ने पिस्टल के साथ युवक को गाड़ी में बैठा कर अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचा दिया है। उन्होंने बताया कि मारपीट के पीछे पुरानी रंजिश हो सकती है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। उन्होंने बताया कि घायल सत्यम ने कुछ लोगों का नाम भी बताया है। उसपर भी जांच की जा रही है। हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि मामला सामने आया है, सभी बिन्दुओं पर जांच की जा रही हैं।

## पुलिस महानिदेशक से मिले विनय



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता से हुसैनाबाद निवासी झारखंड न्यायिक मानवाधिकार परिषद के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार पासवान ने मुलाकात की। इस औपचारिक मुलाकात में विनय कुमार पासवान ने संस्था के उद्देश्यों को बताते हुए डीजीपी अनुराग गुप्ता से मानवाधिकार व न्याय पर चर्चा किया। डीजीपी ने संस्था के उद्देश्यों की सराहना की। उन्होंने न्याय व मानवाधिकार को लेकर मदद की बात कही। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों की रक्षा के साथ लोगों को न्याय भी मिलना जरूरी है। विनय कुमार पासवान ने कहा कि संस्था ने उन्हें जो दायित्व दिया है, उसका पालन करने के लिए वह हर तरह की कुर्बानी करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि जहां भी जिसके भी द्वारा मानवाधिकार का हनन किया जाएगा वह उन्हें न्याय दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड के आम आवाम को बेहतर बनाने के लिए मानवाधिकार के प्रति जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसमें विद्यालयों व अन्य विभागों से सहयोग लिया जाएगा।

# आईटीआई के समीप जल जमाव से राहगीरों को हो रही हैं परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर दो व तीन में आईटीआई के समीप जर्जर सड़क पर बने गढ्ढे व जल जमाव से राहगीरों को आने जाने में काफी परेशानी हो रही हैं। उक्त सड़क पर जमाव को एक वर्ष बाद भी इसका स्थाई समाधान नहीं निकाला गया। उक्त सड़क रास्ते दो-दो प्राइवेट स्कूल भी हैं। बच्चों को इससे कितना परेशानी होती हैं, इस जल जमाव से ही अंदाजा लगाया जा सकता हैं। अभी गर्मी में यह हाल हैं, तो आने वाले बरसात में क्या स्थिति होगी। नगर पंचायत द्वारा छह माह पूर्व बगल मे गढ्ढे खोदकर जल निकासी की व्यवस्था की गई थी, परंतु उक्त गढ्ढे को भर जाने के बाद स्थिति पुनः बद से बदतर हो गया। वार्ड तीन के निवर्तमान पार्षद राजेंद्र पाल ने बताया कि अभी गर्मी के मौसम में यह स्थिति बनी हुई है, तो बारिश होने के बाद तो स्थिति काफी खराब हो जाएगी। अभी वर्तमान में पानी जमा होने से राहगीरों को पैदल चलना मुश्किल हो गया है। इस संबंध में ईओ को कई बार लिखित रूप में जानकारी दी गई है। इसके बावजूद इसका समाधान नहीं किया गया है। पार्षद का कहना है कि शहरी क्षेत्र केवल नाम का रह गया हैं, परंतु स्थिति तो ग्रामीण क्षेत्र से भी बदतर हो गई हैं। जबकि शहर वासियों को टैक्स के नाम पर भयादोहन व शोषण किया जा रहा है और सुविधा के नाम पर स्थिति नगण्य हैं।

## मोटरसाइकल दुर्घटना में घायल

**गढ़वा।** सदर थानांतर्गत जाटा मोड़ के पास गुरुवार को मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। लातेहार जिला अंतर्गत डिही मुरुप गांव निवासी जीतन भुइयां के पुत्र दिलीप भुइयां को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने बताया कि दिलीप गढ़वा थाना अंतर्गत भदूमा गांव अपने मामा के यहां गृह प्रवेश में शामिल होने आया था। वह मामा के घर से घूमने के लिए मोटरसाइकिल से निकला था। उसी क्रम में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

# भीम चूल्हा मंदिर में नहीं लगा है तड़ित चालक आकाशीय बिजली गिरने से अनहोनी का भय



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पर्यटक स्थल ऐतिहासिक भीम चूल्हा स्थित शिव मंदिर पर तड़ित चालक नहीं लगाए जाने से आकाशीय बिजली के खतरे का भय बना हुआ है। बताया गया कि करीब 40 लाख की लागत से पर्यटन के दृष्टिकोण से मंदिर सहित पूरे परिसर का सौंदर्यीकरण और विकास किया गया। मगर थंडरिंग जोन होने के बाद भी मंदिर पर तड़ित चालक नहीं लगाया गया है। पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करने से पहले मंदिर पर आकाशीय बिजली गिरने से गुंबद दरक गया था। जिसकी सौंदर्यीकरण के दौरान मरम्मत करा दी गई थी। संयोगवश तब मंदिर के बरामदे पर कोई मौजूद नहीं था। इस वजह से बड़ा हादसा टल गया। अब तो हर परब-त्योहार, लगन और मौसम में सैलानियों और श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहता है। जिनके लिए मंदिर का बरामदा ही धूप और बारिश से बचने का सुरक्षित स्थान होता है। ऐसे में आकाशीय बिजली गिरने की पुनरावृत्ति के खतरे से बचाव के लिए इस पर्यटक स्थल को और अधिक विकास के लिए डीपीआर तैयार करने में तड़ित चालक लगाने की योजना को शामिल करने की जरूरत बताई जा रही है।

### शैक्षणिक भ्रमण व शादी-विवाह को लेकर लगती है भीड़

पुजारी सह गाइड गंगा तिवारी ने बताया कि इस पर्यटक स्थल पर चालू मौसम में शादी-विवाह और शैक्षणिक भ्रमण को लेकर जमावड़ा लगता है। सावन माह में श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ पड़ती है। अमूमन यही वह समय होता है, जब आकाशीय बिजली का खतरा मंडरा रहा होता है। मंदिर के अलावा पीपल वृक्ष और अब हाइमास्ट लाइट को लेकर पोल आकाशीय बिजली गिरने के ठौर हैं। इसे देखते हुए आकाशीय बिजली के खतरे से बचाव के लिए तड़ित चालक लगाए जाने की बड़ी जरूरत है।

## एक नजर

### विद्युत चोरी में 6 उपभोक्ताओं पर केस, 61 हजार का जुर्माना वसूला

**मोहम्मदगंज।** विद्युत अवर प्रमंडल जपला की ओर से स्थानीय थाना क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व सहायक विद्युत अभियंता राम प्रसाद महतो ने किया। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान बरवाडीह गांव में अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए राजेंद्र राम,केश्वर साव, भोला साव,उर्मिला देवी, कृष्ण देव मिस्त्री और सोमारी देवी को पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि सभी के खिलाफ स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसके साथ ही कुल मिलाकर 61,000 का जुमार्ना भी लगाया गया है। उन्होंने इससे बचने के लिए वैध तरीके से ही बिजली का उपयोग करने की हिदायत दी है।उन्होंने कहा कि अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस अभियान में मानव दिवस कर्मी जितेंद्र ठाकुर, ललितेश्वर मेहता, मंटू मुंडा, रंजय कुमार और ऊर्जा मित्र रविशंकर सिंह शामिल थे। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई जा रही है।

### सेवानिवृत्त सेलकर्मी का निधन, शोक

**भवनाथपुर।** प्रखंड के झुमरी गांव निवासी व सेल के सेवानिवृत्त कर्मचारी राम प्रसाद बैठा का निधन हो गया। वह पिछले कुछ वर्षों से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे और इलाज के लिए गढ़वा स्थित परमेश्वरी अस्पताल में भर्ती थे। वहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

# तेंदुआ कला में जलसहिया के प्रयास से हुई चापानल की मरम्मत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पेयजल समस्या के समाधान को लेकर जल सहियाओं का प्रयास सकारात्मक साबित हो रहा है। ग्राम जल स्वच्छता समिति की कोशिश से कई गांवों में पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। खराब जलमीनार और चापानल की मरम्मत व रख रखाव को लेकर जल सहियाओं की रिपोर्ट पर कार्रवाई सुनिश्चित हो गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने बताया कि गुरुवार को पंसा पंचायत के तेंदुआ कला में प्रवेश चंद्रवंशी के घर के पास बंद पड़े चापानल की मरम्मत का काम जल सहिया गुंजा देवी से प्राप्त सूची के आधार विभागीय स्तर से चलंत टीम ने पूरा कर दिया है। इससे आसपास के अन्य कई घरों के ग्रामीणों को भी पेयजल की जरूरत पूरी होगी। इससे पहले रामबांध पंचायत के बलडिहरी मदरसा के खराब चापानल की मरम्मत और रख रखाव का काम जलसहिया शाहजहां बेगम की पहल पर पूरा किया गया। लटपौरी पंचायत के गजरही की जलसहिया मीना देवी की रिपोर्ट पर रसूलपूर में खराब चापानल मरम्मत का काम पूरा कर पेयजल उपलब्ध कराने में सफलता हासिल की गई है। भजनियां और पोटो की जल सहिया शकुंतला देवी व कविता देवी ने भी इस दिशा में निष्ठापूर्वक दायित्व पूरा कर खराब चापानल और जलमीनार की रिपोर्ट दी है। उन्होंने बताया कि सभी जल सहियाओं को उनके क्षेत्र के खराब चापानल व जलमीनार की तत्काल रिपोर्ट करने की हिदायत दी गई है। उन्हें विभागीय हेल्पलाइन नंबर भी उपलब्ध करा दिया गया। इससे पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। विभाग की गाड़ी सूचना प्राप्त होते ही चिलचिलाती धूप में भी स्थल पर पहुंच कर चापानल मरम्मत व रख रखाव का पूरा कर रही है। कहीं भी पेयजल संकट उत्पन्न नहीं हो, इसके प्रति जल सहिया की सजगता से प्रखंड प्रशासन की पहल पर विभागीय स्तर से चलंत टीम चापानल मरम्मत का काम पूरा कर रही है।

# 11वीं की परीक्षा में 916 परीक्षार्थियों ने दी गणित व जीव विज्ञान की परीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर स्थित राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय स्थित परीक्षा केन्द्र पर गुरुवार को वर्ग 11वीं की परीक्षा के अंतिम व तीसरे दिन कुल 916 परीक्षार्थी ने भाग लिया। 14 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे हैं। प्राचार्य बैद्यनाथ राम ने बताया कि इंटर प्रथम वर्ष की आयोजित इस परीक्षा में गुरुवार को गणित व जीव विज्ञान सहित अन्य विषय में कुल 930 में 14 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे हैं। दूसरी पाली में कला संकाय के 200 परीक्षार्थी कंप्यूटर, ज्योलॉजी, अर्थशास्त्र आदि विषयों की परीक्षा आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा केन्द्र पर मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के रौल कोड 31093 उत्क्रमित हाईस्कूल पांती व रौल कोड 31098 पीएमश्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय जबकि रौल कोड 31095 को शामिल किया गया है। विभिन्न कमरों में इस परीक्षा के अंतिम दिन सहायक शिक्षक सुमन कुमार, श्रीप्रकाश मिश्रा, तुफैल अहमद, प्रशांत कुमार, आशीष कुमार मिश्रा, दशरथ साह, बदरुल होदा सहित अन्य शिक्षकों ने परीक्षा संपन्न कराने के बाद कहा कि शांतिपूर्ण परीक्षा देने में परीक्षार्थी सहित उनके अभिवावकों का धौर्य व संयम सराहनीय रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### ग्रामीण क्षेत्रों में पीएचईडी कर्मी कर रहे खराब चापानल की मरम्मत




**हैदरनगर।** जिला जल समिति सचिव के निर्देश पर हैदरनगर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में खराब पड़े चापानलों की मरम्मत कार्य तेज किये गये हैं। इसके लिये पेयजल एवं स्वच्छता विभाग हुसैनाबाद की विभागीय मोबाइल वाहन प्रतिदिन कर्मियों के साथ लगातार भ्रमण कार्य में लगे हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार प्रखंड जल स्वच्छता समिति की सर्वे रिपोर्ट के बाद प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कार्य को सूचीवद्ध किया गया है। हैदरनगर पश्चिमी पंचायत के साथ स्थानों पर मृत पड़े जलश्रोतों को दुरुस्त करने के बाद कुकही, बिलासपुर, नौडीहा, संड़ेया के विभिन्न स्थानों पर दो दिनों में एक दर्जन से अधिक चापाकल की मरम्मति किया जा चुका है। इससे महीनों से बेकार पड़े जलश्रोतों से पुनः पेयजल सहित अन्य काम के लिये पानी मिलने से ग्रामीणों के बीच संबधित क्षेत्र के ग्रामीणों के बीच इस गर्मी व जलसंकट के बीच खुशी का माहौल दिखने लगा है। इसके अलावे जलसहिया व प्रखंड जल समिति से प्राप्त सर्वे रिपोर्ट के आलोक में अन्य कई मृत व खराब पड़े जलश्रोतों को ठीक करने का मुहिम जारी है।

**लहलहे में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का तीसरा दिन**

# भागवत कथा सुनने से जीवन की व्यथा दूर होती है: किंकर महाराज




**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** सदर प्रखंड के लहलहे में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन भागवत कथा में काशी से पधारे श्री श्री 108 परम पूज्य मारुति किंकर महाराज के मुखारविंद से भागवत प्रेमियों ने विपरीत मौसम के बावजूद श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया। मंचासीन श्री किंकर महाराज ने कथा में महाभारत और भगवान भोलेनाथ की अमरकथा प्रसंग के जरिए श्रद्धालुओं को भक्ति की धारा में बहने का सौभाग्य प्रदान किया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनने से जीवन की व्यथा दूर होती है। महाराज ने लोगों की भारी उपस्थिति को देखते हुए कहा कि जिस प्रकार एकाएक इंद्रदेव ने अपना स्वरूप बदला था, उसको देखकर एक पल लगा कि कथा नहीं हो पाएंगे, परन्तु आप सभी के समर्पण और भागवत भगवान की कृपा ने इसे पूर्ण किया। कथा आयोजक विवेकानंद त्रिपाठी ने कथा के बाद बताया कि कथा के चतुर्थ दिवस में महाराज के आदेशानुसार श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाना है, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति होने की अपील की है।

# वर्षा के बाद गिरा तापमान दिनभर बहती रही ठंडी हवा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बुधवार को हुई वर्षा के बाद शहर में गुरुवार को अधिकतम तापमान में आठ डिग्री की कमी आई वहीं न्यूनतम तापमान में भी दो डिग्री से अधिक कमी आ गई। बुधवार को जहां अधिकतम तापमान 40.3 डिग्री सेल्सियस था,वही न्यूनतम तापमान 25.9 डिग्री सेल्सियस रहा था। जबकि गुरुवार को अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 23.3 डिग्री सेल्सियस रहा।बताते चलें कि बुधवार को 5.8 मिमी बारिश की वजह से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली।इस दौरान तेज हवा और गर्जन के साथ कोई बारिश ने मौसम को खुशनुमा बना दिया। गुरुवार को जहां जिला मुख्यालय में पूरे दिन आंशिक बादल छाए रहे वही तापमान में कमी होने के कारण लोगों की दिनभर आवाजाही होती रही। हालांकि इस दौरान बारिश नहीं हुई।मौसम विभाग की मानें तो आगे 27 मई तक इसी प्रकार का मौसम देखने को मिलेगा। इस दौरान आंशिक बादल छाए रहने के साथ वज्रपात व वर्षा होने के आसार हैं।

## मिडिल स्कूल को उत्क्रमित कर हाई स्कूल में अपग्रेड करने की मांग

**केतार।** प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने गुरुवार को विधायक अनंत प्रताप देव से मुलाकात कर मध्य विद्यालय पाचाडूमर को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय का दर्जा देने और पचाडूमर थाना से मध्य विद्यालय होते हुए प्रताप साह के घर तक सड़क चौड़ीकरण करने की मांग की। प्रमुख ने कहा कि मध्य विद्यालय पचाडूमर को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय बनाने से खैरवा बीजडीह सहित अन्य गांवों के बच्चों को उच्च विद्यालय तक की शिक्षा के लिए 15 किलोमीटर दूर जाने से मुक्ति मिलेगी। साथ ही बच्चियों को काफी सहूलियत होगी। घनी आबादी वाले पचाडूमर गांव की सड़क बन जाने से लोगों को आने-जाने में सुविधा होगी। प्रमुख द्वारा दिए गए आवेदन में मुखिया श्याम सुंदर बैठा ने भी हस्ताक्षर कर अपनी सहमति व्यक्त किया है।

# घनी आबादी में प्रस्तावित पत्थर खदान के विरोध में ग्रामीणों का उग्र रुख

- **सुरक्षा, पर्यावरण और जनहित के मुद्दों पर जताई गहरी चिंता; प्रशासन से परियोजना रोकने की मांग**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** नावाडीह पंचायत के हिसरा गांव में प्रस्तावित पत्थर खदान को लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश देखा जा रहा है। घनी आबादी के बीच खदान खोलने की तैयारी के विरोध में गुरुवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया और प्रशासन को चेतावनी दी कि जनहित की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि खदान खोलने की प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी की जा रही है और स्थानीय निवासियों की सुरक्षा को नजरअंदाज किया जा रहा है। उनका कहना है कि यदि खदान शुरू हुई, तो पत्थर की ब्लास्टिंग से मकानों में दरारें पड़ेंगी और बच्चों, महिलाओं तथा बुजुर्गों की जान को गंभीर खतरा होगा। साथ ही, इससे पर्यावरण को नुकसान और जलस्तर पर प्रतिकूल प्रभाव की आशंका भी जताई गई।

इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी से संपर्क कर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराया। इसके पश्चात कांग्रेस नेता गोपाल त्रिपाठी नावाडीह पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों की बात सुनी। ग्रामीणों ने स्पष्ट मांग की कि इस घनी आबादी वाले क्षेत्र में माइंस खोलने की अनुमति कतई न दी जाए।

विरोध प्रदर्शन में अजय प्रसाद, मनोज विश्वकर्मा, जतन राम, पीयूष केरकेट्टा, जगरनाथ डोडरा, वीरेंद्र प्रसाद, हेरेन हेम्ब्रम, अनिल केरकेट्टा, रौशन केरकेट्टा, बदरू प्रसाद, लोरेन मुंडा सहित अनेक ग्रामीण शामिल थे। सभी ने एक स्वर में कहा कि वे किसी भी कीमत पर अपने गांव में पत्थर खदान नहीं खुलने देंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि जनहित और पर्यावरण की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इस परियोजना को तुरंत रोका जाए और स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को नजरअंदाज किया गया, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे।

# अंजनी कुमार मिश्रा ने प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त पलामू के रूप में किया पदभार ग्रहण

- **गार्ड ऑफ ऑनर से हुआ स्वागत, अधिकारियों ने दी शुभकामनाएं**

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अंजनी कुमार मिश्रा ने आज पलामू प्रमंडल के प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। श्री मिश्रा वर्तमान में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रांची में प्रमंडलीय आयुक्त के पद पर पदस्थापित हैं। झारखंड सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के तहत उन्हें पलामू प्रमंडल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

पदभार ग्रहण करने के पश्चात प्रमंडलीय आयुक्त के रूप में कार्यालय पहुंचने पर स्थानीय पुलिस प्रशासन की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इसके उपरांत प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में सचिव बिजय वर्मा, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव मनीष कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। इधर, पलामू के अपर समाहर्ता कुंदन कुमार एवं नजारत उप समाहर्ता विक्रम आनंद ने प्रमंडलीय आयुक्त से शिष्टाचार मुलाकात की और गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं दीं।

# भीषण गर्मी में मजदूर से पनशाला का उद्घाटन कर दिया जनसेवा का संदेश

- **झारखंड माटीकला बोर्ड कार्यालय परिसर में आमजन के लिए नि:शुल्क पेयजल की व्यवस्था शुरू**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** तपती गर्मी और गिरते भूजल स्तर के बीच झारखंड माटीकला बोर्ड के प्रमंडलीय कार्यालय (को-ऑपरेटिव बिल्डिंग) में गुरुवार को एक जनहितकारी पहल के तहत पनशाला की शुरूआत की गई। विशेष बात यह रही कि इस पहल का उद्घाटन किसी अधिकारी या जनप्रतिनिधि से नहीं, बल्कि एक आम मजदूर से करवा कर समाज को जनसेवा और समानता का सशक्त संदेश दिया गया। झारखंड माटीकला बोर्ड के अविनाश देव ने बताया कि शहर में रोजाना सैकड़ों मजदूर, रिक्शा चालक और टेंपो चालक आते हैं, जिन्हें चिलचिलाती धूप में पीने के पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार उन्हें मजबूरी में बोतलबंद पानी खरीदना पड़ता है। ऐसी परिस्थिति में यह पनशाला उनके लिए राहत का माध्यम बनेगी। अविनाश देव ने कहा कि हमारी कोशिश है कि यह पनशाला पूरे वर्ष संचालित रहे और यहां नियमित रूप से पानी की आपूर्ति हो। जो भी लोग निगम क्षेत्र में पनशाला खोलना चाहते हैं, उन्हें हम नि:शुल्क घड़ा उपलब्ध कराएंगे। हमारा लक्ष्य है कि शहर के हर जरूरतमंद को पीने का साफ पानी मिले। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने इस जनहितकारी कदम की सराहना की और उम्मीद जताई कि नगर क्षेत्र में और भी पनशालाएं स्थापित की जाएंगी, जिससे आम जन विशेषकर श्रमिक वर्ग को राहत मिल सके।

## टैक्सी स्टैंड में पेयजल संकट, यात्रियों को बोतलबंद पानी खरीदने की विवशता




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के हृदयस्थल छह मुहान स्थित टैक्सी स्टैंड पर पेयजल सुविधा के अभाव से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के इस मौसम में न तो पीने का पानी उपलब्ध है और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था, जिससे यात्री और ऑटो चालक या तो बोतलबंद पानी खरीदने को मजबूर हैं या फिर आसपास के होटलों से पानी मांगने की स्थिति में हैं। इस टैक्सी स्टैंड से लहलहे, पोलपोल, पांकी, लेस्लीगंज सहित कई इलाकों के लिए रोजाना सैकड़ों ऑटो चलते हैं, जिनमें हजारों यात्री सफर करते हैं। यहां यात्रियों के लिए शेड की व्यवस्था तो है, लेकिन पेयजल के लिए चापाकल तक नहीं है। ऑटो चालक विकास पांडेय ने बताया कि स्टैंड बनने के तीन साल बीत जाने के बाद भी पानी की व्यवस्था नहीं हो पाई है। पूर्व में लगा नल भी रख-रखाव के अभाव में खराब पड़ा है। यात्री सुमन देवी ने बताया कि शौचालय की हालत भी खराब है, पाइप टूटा होने और पानी नहीं होने से निगम द्वारा निर्मित शौचालय अनुपयोगी हो गया है। पास का सुलभ शौचालय उपयोग योग्य तो है, लेकिन इसके लिए शुल्क चुकाना पड़ता है। लोगों ने निगम और जनप्रतिनिधियों से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है।

## अरुणाचल प्रदेश की टीम ने किया सुपोषित ग्राम चौकड़ी का निरीक्षण

- **आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं, पोषण ट्रैकर व टीकाकरण कार्यों की सराहना**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पोषण अभियान योजना के अंतर्गत अरुणाचल प्रदेश राज्य की एक टीम ने गुरुवार को पलामू जिले के सुपोषित ग्राम हैदनगर अंतर्गत पंचायत चौकड़ी का दौरा किया। इस दौरान टीम ने आंगनबाड़ी केंद्र चौकड़ी-03 एवं बहेरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में वृद्धि निगरानी, आधारभूत संरचना, खाद्य विविधता तथा स्वच्छता व्यवस्था का विस्तार से अवलोकन किया गया। टीम के सदस्यों ने डीएमएफटी मद से उपायुक्त स्तर पर उपलब्ध कराए गए प्री-स्कूल किट्स की सराहना की। साथ ही, एएनएम द्वारा केंद्र पर किए जा रहे टीकाकरण कार्यों का भी जायजा लिया गया। टीम द्वारा पोषण ट्रैकर में दर्ज लाभुकों के वजन और ऊंचाई की भी माप ली गई, जिसे पोषण ट्रैकर से मिलान किया गया और आंकड़े सही पाए गए। मौके पर मौजूद गर्भवती और धात्री महिलाओं से आरटीई (रेडी टू ईट) सामग्री के उपयोग और उपभोग से संबंधित जानकारी भी ली गई। आंगनबाड़ी केंद्र बहेरा में शीघ्र ही शौचालय एवं चापाकल अधिष्ठापन की आवश्यकता पर चर्चा हुई। इस संबंध में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने जानकारी दी कि उपायुक्त स्तर से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और एजेंसी का चयन भी कर लिया गया है।

निरीक्षण के दौरान राज्य स्तरीय टीम के पंचायती राज उप निदेशक अकोन गत लिगु, राज्य समन्वयक गौतम कुमार, स्थानीय मुखिया, और अन्य संबंधित पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## 11वीं की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**भवनाथपुर।** झारखण्ड अधिविद्य परिषद रांची द्वारा आयोजित राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय भवनाथपुर परीक्षा केन्द्र पर गुरुवार को 11वीं बोर्ड की परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त संपन्न हुई। प्रथम पाली में विज्ञान व वाणिज्य (जीवविज्ञान, गणित, अर्थशास्त्र) विषय और दूसरी पाली में इलेक्टिव लैंग्वेज (कला) की परीक्षा सम्पन्न हुई। प्रथम पाली में कुल 146 में 145 परीक्षार्थी (01 अनुपस्थित) और द्वितीय पाली में 774 में 757 (17 अनुपस्थित) परीक्षार्थी उपस्थित रहे। केंद्राधीक्षक सह प्राचार्य दिलीप कुमार उपाध्याय ने परीक्षा नियंत्रक कक्ष में उपस्थित शिक्षकों व अन्य कर्मियों के साथ परीक्षा कक्ष का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षार्थियों को परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार का अवांछित सामग्रियों में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स,मोबाइल नहीं लेकर आने का निर्देश दिया। अन्यथा किस भर स्थिति में परीक्षार्थियों को परीक्षा से निलंबित कर दिया जाएगा। मौके पर उप प्राचार्य सह उप केंद्राधीक्षक डॉ. आनन्द कुमार, व्याख्याता मोहम्मद मोकारिम, सुशील कुमार, उदित नारायण चौबे, सुनीता बाड़ा, मृत्युंजय कुमार राकेश कुमार चौबे,आदि उपस्थित थे।

## दैनिक मजदूरों के बीच विधिक सेवा प्राधिकार ने किया ओआरएस व जल वितरण

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में बुधवार को रेलवे स्टेशन और रेडमा तथा गुरुवार को सदीक मंजिल चौक पर दैनिक मजदूरों के बीच ओआरएस घोल और पानी की बोतलों का वितरण किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से अधिकार मित्र विनय प्रसाद, अमोद कुमार सिंह, प्रमोद रंजन दास गुप्ता एवं विकास कुमार तिवारी उपस्थित रहे।

## शहर में सीएनजी गैस की किल्लत, पंपों पर लंबी कतारें, ऑटो चालकों की बढ़ी परेशानी

**मेदिनीनगर।** शहर में बुधवार को सीएनजी गैस की आपूर्ति बाधित होने से पोखराहा सहित अन्य पंपों पर ऑटो चालकों की लंबी कतारें देखी गईं। गैस नहीं मिलने से न सिर्फ चालक बल्कि आम यात्रियों को भी भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। पलामू जिले में वर्तमान में सीएनजी की दर 88.50 रुपये प्रति किलोग्राम है, लेकिन आपूर्ति कम होने के कारण वाहन चालकों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, जिले में सीएनजी चालित ऑटो की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन सुविधा सिर्फ तीन पेट्रोल पंप—रेड़मा, पोखराहा और दुबियाखांड—तक सीमित है। गुरुवार को इनमें से दो पंपों पर सीएनजी उपलब्ध नहीं थी, जिससे हालात और बिगड़ गए। चालकों का कहना है कि महंगाई, किस्त का दबाव और गैस की कमी ने रोजी-रोटी पर संकट खड़ा कर दिया है।

## अदबी संसार का 44वां तरही नातिया मुशायरा संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** अदबी संसार की ओर से 44वां तरही नातिया मुशायरा 'एक शाम अलाउद्दीन शाह चिराग के नाम' बुधवार रात राहत नगर स्थित हाजी मोहम्मद हिसामुद्दीन के आवास पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अलाउद्दीन शाह चिराग ने की, संचालन हाजी शमीम रजवी ने तथा स्वागत संस्थापक एम.जे. अजहर ने किया। मुशायरे की शुरूआत तिलावत-ए-कुरआन से हुई। मौके पर अलाउद्दीन शाह चिराग, मंसूर आलम रजवी और हाजी हिसामुद्दीन को अंग वस्त्र व फूलों का हार पहनाकर सम्मानित किया गया। कवि-शायरों ने हजरत मोहम्मद स.अ.व. की शान में एक से एक नात पेश की। अलाउद्दीन शाह चिराग ने पढ़ा, 'खाक-ए-तैबा अगर जो मिल जाए, सुरमा आंखों का मैं बनाता हूं।' महताब आलम जियाई, शमीम रजवी, नसीम रियाजी, यूनुस रजवी, मो. इस्तेखार, फारूक अहमद, अरशद जमाल, मेराज आलम शम्सी और सुब्हानी मुज्तर ने भी प्रभावशाली कलाम पेश किए।

## 'गोदान' (काव्य रूपांतरण) का लोकार्पण कल रांची में

मेदिनीनगर। प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली के तत्वावधान में हिन्दी साहित्य भारती, झारखंड के प्रांतीय महामंत्री राकेश कुमार द्वारा रचित गोदान (काव्य रूपांतरण) पुस्तक का लोकार्पण 24 मई 2025 को अपराह्न 3 बजे रांची रेलवे स्टेशन रोड स्थित प्रभात प्रकाशन के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। लोकार्पण पद्मश्री बलबीर दत्त करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में साहित्यकार डॉ. अशोक प्रियदर्शी, डॉ. मयंक मुरारी, डॉ. राकेश कुमार सिंह और डॉ. अरुण सज्जन मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन रांची विश्वविद्यालय के शोधार्थी विद्यावैभव भारद्वाज करेंगे।

# शैक्षणिक समस्याओं को लेकर एबीवीपी ने जीएलए कॉलेज प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

- **साफ-सफाई, पुस्तकालय और नियमित कक्षाओं की मांग, 15 दिनों में कार्रवाई की चेतावनी**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की इकाई ने गुरुवार को गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय (जीएलए कॉलेज) के प्राचार्य से मुलाकात कर कॉलेज अध्यक्ष किसलय दुबे के नेतृत्व में शैक्षणिक समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। परिषद ने कॉलेज में व्याप्त अव्यवस्थाओं को शीघ्र दूर करने की मांग की और 15 दिनों के भीतर समाधान नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से महाविद्यालय परिसर की नियमित साफ-सफाई, पुस्तकालय में हिंदी एवं अंग्रेजी अखबारों की व्यवस्था, नवीन पाठ्यक्रमानुसार पुस्तकों की उपलब्धता, कक्षाओं में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मरम्मत, सभी विभागों की कक्षाओं का नियमित संचालन और शिक्षकों की कमी दूर करने जैसी माँगें शामिल हैं। साथ ही सभी विभागों को तय समय पर खोलने और बंद करने की अनुशासनिक व्यवस्था लागू करने पर भी जोर दिया गया। एबीवीपी ने स्पष्ट किया कि यदि मांगों पर 15 दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं होती है तो संगठन छात्रहित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। मौके पर नगर सह मंत्री कौशल मिश्रा, कॉलेज मंत्री चितेश पांडेय, सह मंत्री हर्ष राज पांडेय, आकाश वर्मा समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गोलीकांड का आरोपी ने सीजीएम कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** बीते वर्ष नवंबर में हुए गोलीकांड के वांछित आरोपी अनु विश्वकर्मा ने गुरुवार को सीजीएम कोर्ट में अधिवक्ता राकेश प्रताप देव की मौजूदगी में आत्मसमर्पण कर दिया। शहर थाना क्षेत्र के बायपास रोड निवासी अनु पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह पिछले कई महीनों से फरार चल रहा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अनु विश्वकर्मा पर थाना कांड संख्या 395/2024 के तहत मामला दर्ज है। आरोप है कि उसने नवंबर 2024 में देर रात शराब के नशे में राकेश मालाकार नामक युवक को गोली मार दी थी। घटना के बाद से ही वह भूमिगत था। आत्मसमर्पण से पूर्व शहर थाना पुलिस ने कुछ दिन पूर्व उसके घर पर इश्तेहार चिपकाया था और एक माह के भीतर कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश दिया था। अनुपस्थित रहने की स्थिति में उसके खिलाफ कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जानी थी। पुलिस के अनुसार, अनु विश्वकर्मा का संबंध कुख्यात डब्लू सिंह गिरोह से भी रहा है। उस पर कुणाल सिंह हत्याकांड में भी शामिल होने का आरोप है।

# कचरवा डैम जीर्णोद्धार का कार्य दस माह में केवल 30% पूरा

- **बारिश में रुकावट की आशंका**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के कचरवा डैम के जीर्णोद्धार कार्य में दस माह बीतने के बाद भी मात्र 30 प्रतिशत कार्य ही पूरा हो पाया है। जुलाई 2024 में पलामू सांसद वीडी राम और विधायक आलोक चौरसिया ने इस परियोजना का शिलान्यास किया था। अमृत 2.0 योजना के तहत करीब 9.75 करोड़ रुपये की लागत से डैम का नवीनीकरण किया जा रहा है। नगर निगम सूत्रों के अनुसार, परियोजना को 18 महीनों में पूरा किया जाना है, परंतु आधा समय बीतने के बावजूद कार्य की रफ्तार संतोषजनक नहीं है। शिलान्यास के बाद भारी वर्षा से डैम का जलस्तर बढ़ने के कारण संवेदक ने कार्य शुरू करने में विलंब किया।

बाद में नगर निगम ने फाटक खोलकर पानी बहाया, तब जाकर कार्य आरंभ हो सका। वर्तमान में केवल आधे हिस्से की मिट्टी की खुदाई हो सकी है।

करीब 62 एकड़ क्षेत्र में फैले इस डैम का न सिर्फ जीर्णोद्धार किया जा रहा है, बल्कि इसके सौंदर्यीकरण की भी योजना है। इसे भविष्य में वाटर स्पोर्ट्स पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसमें बिजली, पानी, चारदीवारी, पाथवे और पार्क की सुविधा शामिल होगी। नगर आयुक्त ने कार्य में देरी पर जताया असंतोष गुरुवार को नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने कचरवा डैम सहित अन्य योजनाओं का निरीक्षण किया। डैम के कार्य में हो रही देरी पर असंतोष जताते हुए उन्होंने संवेदक को समय पर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बरसात से पहले कार्य पूर्ण करना जरूरी है ताकि निर्माण बाधित न हो। निरीक्षण के दौरान सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो, सहायक अभियंता देवेश कुमार समेत अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की जबकि संचालन संजय कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तस्वीर पर फूल माला चढ़कर की गई। मोर्चा के अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस 21 मई 1991 से मनाया जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद से ही राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है।

# जल निकासी की व्यवस्था को लेकर परशुराम ओझा ने रेल मंत्री से की नाला निर्माण की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम ओझा ने केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखकर पलामू जिले के वार्ड संख्या 10 में जल निकासी की गंभीर समस्या को लेकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि धनबाद रेलवे डिवीजन द्वारा तीसरी रेलवे लाइन बिछाई गई है, जिसके कारण पहले बरसात का पानी पुल संख्या 266 और 267 से सहजता से निकल जाता था, लेकिन अब पानी के निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है।उन्होंने कहा कि रेलवे लाइन तक बरसाती पानी पहुंच रहा है और नागरिकों के घरों में पानी भर जा रहा है। यह पानी लगभग दो किलोमीटर की दूरी से बहकर आता है। आगामी मानसून को देखते हुए स्थिति और भी भयावह हो सकती है। परशुराम ओझा ने बताया कि पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम द्वारा भी इस विषय में धनबाद रेल मंडल को पत्र लिखकर अवगत कराया गया था, जिसके बाद अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण कर नाला निर्माण की जल्द व्यवस्था का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्य शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने रेल मंत्री से जनहित में तत्काल धनबाद रेलवे डिवीजन को निर्देश देने की मांग की है ताकि जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जा सके।

# संत मरियम स्कूल में कराटे खिलाड़ियों का सम्मान

- **मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स व ब्लैक बेल्ट सेमिनार में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को मिला प्रशस्ति-पत्र**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल, कजरी में आयोजित प्रार्थना सभा के दौरान मिक्स्ड मार्शल-आर्ट्स एडवांस प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने प्रतिभाशाली कराटे खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। सम्मानित किए गए विद्यार्थियों में कृतिका कुमारी, ब्यूटी कुमारी, डिप्टी कुमारी, मनी सिंह, शिवानी कुमारी, अर्पणा कुमारी, ज्योति कुमारी, शैलेश कुमार सिंह, हर्षित कुमार, आयुष मेहता, सूर्यनाथ यादव, साक्षी कुमारी, नामेश्वरी कुमारी, दिव्या वर्मा, अमृता कुमारी, हिमांशु कुमार, साक्षी मेहता, चंचल कुमार, करण कुमार, आनंद कुमार, प्रियांशु सोनी, श्याम सुंदरम और सिद्धार्थ कुमार समेत कई विद्यार्थी शामिल थे। इस अवसर पर मुंबई में आयोजित ब्लैक बेल्ट ग्रेडिंग सेमिनार में बेहतर प्रदर्शन करने पर महिला कराटे प्रशिक्षक गोल्डी कुमारी (ब्लैक बेल्ट प्रथम डन) को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन अविनाश देव ने कहा, बदलते समय में आत्मरक्षा के लिए कराटे प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है। यह केवल शरीर को ही नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी व्यक्ति को सशक्त बनाता है। यह प्रशिक्षण कई बीमारियों से बचाव में भी सहायक होता है। हमारे विद्यालय की बेटियां जिस प्रकार राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं, वह अत्यंत गौरव की बात है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं तथा मुख्य कराटे प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार भी उपस्थित रहे।

## पुलिस निरीक्षक ने किया थाना का निरीक्षण, दिए निर्देश

**कांडी।** पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने गुरुवार को कांडी थाना का निरीक्षण निरीक्षण किया। इस दौरान नए चौकीदार को उनके कार्यों से अवगत हुए। साथ ही थाना के सभी पंजी का निरीक्षण कर अद्यतन करने का निर्देश दिया। सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि 2021 के पूर्व के अनुसंधान हेतु लंबित कण्डों की समीक्षा कर इस माह डिस्पोजल करने का निर्देश दिया। साथ ही थाना का साफ-सफाई,आम जनता से अच्छा व्यवहार करने का निर्देश दिया गया। विशेष कर महिला से संबंधित समस्याओं को तुरंत निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। एमभी एक्ट, वाहन जांच के तहत जांच के क्रम में वैसे व्यक्ति जो क्राइम करते हैं, उनके विरुद्ध करवाई करने व आम जनता को परेशानी नहीं हो इसे ध्यान में रखकर वाहन जांच करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही उपस्थित सभी पदाधिकारी, पुलिस व चौकीदारों को फिटनेस के बारे में समझाया गया। इस दौरान थाना प्रभारी अविनाश राज, एसआई विद्यासागर प्रसाद, रौशन कुमार राम, अरविंद कुमार सिंह, रवि शंकर मिश्रा, जूली टुडू, एएसआई आशीर्वाद महतो, विनय मांझी, अंचल रीडर सुशील कुमार, मुंशी निरंजन कुमार सहित थाना के अन्य पदाधिकारी, पुलिसकर्मी व चौकीदार मौजूद थे।

# फर्जी जांच रिपोर्ट बनाने के आरोप में एसडीएम ने पैथोलॉजी सेंटर किया सील

### सदर अस्पताल के एक चिकित्सक की भूमिका संदिग्ध, जांच के बाद होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने गुरुवार को सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, गढ़वा बीडीओ कुमार नरेंद्र, सीओ सफी आलम, गढ़वा थाने के पुलिस बल की मौजूदगी में संयुक्त जांच करते हुए चिनिया मोड़ काली मंदिर के पास स्थित साईं पैथो लैब को एहतियातन मौके पर सील कर दिया। मामले की अपने स्तर से नियमानुसार जांच करने और दोषी पाये जाने वालों पर प्राथमिकी दर्ज कराने व अन्य अग्रेतर विधिक कार्रवाई सिविल सर्जन गढ़वा द्वारा की जायेगी। दरअसल मंडल कारा में पोक्सो के तहत निरुद्ध एक विचाराधीन कैदी की लिवर जांच इस पैथोलॉजी केंद्र द्वारा की गई थी, जिसमें रिपोर्ट संदिग्ध दिखने के बाद डॉक्टर लाल पैथ लैब से दोबारा जांच कराई गई। इस दूसरी रिपोर्ट में सभी रिपोर्ट नॉर्मल आई। साईं पैथोलॉजी के टेक्नीशियन व संचालक का पक्ष जानने के लिए अधिकारी इस जांच केंद्र पहुंचे थे। जांच के लिए पहुंचने पर वहां जांचों का कोई डिजिटल



रिकॉर्ड नहीं मिला। मैनुअल रजिस्टर में भी उक्त कैदी की विवरणी में काट छांट और ओवरराइटिंग पाई गई। संचालक नित्यानंद त्रिपाठी, टेक्नीशियन खुशबुल्ला अंसारी ने तुरंत ही स्वीकार कर लिया कि उस व्यक्ति की जांच पहले नॉर्मल ही थी, किंतु सदर अस्पताल के एक चिकित्सक के दबाव में आकर उन्होंने रिपोर्ट में छेड़छाड़ की। साथ ही रजिस्टर में काट छांट कर नई रिपोर्ट दे दी। इस जांच के दौरान एसडीएम गढ़वा संजय कुमार के साथ सिविल सर्जन गढ़वा व अन्य पदाधिकारी भी साथ थे। मौके पर सिविल सर्जन ने मामले को अत्यंत गंभीर बताते हुए संलिप्त लोगों की जांच कर कड़ी कार्रवाई की वकालत की। फलस्वरुप एहतियात के तौर पर अनुमंडल दंडाधिकारी संजय कुमार के निर्देश पर इस जांच केंद्र को सील कर दिया गया। संजय कुमार ने बताया कि इस संबंध में सिविल सर्जन गढ़वा के स्तर से अग्रेत्तर जांच करते हुए संबंधित चिकित्सक व जांच केंद्र पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मामले की विषय वस्तु से जिले के वरीय पदाधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है। पैथोलॉजी केंद्र में अन्य विसंगतिया भी सामने आई हैं, जैसे जांच करने वाले तकनीशियन का फिलहाल 12वीं पास होना, जांचकर्ता द्वारा फर्जी हस्ताक्षर करना, कोई रिकॉर्ड नहीं रखना, जांच को बदल देना तथा ज्यादातर एक ही डॉक्टर द्वारा रेफर किए गए रोगियों की जांच करना जैसे गंभीर तथ्य सामने आये हैं। एसडीएम ने शहर के अन्य जांच केंद्र संचालकों को भी चेतावनी दी है कि वे विहित प्रावधानों के अनुसार ही अपने यहां जांच कर्मी एवं विशेषज्ञ रखें। सभी जांच केंद्र अपना रिकॉर्ड मेंटेन करें तथा कोई भी ऐसा काम नहीं करें जो मरीजों के हित में न हो। उन्होंने कहा कि इन जांच केंद्रों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर ही लोग अपना इलाज कराते हैं। जब जांच केंद्र ही छोटे लालच में आकर रिपोर्ट को बदल देंगे तब लोगों की चिकित्सा बुरी तरह प्रभावित होगी। इसलिए ऐसा कृत्य करने वालों को कठोर दंड मिलना तय है।

## रमकंडा में 'आओ चले शिव की ओर' कार्यक्रम में 100 से अधिक लोगों ने शिव को गुरु रूप में अपनाया

**गढ़वा।** जिले के रमकंडा प्रखंड के हरहे पंचायत के कुट्टी गांव में गुरुवार को 'आओ चले शिव की ओर' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान साहब दीदी की 53वीं शादी की सालगिरह के अवसर पर 100 से अधिक लोगों ने भगवान शिव को गुरु मानने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में गढ़वा, बलरामपुर, भंडरिया, गोदरमाना सहित कई क्षेत्रों से श्रद्धालु भाई-बहन शामिल थे। मौके पर शिवगुरु चर्चा में गुरुभाई मनोज यादव ने कहा कि शिव चर्चा से समाज में प्रेम, एकता और अंधविश्वास से मुक्ति मिलती है। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने समाज में शांति और सद्भाव फैलाने का संकल्प लिया। रमकंडा में 'आओ चले शिव की ओर' कार्यक्रम, 100 से अधिक लोगों ने शिव को गुरु रूप में अपनाया।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा।**
**(विकास शाखा)**

**ईच्छा की अभिव्यक्ति निविदा से पूर्व Pre-Bid परिचर्या हेतु आमंत्रण सूचना**

संसद स्थानीय क्षेत्रा विकास योजना अन्तर्गत सांसद मद से महाविद्यालय, बरही हेतु 02 (दो) बस (35+A+D) क्य किया जाना है। बस कंपनी के उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत से ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रण निविदा से पूर्व इच्छुक प्रस्तावकों को दिनांक 27.05.2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे जिला परिषद के सभागार लोहरदगा में निर्धारित Pre-Bid परिचर्या में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जाता है।

उक्त Pre-Bid बैठक में इच्छुक प्रस्तावकों से बस क्य से संबंधित प्ररिचर्चा तथ प्रस्तावकों द्वारा तकनीकी कार्य योजना आदि के संदर्भ में Power Point Presentation प्रस्तुतीकरण या सुझाव के आधार पर बेहतर तकनीक, का निर्धारण करते हुए जिला स्तरीय क्य एवं मूल्यांकन समिति द्वारा बस क्य हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है।

उपायुक्त,
लोहरदगा।

PR.NO.353244 Lohardaga(25-26):D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
**(नोटिस)**

नाम–(1) प्राथमिकी अभियुक्त राजकुमार रजवार, पे0–तिलकधारी रजवार, सा0–जतरो, थाना–काण्डी, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप कांडी थाना कांड सं0– 74/2019 दिनांक– 06.08.2019 धारा–323, 385, 379, 506, 498ए, 34, भा0द0वि0 एवं 3/4 दहेज अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय, श्री राजेन्द्र प्रसाद न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–18.05.2025 को माननीय न्यायालय गढ़वा से निर्गत इश्तिहार का विधिवत तामिला आपके पता– सा0–जतरो के घर पर एवं घर से बाहर गॉव के चौक–चौराहा स्थित देवी धाम के चबूतरा के पास किया गया है। परन्तु आप अपने घर से फिरार है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय, श्री राजेन्द्र प्रसाद न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, गढ़वा, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आप अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक
गढ़वा

PR 353168 Police (25-26)_D


## पैसा लेकर अबुआ आवास नहीं बनाने वालो को अंतिम चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**विशुनपुरा।** बीडीओ राजेश कुमार ने 23 अबुआ आवास के लाभुकों को दो नोटिस देने के बावजूद अंतिम चेतावनी दी है। कहा कि अगर दो दिन के अंदर कार्य प्रारंभ नही करते हैं तो उनके ऊपर सन्हा दर्ज कराया जाएगा। वह गुरुवार को पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष पूर्व अबुआ आवास योजना के तहत आवास निर्माण के लिए पहली किस्त की राशि 30 हजार रुपये ले

**260 लाभुकों में 23 ने आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं किया**



चुके हैं। लेकिन अब तक आवास निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया हैं। जिन लोगों ने अमहर खास पंचायत में मनोरम देवी, विशुनपुरा पंचायत में कांति कुंवर, संगीता देवी, इंद्रा देवी, सुमन कुमारी, शशि देवी, पिंटू कुमार पतिहारी में सोहावन देवी, सोमा देवी, रीता देवी, सिमा देवी, कुसमी देवी, पिपरी कला में बसंती देवी, पुष्पा देवी, बसंती देवी, रामपति देवी, फुवंती देवी, सरांग में ललती देवी, शीलवंती देवी, सुनीता देवी, लीलावती कुंअर, रंगीला कुमारी, सुशीला देवी का नाम शामिल है। उन्होंने कहा कि विशुनपुरा प्रखंड क्षेत्र में सत्र 2023-2024 में 260 अबुआ आवास की स्वीकृत दी गई थी। सभी को प्रथम किस्त की राशि 30-30 हजार रुपए दी गयी थी, जिनमें 23 ऐसे लाभुक हैं, जो आवास की प्रथम किस्त की राशि लेने के बावजूद आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किए हैं। यह सरकारी राशि का गबन का मामला है।

## आवास ढ़लाई नहीं करने पर बीडीओ ने लाभुकों को लगाई फटकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के परती कुशवानी पंचायत में वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत अबुआ आवास के आधा दर्जन लाभुकों द्वारा पैसा मिलने के बाद भी आवास की छत ढ़लाई नहीं करने पर बीडीओ प्रशांत कुमार ने नाराजगी जतायी। बीडीओ गुरुवार दोपहर परती कुशवानी पंचायत में जाकर डोर-टू-डोर लाभुकों से मुलाकात कर उनके द्वारा आवास ढ़लाई नहीं किए जाने पर फटकार लगाई। बीडीओ ने कहा कि अबुआ आवास योजना को हर हाल में समय सीमा के अंदर पूर्ण करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ ने लाभुक गोविंद प्रजापति, जमती देवी, गिरिवर विश्वकर्मा, बासमती देवी, रानी देवी और नरेश उरांव के द्वारा आवास पूर्ण नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अविलंब पूर्ण करने का आदेश दिया। अन्यथा राशि रिकवरी करते हुए कारवाई करने की चेतावनी दी। इस मौके पर समन्वयक राकेश कुमार, रोजगार सेवक सुधांशु यादव, पंचायत सचिव राम सुरेश राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची**

पत्रांकः–702 दिनांक–21.05.2025

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नगरऊँटारी(गढ़वा)/प्रतापपुर(चतरा)/हंटरगंज(चतरा)/देवीपुर (देवघर)/राजमहल(साहेबगंज) में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 मे नामंकन से सबंधित सूचना।**

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के अन्तर्गत SCVT से मान्यता प्राप्त सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नगरऊँटारी(गढ़वा)/प्रतापपुर(चतरा)/हंटरगंज(चतरा)/देवीपुर (देवघर)/राजमहल(साहेबगंज) में शैक्षणिक सत्र–2025–26–27 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों, जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं, और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाइन (https://iti.jharkhand.gov.in) ➔ (Admission tab)में आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

उपरोक्त 05 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में निम्न व्यवसायों में नामांकन हेतु आवेदन किया जा सकता है:–

| क्र0. सं0 | व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षण अवधि | रिक्त सीटों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Electrician | 02 वर्षीय | 40 | मैट्रिक पास |
| 2. | Fitter | 02 वर्षीय | 40 | मैट्रिक पास |
| 3. | Mechanic Diesel | 01 वर्षीय | 48 | मैट्रिक पास |
| 4. | Welder | 01 वर्षीय | 40 | आठवाँ पास |

01. आवेदन भरने की तिथिः–

| क्र0. सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20.05.2025 |
| 02 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 13.06.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक |
| 03 | औपबंधिक मेधा सूचियों (दसवीं कक्षा) | 16.06.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक |
| 04 | औपबंधिक मेधा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि एवं अन्य प्रविष्टयों में त्रुटि सुधार की अवधि | 17.06.2025 से 19.06.2025 |
| 05 | अंतिम मेधा सूचियों (दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 21.06.2025 |

उक्त सूचना को Jharkhand के ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Download Section / Notification Tab में देखा/Download किया जा सकता है।

नोटः–1. ऑनलाईन आवेदन करने से संबंधी किसी भी प्रकार की सहायता के लिए मो0 न0–8252575749/ 9308058506/7717775369 पर संपर्क किया जा सकता है।

प्रस्ताव पर निदेशक का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/–
उप निदेशक प्रशिक्षण(मु0)
निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण,झारखण्ड, राँची

PR 353190 Labour Employment and Traning(25-26).D


## हज के लिए जायरीनों जत्था हुआ रवाना

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के चेचरिया निवासी हाजी अजमेरुल्लाह खान एवं उनकी पत्नी तब्बसुम निशा मक्का मदिना के लिये रवाना हुए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने जायरीनों को फूल माला पहनाकर और गले मिलकर उन्हें रवाना किया। विशुनपुर स्थित गौसिया मस्जिद से गाजे बाजे के साथ जुलूस निकला, जो जामिया इस्लामिया जब्बरिया मदरसा मुख्य पथ से होते हुए हेन्हों मोड़ तक गया। इसके बाद जायरीन निजी वाहन से कलकता के लिये रवाना हो गये। 25 मई को वह कलकता से हवाई जहाज से मक्का मदीना के लिये रवाना होंगे। उपस्थित लोगों ने कहा कि हज साल में एक बार जाया जाता है।

## फाइनेंस कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर को 1.40 लाख भुगतान का आदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने एक मामले में फैसला सुनाते हुए फाइनेंस कंपनी वेलफेयर बिल्डिंग एंड स्टेट प्राइवेट लिमिटेड विशाखापत्तनम के मैनेजिंग डायरेक्टर विजय प्रसाद माला को 1.40 लाख रुपये का भुगतान 45 दिनों के अंदर करने का निर्देश दिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि भुगतान नहीं करने या किसी तरह की त्रुटि होने पर 10 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से भुक्तभोगी को देना होगा। यह फैसला आयोग के अध्यक्ष ओम प्रकाश पांडेय और सदस्य एकबाला कुमारी ने संयुक्त रूप से सुनाया है। मामले में भवनाथपुर थाना क्षेत्र के मेरौनी गांव निवासी सतीश चंद्रवंशी की पत्नी सुषमा देवी ने आयोग में शिकायत दर्ज करायी थी।आरोप लगाया था कि उसने 29 अगस्त 2017 को पांच साल के लिए 45 हजार रुपये फिक्स किया था। परिपक्वता अवधि पूरा होने के बाद परिवादिनी को 90 हजार रुपये भुगतान करना था। 28 अगस्त 2022 को परिपक्वता अवधि पूरा होने पर वह शाखा कार्यालय कांडी में पॉलिसी बांड 16 मार्च 2023 को जमा कर भुगतान का आग्रह किया। भुगतान के लिए वह लगातार कार्यालय का चक्कर लगाती रही, लेकिन उसे परिपक्वता राशि नहीं दी गई। राशि भुगतान नहीं होने पर उसे शारीरिक, मानसिक और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। थक कर मामले में पीड़िता ने आयोग में शिकायत की। शिकायत के आलोक में आयोग की ओर से कंपनी को नोटिस दिया गया। नोटिस तामिला के बाद भी कंपनी की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ। उसके बाद मामले में आयोग ने एकतरफा फैसला सुनाया। पीड़िता की ओर से अधिवक्ता शंभूनाथ दुबे ने पैरवी की।

## समाज कल्याण पदाधिकारी समेत आठ सीडीपीओ का पद रिक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** समाज कल्याण विभाग में पदाधिकारियों से लेकर कर्मियों तक की कमी से विभागीय कार्यों पर प्रतिदिन प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत जिले में कुल 1330 आंगनबाड़ी केंद्र हैं। विभाग में पदाधिकारियों की कमी का आलम यह है कि जिला समाज कल्याण पदाधिकारी का पद प्रभार में चल रहा है। वर्तमान में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी का प्रभार रंका परियोजना ककी सीडीपीओ अल्पना कुमारी को दिया गया है। उससे पहले रंका अनुमंडल के भूमि सुधार उपसमाहर्ता प्रमेश कुशवाहा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के प्रभार में थे। विभागीय आंकड़ों के अनुसार जिले में कुल नौ परियोजना हैं। उनमें सिर्फ रंका परियोजना में ही बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कार्यरत हैं। शेष परियोजना गढ़वा, मेराल, नगर ऊंटारी, भवनाथपुर, मझिआंव, कांडी, धुरकी, भंडरिया में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का प्रभार संबंधित प्रखंड,अंचल के बीडीओ व सीओ को दिया गया है।

**▶ महिला पर्यवेक्षिकाओं के 50 स्वीकृत पद के विरुद्ध 22 कार्यरत**

उसी तरह जिला अंतर्गत महिला पर्वेक्षिकाओं का कुल 50 पद स्वीकृत है। उसके विरूद्ध मात्र 22 महिला पर्यवेक्षिका ही कार्यरत हैं। 28 महिला पर्यवेक्षिका का पद रिक्त है। सीडीपीओ और महिला पर्यवेक्षिकाओं का पद रिक्त होने के कारण विभागीय कार्यों के साथ-साथ आंगनबाड़ी केंद्रों का मॉनिटरिंग नहीं हो पा रहा है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार जिले में 11 सेविका और 13 सहायिका का भी पद विभिन्न कारणों से रिक्त हैं। वर्तमान में जिलांतर्गत सभी नौ परियोजनाओं को मिलाकर कुल 6404 धातृ और 7883 गर्भवती महिलाएं है। छह से तीन वर्ष तक के बच्चों की कुल संख्या 55 हजार 887 है। उसी तरह छह माह से छह वर्ष तक के अति कुपोषित बच्चों की कुल संख्या 130 है। भंडरिया परियोजना में धातृ महिलाएं 280, गर्भवती महिलाएं 347, छह माह से तीन वर्ष तक के बच्चों की कुल संख्या 2944 और अति कुपोषित कुल 12 बच्चे हैं। उसी तरह रंका में 904 धातृ, 1254 गर्भवती, छह माह से तीन वर्ष तक के बच्चे 7718 हैं। वहां अतिकुपोषित बच्चे नहीं हैं। धुरकी में 575 धातृ, 566 गर्भवती, कुल बच्चे 5176 और अतिकुपोषित 82 बच्चे हैं। मेराल में धातृ 1032, गर्भवती 1230 और कुल बच्चे 9378, मझिआंव में 493 धातृ, 678 गर्भवती, 4349 कुल बच्चे और अतिकुपोषित दो बच्चे हैं। नगर ऊंटारी में 904 धातृ, 1077 गर्भवती 8382 कुल बच्चे, भवनाथपुर में धातृ 747, गर्भवती 1089, कुल बच्चे 7270 और अतिकुपोषित कुल 32 बच्चे हैं। उसी तरह गढ़वा में धातृ 1119, गर्भवती 1245 व कुल बच्चे 7740 और कांडी में धातृ महिलाएं 350, गर्भवती महिलाएं 397 और 2930 छह माह से तीन साल तक के कुल नामांकित बच्चों की संख्या है। कर्मियों और पदाधिकारियों की कमी के कारण योजनाओं के क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

## मंडल डैम डूब क्षेत्र के ग्रामीणों ने विश्रामपुर में बसाये जाने का विरोध किया

**रंका।** प्रखंड के विश्रामपुर पंचायत में कुटकू डैम के ग्रामीणों ने प्रशासन द्वारा मंडल डैम डूब क्षेत्र के लोगों को विश्रामपुर पंचायत में बसाए जाने की खबर सुन ग्रामीण एकजुट होकर गुरूवार को बैठक कर एक स्वर में कहा किसी भी परिस्थिति में हम अपने पूर्वज का जल जंगल जमीन उजड़ने नहीं देंगे। इसे लेकर अगर आंदोलन भी करना होगा तो हम लोग करेंगे। उन्होंने बताया कि विभाग के जितने लोग इसमें सम्मिलित हैं उन सभी लोगों से बिश्रामपुर पंचायत के ग्रामीण आग्रह कर रहे हैं कि जल जंगल जमीन को नहीं उजाड़े। पूर्वजों के धरोहर को बने रहने दे। उन्हें विश्रामपुर पंचायत में नहीं बसाना है। अगर प्रशासन को उन्हें बसना ही है तो कहीं अच्छे स्थानों पर बसाया जाए। इस संबंध में रंका अनुमंडल पदाधिकारी रुद्र प्रताप से फोन पर पूछे जाने से उन्होंने कहा कि इस संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं है कि ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। जानकारी प्राप्त होने पर ही कुछ कहा जा कसता है।

### भाजपा ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा निकाला

# भारतीय सेना पर हम सबको गर्व है : उदय कुशवाहा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेना के सम्मान में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड परिसर स्थित से बस स्टैंड तक किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व दक्षिणी मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल, उत्तरी मंडल अध्यक्ष रुपु महतो ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम, वीर शहीद जवान अमर रहें आदि नारों से मेराल गूंज उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम प्रभारी विनय चौबे ने कहा कि देश के जवानों ने भारत पाकिस्तान युद्ध में पाक को धुल चटाने का काम किया है। कश्मीर के पहलगाम में पर्यटक पर हुए हमले का बदला देश के



सैनिकों ने ऐसा लिया कि सदियों तक पाकिस्तान याद रखेगा। भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष उदय कुशवाहा ने कहा कि देश के सेना पर हम सबको गर्व है। भारत की सैन्य प्रणाली दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की ताकत को पूरी दुनिया ने देखा। ऑपरेशन सिंदूर जारी है। ऑपरेशन सिंदूर का समापन का रिजल्ट ऐतिहासिक होगा। हम सबको देश की सेना पर भरोसा है। दक्षिणी मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल उत्तरी मंडल अध्यक्ष रुपु महतो ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान को सबक सिखाने का काम किया है ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान को टुकड़े-टुकड़े कर के छोड़ेगा। सेना का शौर्य पराक्रम ने विश्व में भारत का मस्तक ऊंचा किया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता हरेंद्र दुबे, ब्रजेश उपाध्याय, रोहित कुमार, कंचन पाण्डेय, महेंद्र सिंह, कृष्णा कुशवाहा, इंदेश पाण्डेय, अमित शाह, अशोक केशरी, राजेश यादव, विकास दुबे, धनंजय शर्मा, सिकंदर पासवान, बिरेंद्र चौधरी, विजय गुप्ता, शिवनारायण चौधरी, भोला पासवान, रविन्द्र प्रसाद, उपाध्याय यादव, राधेश्याम यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बीडीओ ने किया मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का भूमि पूजन

**रंका।** बदलाव फाउंडेशन नई दिशा के तहत सोनदाग पंचायत के भलुआनी में स्वास्थ्य शिविर के साथ मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का भूमि पूजन गुरुवार को किया गया। सोनदाग पंचायत के गोटा टोला भलुआनी व उत्क्रमित मध्य विद्यालय भलुआनी में स्वास्थ्य शिविर बदलाव फाउंडेशन नई दिशा के तहत आयोजन की गई। शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला टोपनो ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहां स्वास्थ्य शिविर में काफी संख्या में महिला व पुरुषों ने अपना इलाज कराया। गोटा टोला भलुआनी में मॉडल आंगनवाड़ी का भी भूमि पूजन की गई। इस संबंध में इस संस्था के अजीत जॉन विक सेंट्रल मैनेजमेंट ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य लोगों को सेवा करना है। इसे लेकर इस बदलाव फाउंडेशन को चुना है। इसके जरिए यहां के लोगों को रोजगार से जोड़ा जाएगा। मौके पर सोनदाग पंचायत मुखिया रीमा देवी, सचिव सोनी कुमारी,मनोज कुमार, विद्यालय के शिक्षक अरविंद ठाकुर, रामचंद्र उरांव, बदलाव फाउंडेशन के सभी पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।


**प्रपत्र VI 'क'**
**समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा)**
**या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)**

अधिसूचना संख्या 581/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 17.05.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम–गाड़ाकला**, थाना नं0–256, थाना–काण्डी, अंचल–काण्डी, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **खरसोता मोड़ से कसनप पथ के चैनेज 17.800 के कि0मी0 में बजरीनाला पर उच्चस्तरीय सेतु निर्माण कार्य के पहुँच पथ** का कार्य अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि **ग्राम–गाड़ाकला**, थाना नं0–256, थाना–काण्डी, अंचल–काण्डी, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश– **0.051** एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्त्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 27 | 1328 | रैयती | टाँड 2 | 0.015 | सीताराम दुबे वो कमलेश्वर दुबे, पिता–शिवगोविन्द दुबे | रास्ता | सीताराम दुबे वगै0 | नदी | सीताराम दुबे वगै0 |
| 2 | 163 | 1273 | रैयती | टाँड 2 | 0.004 | सुजित मेहता वगै0, पिता–कपीलदेव मेहता | रास्ता | सुजित मेहता वगै0 | सुजित मेहता वगै0 | सुजित मेहता वगै0 |
| 3 | 170 | 486 | रैयती | टाँड 2 | 0.002 | मलुकी महतो वो केश्वर महतो, पिता–तिलक महतो | मलुकी महतो वगै0 | रास्ता | मलुकी महतो वगै0 | मलुकी महतो वगै0 |
| 4 | 179 | 1326 | रैयती | टाँड 2 | 0.008 | मालती देवी, पति–रामश्रय पाण्डेय | रास्ता | मालती देवी | अरूण दुबे | रास्ता |
| 5 | 246 | 475 | रैयती | टाँड 2 | 0.019 | रामकवल दुबे वगै0 | रामकवल दुबे | रास्ता | सीताराम चौधरी | रास्ता |
| 6 | 246 | 474 | रैयती | टाँड 2 | 0.003 | सीताराम चौधरी, पिता–हरिहर चौधरी | सीताराम चौधरी | रास्ता | रास्ता | रामकवल दुबे |
| कुल :– | | | | | 0.051 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन फैजुल्लाह अंसारी, को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

झारखण्ड सरकार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, (भू–अर्जन निदेशालय) राँची, झारखण्ड की अधिसूचना संख्या सं0सं0–08ढ0/भू0अ0नि0(अधिनियम)–129/2017/नि0रा, दिनांक 09.10.2018 के आलोक में यह परियोजना सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन की कार्यवाही से मुक्त है।

उपायुक्त,
गढ़वा

PR 353174 Land Reforms(25-26)#D

## नहीं लगा आधार मोबाइल अपडेट कैंप, ग्रामीण हो रहे परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** उपायुक्त लातेहार के निर्देश पर 22 से 30 मई तक पंचायत वार आधार मोबाइल अपडेट कैंप लगाया जाना है, लेकिन इसके बावजूद भी कामता में कैंप नहीं लगा। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा कि आधार मोबाइल अपडेट कैंप लगने की जानकारी मिलने के बाद पंचायत के ग्रामीण कामता पंचायत सचिवालय पहुंचे आधार मोबाइल अपडेट कराने के लिए, परंतु आधार ऑपरेटर कामता पंचायत सचिवालय नहीं पहुंचे। इस कारण कैंप नहीं लग पाया। 10 बजे से तीन बजे तक ग्रामीण महिलाएं आधार अपडेट के लिए आपरेटर का इंतजार करते रहे। पंसस व मुखिया ने कहा कि उपायुक्त के निर्देश की अनदेखी की जा रही है, जो गंभीर मामला है।

### वित्तीय साक्षरता शिविर का सफल आयोजन

# एसएचजी की दीदियों को बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल भुगतान व वित्तीय योजनाओं की जानकारी दी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान, झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबन्धक शुभम कुमार उपस्थित में की गई। कार्यक्रम में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों व एसएचजी की दीदियों को बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल भुगतान, बचत की आदत, बीमा, पेंशन योजनाएं व सरकारी वित्तीय योजनाओं की जानकारी देना है। कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों व



पलाश जेएसएलपीएस के प्रतिनिधि नीतेश कुमार ने उपस्थित लोगों को वित्तीय सेवाओं के महत्व को सरल भाषा में समझाया। इस अवसर पर वक्ताओं ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना , प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, जन-धन योजना, रुपे कार्ड, और यूपीआई आधारित भुगतान प्रणाली के बारे में जानकारी दी। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा डिजिटल फ्रॉड के बचने हेतु आवश्यक दिशा व निर्देश दिये गए व शाखा प्रबन्धक के द्वारा ग्रामीणों को ऑन-स्पॉट बैंक खाता खोलने, आधार कार्ड से लिंक करने, मोबाइल बैंकिंग का प्रशिक्षण भी दिया गया। शिविर में बड़ी संख्या में एसएचजी की दीदियों भी उपस्थित थीं, जिन्होंने वित्तीय जानकारी प्राप्त कर अपनी रुचि दिखाई। महिलाओं द्वारा पूछे गए सवालों के उत्तर विशेषज्ञों ने सरल भाषा में दिए। कुल मिलाकर यह शिविर जनजागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। उपरोक्त शिविर में जेएसएलपीएस के वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने वाले कैडर बैंक सखी सुनैना रानी एवं एफएल - सीआरपी सबीता देवी, सरिता देवी , जुली देवी के अतिरिक्त अनेकों दीदियों ने भाग लिया ।

## न्यूज बॉक्स

### रेलवे ट्रैफिक से मिलेगा संपूर्ण निजात : मुख्य विद्युत अभियंता

बालूमाथ। टोरी शिवपुर रेल खंड के बालूमाथ स्टेशन में स्थित 132 केवी कर्षण उपकेंद्र का सफल परीक्षण मुख्य विद्युत अभियंता रवि भूषण और टीम ने किया। परीक्षण से पूर्व मुख्य विद्युत अभियंता रवि भूषण, वरीय मंडल विद्युत अभियंता कर्षण वितरण वाईके यादव, सुधीर शर्मा उप मुख्य विद्युत अभियंता महेंद्रू घाट, केके सिंह वरीय अनुभाग अभियंता महेंद्रू घाट, वकील खान वरीय अनुभाग अभियंता बरकाकाना, मो. शाहीद आलम वरीय अनुभाग अभियंता बालूमाथ, ओम प्रकाश सिंह वरीय अभियंता विद्युत निर्माण धनबाद सहित कई रेलवे अधिकारियों ने सामूहिक रूप से विधिवत फीता काटकर व नारियल तोड़ कर उद्घाटन किया। मौके पर मुख्य विद्युत अभियंता रवि भूषण ने कहा कि टोरी शिवपुर रेल खंड पूर्व मध्य रेल का बहुत ही महत्वपूर्ण लाइन है। इस लाइन पर अक्सर ट्रैफिक की समस्या रहती थी, जिसके कारण ट्रेनों का परिचालन कम हो पाता था। पर कर्षण उपकेंद्र को कार्य में लाए जाने से रेलवे ट्रैफिक की समस्या अब पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी। कर्षण उपकेंद्र का सफल परीक्षण होने से रेल कर्मी व अधिकारियों में हर्ष और उत्साह देखी गई। मौके पर लोगों ने एक दूसरे को बधाई दिया। इस दौरान कर्षण उपकेंद्र निर्माण कंपनी दादा एयर कुलिंग सेंटर धनबाद के संवेदक संजीव कुमार सिंह, अविनाश कुमार सिंह ने रेलवे मुख्य विद्युत अभियंता सहित उपरोक्त अधिकारियों को बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान मुख्य विद्युत अभियंता उपरोक्त अधिकारियों ने उप केंद्र पर कई पेड़ लगाये। बता दें कि मुख्य विद्युत अभियंता व सीनियर डीई सहित कई रेलवे अधिकारियों की टीम ने टोरी शिवपुरी रेल खंड के विभिन्न रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और बेहतर ओएचई के लिए चर्चा की। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया। मौके पर उपरोक्त रेलवे अधिकारियों के अलावा कई रेलवे कर्मी मौजूद थे।

### शिशु वाटिका के बच्चों को कराया संस्कृति दर्शन



लातेहार। विद्या भारती के पांच आधारभूत विषयों में से एक नैतिक व आध्यात्मिक शिक्षा अंतर्गत संस्कृति दर्शन कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ। इसके तहत विद्यालय के प्ले स्कूल शिशु वाटिका के कक्षा अरुण, उदय, प्रभात के नन्हे बच्चों को लातेहार शहर के प्राचीन दुगार्बाड़ी स्थित मां दुर्गा के मंदिर का दर्शन कराया गया। बच्चों को मां दुर्गा और उनके शस्त्रों से जुड़ी बातें बताई गई। वहां के पुरोहित के माध्यम से सामान्य पूजन अभिवादन प्रक्रियाओं से परिचय कराया गया। कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी केनिर्देश पर आयोजित हुआ। इसे सफल बनाने में गीता कुमारी, शिल्पा कुमारी, नीलम अंबष्टा एवं नीलम कुमारी सहित शिक्षिकाओं के अतिरिक्त महिला एवं पुरुष कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण योगदान किया।

## भाजपा आज मनायेगी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के धर्मपुर रोड़ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती धूमधाम से मनाई जायेगी। यह जानकारी भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने दी। कहा कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू, चतरा लोकसभा सांसद कालीचरण सिंह, स्थानीय विधायक प्रकाश राम, लातेहार जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, कार्यक्रम प्रभारी प्रदेश नेत्री लवली गुप्ता उपस्थित रहेंगे।

## कल कांग्रेस करेगी संविधान बचाओ रैली

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** कांग्रेस जिला कार्यालय लातेहार में जिला अध्यक्ष गुंजर उरांव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आगामी 24 मई को बाजारटांड़ से समाहरणालय तक आयोजित होने वाली संविधान बचाओ रैली की तैयारी को लेकर सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। मौके पर जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को अधिक संख्या में लोगों को इस कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित कराने को कहा। कांग्रेस जिला कार्यकारी अध्यक्ष उरांव ने कहा कि संविधान बचाओ रैली के माध्यम से केन्द्र सरकार को यह बता दिया जाएगा कि संविधान से छेड़छाड़ कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। कांग्रेस एकजुटता के साथ कार्यक्रम को सफल बनाए। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनिता देवी ने कहा कि अधिक महिलाओं की भागीदारी होगी। बैठक में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित यादव ने युवाओं को आगे आने को कहा। बैठक का संचालन प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी ने किया। बैठक में युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, मनिका प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष दारोगी यादव ,चंदवा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अशगर खान, बालूमाथ प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अमीर हयात ,बरियातू प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रीगन कुमार,लातेहार प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मोती उरांव, सरयु प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अख्तर हुसैन, सरयु विधायक प्रतिनिधि सुनील प्रसाद, कांग्रेस नेता साजन विनोद उरांव,अशोक राम आदी मौजूद थे।

## सीआरपीएफ जवानों ने रक्तदान कर जीवन रक्षा की

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सीआरपीएफ न सिर्फ लोगों की सुरक्षा करने के साथ सामाजिक व मावनीय मूल्यों की रक्षा करने में पीछे नहीं रहती है। सीआरपीएफ की हमेशा सामाजिक सरोकार के कार्यों मे अग्रणी भूमिका में रहती है। ऐसा ही एक वाकया गुरूवार को देखने को मिली, जब सीआरपीएफ 11वीं बटालियन के कमांडेंट याद राम बुनकर को यह सूचना प्राप्त हुई कि मनिका थाना क्षेत्र के मनोज पासवान की थैलेसीमिया ग्रसित तीन वर्षीय पुत्री चांदनी को रक्त की जरूरत है। उन्होंने तत्काल सीआरपीएफ 11वीं बटालियन के सउनि शैलेंद्र कुमार सिंह, सिपाही ओम प्रकाश पांडेय व प्रयाग कुमार को सदर अस्पताल लातेहार भेजा और रक्तदान कराया। उन्होंने पीड़ित चांदनी के परिजनों को रक्त उपलब्ध करा दिया और उसके स्वास्थ्य लाभ की कामना की। चांदनी के परिजनों ने सीआरपीएफ के इस मानवीय व्यवहार के लिए उन्हें साधुवाद दिया। बता दें कि सीआरपीएफ द्वारा आये दिन रक्तदान शिविर का आयोजन कर रक्त संग्रह किया जाता रहा है, ताकि जरूरतमंद लोगों की खून की कमी से किसी की जान न जाए। वहीं सीआरपीएफ 11वीं बटालियन के कमाडेंट श्री बुनकर ने कहा कि सीआरपीएफ क्षेत्र में सुरक्षा का वातावरण बनाने के लिए अपने सामाजिक दायित्वों के निवर्हन में भी अपनी उल्लेखनीय भूमिका अदा करता आया है। जब भी किस को रक्त की जरूरत पड़ी है और हमें ज्ञात हुआ है तो सीआरपीएफ के जवानों ने बढ़ चढ़ कर रक्तदान किया है।




## शव सड़क पर रखकर 28 घंटे बिलखते रहे परिजन



**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र स्थित बिंगलात में कोल के चपेट में आने से कुमरांग गांव के दीपक ओझा व गणेश प्रजापति नामक दो युवकों की हुई मौत के बाद 28 घंटे तक सड़क पर परिजनों ने शवों को रखकर समुचित मुआवजा के लिये मशक्कत करना पड़ा। आम लोगों में ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों की उदासीन रवैए से आक्रोश व्याप्त था। गुरुवार शाम चार बजे घटना स्थल पर पहुंचे विधायक उज्जवल दास की अध्यक्षता व पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में वार्ता हुई जिसमें मृतकों के आश्रितों को 11-11 लाख रुपए व जब तक आम्रपाली परियोजना चलेगी तब तक आउटसोर्सिंग कंपनी में एक सदस्य को नौकरी दी जायेगी। इसके साथ ही यह तय किया गया कि ट्रकों की तरह हाइवा के परिचालन में भी समय-सीमा निर्धारित होगा। बेतरतीब परिचालन व कोल वाहनों की गति सीमा 20-25 किमी/घंटा हो इसके लिए वॉलिंटियर प्रतिनियुक्त किये जायेंगे। मृतक दीपक ओझा के परिजनों को इलाज में खर्च हुए एक लाख 81 हजार रुपये अतिरिक्त राशि व घटना में क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल के बदले नई बाइक दी जायेगी। साथ ही ग्रामीणों के आवागमन को सुलभ बनाने हेतु कुमरांग कला एवं कुमरांग खुर्द के बीच माइंस एरिया में ओबी भरवाकर एक रास्ता बनाया जायेगा। परिवहन एवं परिचालन व ठोस मुआवजा नीति बनाने की मांग कर रहे ग्रामीणों को ये आश्वस्त किया गया कि 2 जुलाई को जिला समाहरणालय स्थित सभागार में बुद्धिजीवियों, जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में एक ठोस नियमावली बनाकर धरातल पर उतारा जायेगा। परिजनों से सहमति मिलने के बाद मौजूद पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण के लिए अपने साथ चतरा भेज दिया। कोल वाहनों का परिचालन पूर्ववत शुरू हो गया। मौके पर सीओ विजय दास, थाना प्रभारी उमेश राम, भाजपा नेता ईश्वर दयाल पांडेय, झामुमो नेता मनोज चंद्रा,जिप सदस्या देवंती देवी, विस्थापित नेता आशुतोष मिश्रा, दासो देवी, राजेन्द्र ओझा, महेश वर्मा, उपेन्द्र पांडेय, गोपाल ओझा, संदीप सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## विधायक प्रकाश राम ने विभागों में अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** स्थानीय विधायक प्रकाश राम ने लातेहार विधानसभा क्षेत्र के लिए विभिन्न विभागों के लिए अपने प्रतिनिधियों का मनोनयन किया है। ये प्रतिनिधि विधायक की अनुपस्थिति में विभिन्न बैठकों में विधायक का प्रतिनिधित्व करेगें। विधायक प्रकायश राम ने इस संबंध में उपायुक्त का इस संबंध में एक पत्र जारी किया है। विधायक ने अनिल कुमार सिंह पिता स्व श्रीनाथ सिंह धर्मपुर को कृषि विभाग का प्रतिनिधि मनोनित किया है। संजीव कुमार (पप्पू सिन्हा) पिता शशिभूषण प्रसाद, बालूमाथ को परिहवन विभाग, अशोक प्रसाद पिता दीनदयाल साहू बालूमाथ को जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कृष्णा कुमार यादव पिता झमेंद्र यादव बालूमाथ को भूमि संरक्षण पदाधिकारी, उपेंद्र यादव पिता रामकुमार यादव ग्राम इनातू हेरहंज को खनन विभाग, राजकुमार पाठक पिता यदुनंदन पाठक ग्राम कीता चंदवा को खाद्य आपूर्ति विभाग, आदर्श रवि राज पिता महेंद्र प्रसाद चंदवा को शिक्षा एवं पर्यटन विभाग,राजकिशोर पासवान पिता स्व रामरूवरूप पासवान ग्राम कोमर बालूमाथ को युवा कार्य एवं खेलकूद विभाग, लवकुश सिंह पिता प्रह्लाद सिंह ग्राम भाटचतरा बारियातू को भूअर्जन, भूमि सुधार व राजस्व विभाग, महेंद्र प्रसाद (अनिल प्रसाद) पिता स्व जयलाल साहू, बारियातू को पेयजल व स्वच्छता विभाग, शैलेश कुमार सिंह पिता स्व उदित नारायण सिंह ग्राम कोमर बालूमाथ को विद्युत विभाग, राजू उरांव पिता राखो उरांव ग्राम चेतर चंदवा को समेकित जनजाति विकास अभिकरण(आईटीडीए), विनिता टोप्पो पिता स्व जॉन टोप्पो ग्राम चेताग बालूमाथ को समाज कल्याण विभाग,उमर आलम पिता हिफजुर्र रहमान ग्राम डिही लातेहार जिला कल्याण विभाग, देवनदंन प्रसाद पिता स्व बखौर साहू ग्राम गाड़ी बारियातू को मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना समिति एवं जिला अस्पताल प्रबंधन समिति, प्रभात कुमार गुप्ता पिता रामरेखा प्रसाद ग्राम मुरूप लातेहार को सीएसआर ( डीवीसी) गतिविधियों का लातेहार विधानसभा स्तरीय विधायक प्रतिनिधि मनोनित किया है। भाजपा नेता पवन कुमार ने सभी मनोनित विधायक प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी है। इधर चंदवा में प्रतिनिधियों की नियुक्ति परलाल कौशल नाथ शाहदेव, दीपक निषाद, शिवकेश्वर यादव, विनय कुमार रिक्की,जयप्रकाश मोदी,बालेश्वर गंझु, रोहित अग्रवाल,धीरज कुमार, अंकित कुमार, श्रवण गुप्ता, प्रदीप ठाकुर, रवि पांडुरंगा, सुरेश साव, कृष्णा कुमार,जागृति प्रसाद,मनीष गुप्ता, गोपाल जायसवाल, विनोद कुमार गुड्डु ने बधाई दी है। हेरहंज में भी विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, राजेश प्रजापति सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

## काम के दौरान गिरने से राजमिस्त्री घायल

**चंदवा।** शहर के इंदिरा गांधी चौक के समीप स्थित जिला परिषद की पहल पर बन रहे निर्माणाधीन दुकान में काम करने के दौरान राजमिस्त्री प्रेम उरांव (अमझरिया, चंदवा) गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉ. मनोज ने उसका प्राथमिक उपचार किया। युवक के सिर व चेहरे पर चोट आई है। बता दें कि प्रेम राजमिस्त्री का काम करता है। वह जिला परिषद द्वारा बनाये जा रहे भवन निर्माण कार्य में काम कर रहा था। गुरुवार को वह 15 फीट की ऊंचाई पर चढ़कर निर्माण कार्य में लगा हुआ था। इस बीच अचानक उसने संतुलन खो दिया और ऊंचाई से नीचे जा गिरा। घटना में उसके सिर और चेहरे में चोटें आई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त कार्य ठेकेदार के अंडर में चल रहा है। कार्य के दौरान ठेकेदार द्वारा मजदूरों को सेफ्टी कि कोई व्यवस्था नहीं दी गई है जिससे लोगों में रोष देखा गया।


झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
प्राचार्य का कार्यालय
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भण्ड़रिया, गढ़वा

Industrial Training Institute

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भण्ड़रिया, गढ़वा में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन संबंधित सूचना**

1. झारखण्ड सरकार के NCVT के अन्तर्गत संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भण्ड़रिया, गढ़वा में निदेशालय पत्रांक–642, दिनांक–07.05.2025 के अनुपालन में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 के विभिन्न व्यवसाय के लिए योग्य आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/ स्थायनीय निवासी के श्रणी में आते हो और नीचें दिए गये शैक्षणिक योगयता धारित करते हो, वे (https://iti.jharkhand.gov.in) में रजिस्ट्रेशन करने के उपरान्त नामांकन प्रकिया में भाग लेकर आनलाईन नामांकन करा सकतें है। इस संबंध में विस्तृत विवरणी निम्नवत् है:–
2. न्यूनतम शैक्षणिक योगयता:– (क) विधुत, फिटर, मैकेनिक डीजल, दसवी पास एवं वेल्डर व्यवसाय आठवी/दसवी पास उत्तीर्णता आवश्यक है।
(ख) 01.07.2025 को आवेदक की न्यूनतम आयु 14 वर्ष एवं अधिकतम आयु 40 वर्ष के बीच होना चाहिए।
(ग) दिव्यांग जनों/सैन्य कारवाई में मारे गये सैन्य कर्मियों के विधवाओं के मामले में अधिकतम आयु 45 वर्ष तक है।
3. महत्वपूर्ण तिथियाँ:–

| क्र0स0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20.05.2025 |
| 2 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की आंतिम तिथि | 13.06.2025 अपराहन 5:00 बजे तक |
| 3 | 1st Round Admission (नामांकन) की अवधि | 04.07.2025 से 21.07.2025 अपराहन 5:00 बजे तक |
| 4 | 2nd Round Admission (नामांकन) की अवधि | 04.08..2025 से 14.08.2025 अपराहन 5:00 बजे तक |

4व्यवसायवार रिक्त सीटो की विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र0सं0 | ट्रेड | अवधि | GEN | EWS | ST | SC | BC-I | BC-II | PH | SMQ | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विधुत | 2 Year | 15 | 4 | 6 | 8 | 2 | 2 | 2 | 1 | 40 |
| 2 | फिटर | 2 Year | 15 | 4 | 6 | 8 | 2 | 2 | 2 | 1 | 40 |
| 3 | मैकेनिक डीजल | 1 Year | 18 | 5 | 7 | 10 | 3 | 2 | 2 | 1 | 48 |
| 4 | वेल्डर | 1 Year | 15 | 4 | 6 | 8 | 2 | 2 | 2 | 1 | 40 |
| | कुल | | 63 | 17 | 25 | 34 | 9 | 8 | 8 | 4 | 168 |

4. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भण्ड़रिया, गढ़वा में नामांकन लेने वाले अभ्यर्थियों का वैध मोबाईल न0, ई –मेल ID एवं आधार न0 अनिवार्य है तथा सत्र की समाप्ति तक उनमें परिवर्तन करने की अनुमति किसी भी परिस्थिति में नहीं होगी।
5. नामांकन के समय मैट्रिक का सभी प्रमाण पत्र SLC/CLC/TC का मूल प्रति प्रस्तूत करना अनिवार्य है।

नोट:– नामांकन से संबंधित विशेष जानकारी के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भण्ड़रिया, गढ़वा के सूचना पट्ट या कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। या https://iti.jharkhand.gov.in पर सम्पूर्ण जानकारी ले सकतें है।

प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,भण्डरिया, गढ़वा

PR 353171 (Labour Employment and Traning)25-26*D


## बनहरदी में पांच पड़हा सम्मेलन का आयोजन, सैकड़ों लोग हुए शामिल

# विस्थापन के मुद्दे पर गंभीरता से चर्चा करने की जरूरत बताया

**नवीन मेल संवाददाता**




**चंदवा।** बनहरदी पंचायत अंतर्गत तनहाजा टांड़ मैदान सुरली में गुरुवार को पांच पड़हा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में पांचों पड़हा से सैकड़ों की संख्या में आदिवासी एवं सभी समाज के लोग शामिल हुए। सम्मेलन की शुरूआत नवाहिर उरांव की अगुवाई में सामूहिक प्रार्थना के साथ की गई। सम्मेलन में राज्य के पड़हा संरक्षक देव कुमार धान,जागे उरांव,मध्य प्रदेश से शिव रावण, जिला पड़हा राजा प्रभु दयाल उरांव,चंदवा प्रखंड पड़हा राजा धनेश्वर उरांव,बनहरदी पांच पड़हा के पड़हा राजा महेश्वर उरांव समेत कई आदिवासी चिंतक मौजूद थे। जिन्होंने पड़हा परंपरा व्यवस्था, पांचवीं अनुसूची, संवैधानिक अधिकार, ग्राम सभा का महत्व एवं विस्थापन के मुद्दे पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोक सभा एवं विधान सभा के तरह ही ग्राम सभा को विशेष अधिकार प्राप्त है। ग्राम सभा हम सभी के हक एवं अधिकारों को सुरक्षित करने का काम करती है, इसे हम सभी को समझने की जरूरत है। बारी ग्राम प्रधान रोबेन उरांव, रेंची ग्राम प्रधान विगू उरांव, बनहरदी ग्राम प्रधान इंद्रदेव उरांव, सुरली ग्राम प्रधान बाबूराम उरांव ने विस्थापन की समस्या को उठाया। इन्होंने कहा कि आज पांच पड़हा अंतर्गत लगभग डेढ़ दर्जन गांव विस्थापन के कगार पर खड़ा है। दो कोल ब्लॉक आने से करीब 20 गांव जद में आ रहे हैं, ऐसे में हम सभी को विस्थापन के मुद्दे पर गंभीरता से चर्चा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर कंपनिया हमसे हमारी कीमती जल जंगल और जमीन लेना चाह रही है, लेकिन नीति व नियत स्पष्ट नहीं है। हम सभी को आने वाली भविष्य एवं पीढ़ी को देखते हुए सोच समझकर निर्णय लेना है। इसके अलावा भी कई अन्य वक्ताओं ने अपने वक्तव्य के माध्यम से बातों को रखा। कार्यक्रम का संचालन बनेश्वर उरांव व महेश्वर उरांव ने किया। मौके पर उमेश्वर उरांव, बलराम उरांव,तेतर उरांव, विकाश भगत,बहादुर टाना भगत,चंद्रदेव उरांव,रामलाल उरांव, दीनू भगत, अहमद अंसारी, मंटू कुमार, फुलेश्वर गंझु समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।


**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchary Road, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878,
CIN: U45200JH2013SGC001752, e-mail Id-juidcolimited@gmail.com

NIT No.: JUIDCO/NIT/OB LATEHAR/653
Date- 22.05.2025
e-Procurement (Tender Notice)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction of New Nagar Panchayat Office Building at Latehar under Latehar Nagar Panchayat |
| 2 | Mode of Bid Submission | e-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 3 | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 9,73,46,387/- (Rupees Nine Crore Seventy-Three Lakh Forty-Six Thousand Three Hundred and Eighty-Seven) only. |
| 4 | Time of Completion | 11 Months (Including Monsoon & Mobilization Period) |
| 5 | Tender Fee and Bid Security to be submitted online | Tender document fee : Rs 25,000/- (Rupees Twenty-Five Thousand) only Non-Refundable. Bid Security : Rs 9,73,500/- (Rupees Nine Lakh Seventy Three Thousand Five Hundred) only |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 23.05.2025 17:00 Hrs |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 13.06.2025 17:00 Hrs |
| 8 | Date/Time of opening of Bid | 14.06.2025 17:30 Hrs |
| 9 | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Ltd., JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Jharkhand- 834001 |
| 10 | Helpline Number of e-procurement Cell | 0651-2225878 |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd, Ranchi

PR.NO.353204 Urban Development and Housing(25-26):D



**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchary Road,
Ranchi-834001, Jharkhand.Ph No.: +91-651-2225878,
CIN: U45200JH2013SGC001752,
e-mail Id-juidcolimited@gmail.com

NIT No.: JUIDCO/NIT/OB Garhwa/654 Date- 22.05.2025
e-Procurement (Tender Notice)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction of New Nagar Parishad Office Building at Garhwa under Garhwa Nagar Parishad |
| 2 | Mode of Bid Submission | e-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 3 | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 11,73,74,780/- (Rupees Eleven Crore Seventy-Three Lakh Seventy-Four Thousand Seven Hundred and Eighty)only. |
| 4 | Time of Completion | 11 Months (Including Monsoon & Mobilization Period) |
| 5 | Tender Fee and Bid Security to be submitted online | Tender document fee : Rs 25,000/- (Rupees Twenty-Five Thousand) only Non-Refundable. Bid Security : Rs 11,73,750/- (Rupees Eleven Lakh Seventy Three Thousand Seven Hundred and Fifty) only |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 23.05.2025 17:00 Hrs |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 13.06.2025 17:00 Hrs |
| 8 | Date/Time of opening of Bid | 14.06.2025 17:30 Hrs |
| 9 | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Ltd., JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Jharkhand- 834001 |
| 10 | Helpline Number of e-procurement Cell | 0651-2225878 |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders .gov.in

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd, Ranchi

PR 353202 Urban Development and Housing(25-26)#D

### तालाब में बदली शहर की सड़कें, नागरिकों का अनोखा विरोध

# जलजमाव से परेशान नागरिकों ने मछली पकड़कर जताया असंतोष



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शहर में लगातार हो रही बारिश ने नगर परिषद की व्यवस्थाओं की पोल खोल कर रख दी है। नालियों की नियमित सफाई न होने और जल निकासी की समुचित व्यवस्था के अभाव में प्रमुख सड़कों पर गंभीर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कई इलाके ऐसे हैं, जहां सड़कें पूरी तरह जलमग्न हो चुकी हैं और तालाब जैसा दृश्य पेश कर रही हैं। इस वजह से आमजन का दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

इस अव्यवस्था के खिलाफ स्थानीय नागरिकों ने एक अनोखा और व्यंग्यात्मक विरोध प्रदर्शन कर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया। प्रदर्शनकारियों ने जलमग्न सड़क पर मछलियाँ डाल दीं और वहीं बैठकर मछली पकड़ने का अभिनय करने लगे। यह दृश्य देख राह चलते लोग पहले चौंक गए, फिर माजरा समझते ही हँसी में पड़ गए। यह विरोध प्रदर्शन सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर जनता का आक्रोश और स्पष्ट रूप से सामने आ गया।

प्रदर्शन में शामिल स्थानीय निवासी विकास अग्रवाल ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, "अब यह सड़क नहीं रही, बल्कि एक छोटा तालाब बन चुकी है। जब नगर पालिका इसे ठीक करने में नाकाम है, तो क्यों न इसका उपयोग मछली पालन के लिए किया जाए?"

स्थानीय लोगों का कहना है कि जलजमाव की यह समस्या हर साल बरसात में सामने आती है। कई बार नगर परिषद और जिला प्रशासन को इस संबंध में शिकायतें दी गईं, लेकिन समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नतीजतन, बच्चों, बुजुर्गों और कार्यालय जाने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बहरहाल, इस विरोध प्रदर्शन ने एक बार फिर नगर परिषद की निष्क्रियता और व्यवस्था की खामियों को उजागर कर दिया है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस प्रतीकात्मक चेतावनी को गंभीरता से लेकर कोई ठोस कार्रवाई करता है या फिर हालात यूँ ही हर साल दोहराए जाते रहेंगे।

## मंडल कारा लोहरदगा का पीडीजे ने किया निरीक्षण, बंदियों की समस्याएं सुनीं

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** झालसा, रांची के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) अध्यक्ष राजकमल मिश्रा ने बुधवार को मंडल कारा, लोहरदगा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीजेएम केके मिश्रा, डालसा सचिव राजेश कुमार, एलएडीसीएस चीफ नसीम अंसारी तथा डिप्टी चीफ नारायण साहू भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में न्यायिक पदाधिकारियों ने कारा के विभिन्न वार्डों, रसोईघर, अस्पताल, वीसी कक्ष, मुलाकात कक्ष आदि का निरीक्षण किया और स्वच्छता एवं सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कारा में निरुद्ध बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी जानी, जिससे उनकी आवश्यकताओं और कठिनाइयों की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त हो सकी। निरीक्षण के दौरान जेल प्रशासन ने जानकारी दी कि वर्तमान में मंडल कारा, लोहरदगा में कुल 248 बंदी हैं, जिनमें 9 महिला बंदी और 1 शिशु भी शामिल है। इनमें से 52 सजायाफ्ता बंदी हैं। साथ ही बताया गया कि 35 बंदियों को सिलाई प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यह निरीक्षण राज्य स्तर पर झालसा कार्यकारी अध्यक्ष के निर्देश के आलोक में किया गया, जिसमें झारखंड के सभी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष और डालसा सचिव को कारागार निरीक्षण करने एवं उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण के पश्चात न्यायाधिकारियों ने जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि बंदियों को उनके अधिकारों और कानूनी सहायता की समुचित जानकारी व सुविधाएं प्रदान की जाएं।

## न्यूज बॉक्स

### प्रधानमंत्री आवास व मनरेगा योजनाओं का बीडीओ ने किया निरीक्षण



**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के हनहट पंचायत अंतर्गत गितिलगढ़, हुदू, तोड़ांग और ललमटिया गांवों में चल रही प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुवा आवास योजना एवं मनरेगा के तहत बागवानी और कूप निर्माण योजनाओं का निरीक्षण बीडीओ छंदा भट्टाचार्य द्वारा बुधवार को किया गया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने संबंधित कर्मियों को योजनाओं को सरकारी मानकों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से पूरा करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में लापरवाही और गुणवत्ता में कमी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। बीडीओ ने चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे लाभुक जो सरकार से राशि लेने के बावजूद कार्य नहीं कर रहे हैं, या मानक के अनुरूप कार्य नहीं कर रहे हैं, उन्हें अगली किश्त की राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही भूमि सत्यापन को अगली किश्त की शर्त के रूप में अनिवार्य बताया गया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने सभी योजना से जुड़े कर्मियों को फटकार लगाई और उन्हें कार्य की गुणवत्ता सुधारने का निर्देश दिया। मौके पर बीपीओ अरविंद कुमार, प्रधानमंत्री आवास योजना प्रखंड समन्वयक दिनेश कुमार, रोजगार सेवक पंचम एतवा पहान, पंचायत सहायक समीम अंसारी, शतिष उराँव एवं अन्य मेट उपस्थित थे।

### बीडीओ ने किया भीठा पंचायत में कार्य योजना का निरीक्षण



**भंडरा।** प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं में तेजी लाने के उद्देश्य से गुरुवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने प्रखंड के भीठा पंचायत का भ्रमण का दौरा कर योजना कार्य का निरीक्षण किया। बीडीओ ने भीठा पंचायत में मनरेगा से संचालित बिरसा मुंडा आम बागवानी योजना का निरीक्षण कर लाभुक को घेराबंदी करने का निर्देश दिया। साथ ही पौधों की नियमित देखभाल को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने भीठा पंचायत में निर्माणाधीन अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास लाभुकों को कार्य में तेजी लाते हुए आवास योजना को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित पंचायत कर्मियों को मनरेगा में अधिक से अधिक श्रमिकों को जॉब कार्ड से जोड़ते हुए काम मुहैया कराने की बात कही है। साथ ही भीठा पंचायत में खराब पड़े सोलर जलापूर्ति योजना को दुरुस्त कराने की बात कही है। उन्होंने कहा कि अपूर्ण योजनाओं को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

### परीक्षा के बाद उपद्रव : परीक्षार्थियों ने कॉलेज परिसर में की तोड़फोड़



**लोहरदगा।** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित कक्षा 11वीं की परीक्षा जिले के 12 केंद्रों पर संपन्न हुई। परीक्षा के समापन के बाद एम.एल.ए. महिला कॉलेज, लोहरदगा में कुछ परीक्षार्थियों ने जमकर उत्पात मचाया। कॉलेज परिसर में तोड़फोड़ करते हुए उन्होंने खिड़कियों के शीशे और लैब के उपकरण क्षतिग्रस्त कर दिए। इसके अतिरिक्त, अन्य सामग्रियों को भी नुकसान पहुंचाया गया। प्रश्न पत्र फाड़कर परीक्षा कक्षों में फेंक दिए गए और गुटखा-पान खाकर जगह-जगह गंदगी फैलाई गई। यह घटना कॉलेज परिसर की मर्यादा को भंग करने वाली रही। बताया जा रहा है कि यहां इंटर कॉलेज किस्को के परीक्षार्थियों का भी परीक्षा केंद्र था। कॉलेज प्रबंधन ने इस घटना की गंभीरता को देखते हुए इंटर कॉलेज किस्को प्रशासन से आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है। कॉलेज प्रशासन ने दोषियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय प्रशासन से भी अपील की गई है कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और निगरानी को और सख्त किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### बीएड कॉलेज के प्रशिक्षओं को दी गई विदाई



**कुड़ू।** राजकीय कृत गांधी मेमोरियल प्लस टू उच्च विद्यालय माराडीह कुड़ू में बीएड कॉलेज से आए हुए प्रशिक्षुओं को विद्यालय में एक शादे समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका पुष्प निहारी बाखला ने कहा कि आप सभी चार माह पूर्व प्रशिक्षण के लिए आए थे। बहुत खुशी की बात है यह प्रशिक्षण पूर्ण हो गया है। उंन्होने शिक्षण के क्षेत्र में आने के लिए सभी को शुभकामनाएं दी। वहीं वरीय शिक्षक विजय कुमार साहू ने प्रशिक्षण की बारिकियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक बड़े विद्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त करना अपने आप में एक बड़ी बात है। प्रशिक्षण प्राप्त करने से विद्यालय की संपूर्ण गतिविधि को सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक दोनों रूपों में नजदीक से देखने एवं समझने देखने का अवसर प्राप्त होता है। मौके पर रमेश साहू, शनि कुजूर, मंजू कुमारी, संजय साहू, रश्मि केरकेट्टा, किशोरी रानी, विपिन लकड़ा, वर्षा नाग, मुकेश कुमार, रामजी साहू, निशा कुमारी, अनुपम मिंज, निशा कुमारी, तथागत साकेत, पूजा लकड़ा, आकाश कुमार, दानिश अख्तर, प्रशांत मुंडा, डोली वर्मा, संगीता बाला उपस्थित थे।

## रेल दुर्घटना में मृतक राजेश लकड़ा का शव लोहरदगा लाया गया



**लोहरदगा।** मजदूरी के लिए बेंगलुरु जा रहे राजेश लकड़ा, निवासी कुटमु फीकुआ टोली, की टूनी रेलवे स्टेशन, आंध्र प्रदेश में रेल दुर्घटना में मौत हो गई। 32 वर्षीय राजेश, पिता कुला उरांव, की इस दुखद दुर्घटना के बाद उनका शव गांव तक लाने में उनके परिजनों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इस परिस्थिति में राजेश की पत्नी चन्द्रमुणि उरांव ने विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल से सहायता की अपील की। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं श्रम अधीक्षक से संपर्क कर त्वरित कार्रवाई करवाई। साथ ही, संबंधित विभागों से आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई गई तथा रेलवे विभाग से समन्वय कर शव को लोहरदगा लाने की पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल एवं जोरी मुखिया राजू उरांव के समन्वित प्रयास से मृतक का शव गांव लाया गया, जहां आज अंतिम संस्कार सम्पन्न हुआ। इस दुखद अवसर पर विधायक प्रतिनिधि ने कहा, "हम इस कठिन समय में पीड़ित परिवार के साथ हैं और लोहरदगा की जनता की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।" अंतिम संस्कार के मौके पर अंचल अधिकारी आशुतोष कुमार, युवा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, मुखिया राजू उरांव, राजेन्द्र लकड़ा, मनीष उरांव, अर्जुन उरांव, महेन्द्र उरांव, मनोज उरांव, संगीता उरांव, सीमा उरांव, सन्तरी उरांव समेत कई स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## देवनद दामोदर महोत्सव 5-6 जून को चूल्हा पानी में



**लोहरदगा।** दामोदर बचाओ आंदोलन, लोहरदगा द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला देवनद दामोदर महोत्सव एवं गंगा दशहरा कार्यक्रम इस वर्ष दिनांक 5-6 जून 2025 को पारंपरिक रूप से दामोदर नदी की उद्गम स्थली चूल्हा पानी (पंचायत सलगी, प्रखंड कुडू) में मनाया जाएगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में कीर्तन, पूजा, हवन और भंडारा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम की तैयारी के तहत दामोदर बचाओ आंदोलन के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से भेंट कर आयोजन स्थल की समस्याओं को रखा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संरक्षक ओमप्रकाश सिंह, जिला संयोजक बालकृष्ण सिंह और निधिकांत प्रसाद ने किया। उपायुक्त महोदय को सौंपे गए ज्ञापन में कुछ मांगें रखी गईं। जिसमे चूल्हा पानी से कटाट तक की सड़क की मरम्मत, बहेरा मांडर के पास शुद्ध पेयजल हेतु टैंकर की व्यवस्था, चूल्हा पानी गांव के कूप की सफाई एवं पेयजल व्यवस्था व चूल्हा पानी और कटाट गांव में विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह किया कि इन आवश्यकताओं का त्वरित समाधान किया जाए ताकि गंगा दशहरा का आयोजन भव्यता और श्रद्धा के साथ संपन्न हो सके तथा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देता है। इस अवसर पर हर वर्ष लोहरदगा, गुमला, रांची एवं लातेहार जिले के श्रद्धालु चूल्हा पानी और लोहड़ी बाबा स्थल पर पूजा अर्चना कर मन्नत मांगते हैं, और मन्नत पूरी होने पर दोबारा दर्शन करने अवश्य लौटते हैं।

### बीएस कॉलेज में आयोजित होगा समर कैंप सह टैलेंट हंट

# शूटिंग स्किल व आध्यात्मिक विकास पर होगा विशेष ध्यान

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** बीएस कॉलेज, लोहरदगा द्वारा आगामी 01 से 05 जून 2025 तक एक विशेष "समर कैंप सह टैलेंट हंट फॉर राइफल/पिस्टल शूटिंग – 2025" का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप युवाओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें उन्हें फिटनेस, मानसिक एवं आध्यात्मिक सुदृढ़ता के साथ-साथ शूटिंग जैसे विशिष्ट खेल में प्रशिक्षित किया जाएगा। कैंप के आयोजकों के अनुसार, यह कार्यक्रम न केवल प्रतिभा की खोज और विकास पर केंद्रित है, बल्कि युवाओं को गर्मी की छुट्टियों में सक्रिय और रचनात्मक बनाए रखने के उद्देश्य से भी आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षित कोचों द्वारा प्रतिभागियों को बेसिक से लेकर एडवांस लेवल तक की ट्रेनिंग दी जाएगी। कैंप में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों से 600 का शुल्क लिया जाएगा, जिसमें रिफ्रेशमेंट शामिल है। यह शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा। प्रतिभागियों को अनुशासन का पालन करना अनिवार्य होगा। साथ ही, उन्हें अपना निजी सामान जैसे पानी की बोतल, तौलिया आदि लाना होगा। किसी भी बीमारी या दवाई की जानकारी पहले ही आवेदन में देनी होगी। उद्घाटन दिवस पर प्रतिभागियों को अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। आयोजक किसी भी प्रकार की चोट के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक प्रतिभागी 6207779619 पर संपर्क कर सकते हैं।

**कैंप की प्रमुख विशेषताएं**

फिटनेस और हेल्दी लाइफस्टाइल को बढ़ावा देने वाली गतिविधियां, योग, मेडिटेशन और मानसिक संतुलन हेतु विशेष सत्र, प्रारंभिक एवं समापन दिवस पर फिजिकल फिटनेस असेसमेंट, खेलों के माध्यम से आत्मविश्वास और अनुशासन का विकास आदि शामिल हैं।

**प्रशिक्षण में शामिल गतिविधियां**

शक्ति, लचीलापन, संतुलन और समन्वय के लिए विशेष शारीरिक अभ्यास, प्राणायाम, ध्यान आदि के माध्यम से मानसिक शांति पर जोर, एयर राइफल एवं पिस्टल शूटिंग का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण, मनोरंजनात्मक खेल जैसे बैडमिंटन, लुडो आदि शामिल हैं।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, चतरा**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**

चतरा जिला अन्तर्गत हंटरगंज थाना कांड सं0–169/2024, दिनांक–03.09.2024, धारा– 356(2)/356(1) बी0एन0एस0 एवं 67/67(ए) आई0टी0 एक्ट के फिरार अप्राथमिक अभियुक्त– संजीत कुमार पे0 –राजेन्द्र भुईया, सा0–झिकटीया कला मैगरा, थाना–इमामगंज, जिला–गया (बिहार) के विरूद्ध निर्गत इस्तेहार का तामिला कराने के उपरान्त भी ये माननीय न्यायालय के आदेश का आवहेलना करते हुए ये फिरार है। यदि इस संबंध में किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी हंटरगंज/पुलिस निरीक्षक हंटरगंज/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, चतरा/ पुलिस अधीक्षक, चतरा के कार्यालय के फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा एवं पुरस्कृत किया जाएगा।



पुलिस अधीक्षक चतरा – 9431706359
अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, चतरा – 9431706362
पुलिस निरीक्षक हंटरगंज – 7209246607
थाना प्रभारी हंटरगंज – 9955481001

PR.NO.353196 Home(25-26):D

पुलिस अधीक्षक,
चतरा।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**
**E-mail :- eengbcdlatehar-jhr@nic.in**

**अति अल्पकालीन नीलामी सूचना संख्या–02/2025–26**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **Dismantling and Assesment of Salvage Value of Old Agriculture Office Cum Godown at Latehar** के नीलामी हेतु मुहरबन्द लिफाफे द्वारा **दिनांक–29.05.2025 को 3:00 बजे अपराह्ण तक** इस कार्यालय में प्राप्त की जाएगी एवं उसी दिन 3:30 बजे अपराह्न में खोली जाएगी। नीलामी दाता/उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

| क्र0सं0 | योजना का नाम | न्यूनतम सुरक्षित राशि | अग्रधन के रूप में नीलामी मूल्य की 10 (दस) प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | Dismantling and Assesment of Salvage Value of Old Agriculture Office Cum Godown at Latehar | 14906 /- | 1500 /- |

**नीलामी की शर्ते निम्नवत है:–**
1) नीलामी दाता को अग्रधन के रूप में नीलामी मूल्य की 10(दस) प्रतिशत (न्यूनतम राशि) राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (आठवाँ निर्मम) या तीन/पाँच वर्षीय डाकघर सावधि जमा पासबुक के रूप में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लातेहार के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त कराकर संलग्न करना होगा।
2) आदेश निर्गत होने के तीन दिनों के अन्दर उच्चतम नीलामी दाता को नीलामी की पूरी रकम बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल,लातेहार के माध्यम से निर्गत बैंक ड्राफ्ट (जो भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा लातेहार में भुगतेय हो) के माध्यम से जमा कर देना होगा।
3) आदेश की तिथि से सात दिनों के अन्दर कचरा को स्थल से हटाकर स्थल को समतल कर देना होगा एवं इसके पश्चात् ही अग्रधन की राशि वापस की जाएगी।
4) बिना कारण बताए नीलामी रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
5) विस्तृत जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी/संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता से कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 353195 (Building)25-26*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**एन0आर0ई0पी0, चतरा।**
**ई– पुनर्निविदा निविदा आमंत्रण सूचना**
**पुनर्निविदा निविदा सूचना संख्या– EE/NREP/CHATRA/24/2024-25-RE-1दिनांक– 21.05.2025**

1. मद का नामः समाज कल्याण विभाग योजना अन्तर्गत :–

| क्र॰ सं॰ | परियोजना का नाम | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | पूर्णता की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | दबगर टोली | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 2 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | नूर नगर | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 3 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | गुदरी बाजार | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 4 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | अंडी रेशम | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 5 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | ग्वाल टोली | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 6 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | खानकाह रोड | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 7 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | मेन रोड | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 8 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | नगवां उत्तरी | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 9 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | नगावां दक्षिणी | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 10 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | चुड़ीहार मुहल्ला | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 11 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | दीभा 02 | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 12 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | दीवानखाना 02 | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 13 | चतरा ग्रामीण | चतरा | मोकतमा | कच्चा | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 14 | चतरा ग्रामीण | चतरा | सिकीद | सिन्दुआरी | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 15 | चतरा ग्रामीण | कानहचटटी | बेगोंकला | केन्दुआ सहोर | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 16 | ईटखोरी | गिद्धौर | द्वारी | गांगपुर 01 | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 17 | ईटखोरी | पत्थलगडा | सिंघानी | सिंघानी धोबी टोला 02 | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 18 | ईटखोरी | पत्थलगडा | बरवाडीह | बरवाडीह 02 | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 19 | ईटखोरी | मयूरहण्ड | कदगॉवाकला | दिग्गी | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 20 | टण्डवा | टण्डवा | बेंती | कुटकी | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 21 | टण्डवा | टण्डवा | बेंती | तिलैया टोंगरी | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 22 | टण्डवा | टण्डवा | गाडीलौंग | बरईटोला | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 23 | टण्डवा | टण्डवा | बडगॉवा | नायकटोला | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 24 | टण्डवा | टण्डवा | कोयद | कोयद 03 | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 25 | प्रतापपुर | प्रतापपुर | बभने | बभने बालपर | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 26 | प्रतापपुर | प्रतापपुर | मोनिया | जैयपुर | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 27 | प्रतापपुर | कुन्दा | सिकीदाग | सोहरलाट | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 28 | सिमरिया | सिमरिया | सबानो | लच्छीगडा | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 29 | सिमरिया | सिमरिया | डाडी | डाडीभगत टोला | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 30 | सिमरिया | सिमरिया | अमगॉवा | अमगावां 02 | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 31 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | मीरपुर | भागेवार | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 32 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | मीरपुर | आमिन | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 33 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | दण्तार | जोलहाटोली | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 34 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | जोरी कला | जोरी कला 01 | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 35 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | नावाडीह | उचला | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 36 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | खुटीकेवाल खुर्द | खुटीकेवाल खुर्द | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 37 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | नावाडीह | नावाडीह मियाटोली | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 38 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | डुमरी कला | डुमरी कला | आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य। | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |

2. वेबसाइट में ई–पुनर्निविदा प्रकाशन की तिथि – 29.05.2025
3. ई–पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय– 09.06.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई –पुनर्निविदा निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 11.06.2025 पूर्वाह्न 3.30 बजे।
5. ई –पुनर्निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता एन॰आर॰ई॰पी॰ चतरा।
6. ई –पुनर्निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं. – 9572666229, (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
7. निविदा का एकरारनामा राजस्व प्रतिवेदन/भूमि प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात किया जाएगा।
8. विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
एन॰आर॰ई॰पी॰, चतरा।

PR 353167 NREP(25-26)D

## न्यूज बॉक्स

### चैनपुर के नए अंचल निरीक्षक ने कार्यभार संभाला



**चैनपुर।** जितेंद्र राम ने चैनपुर अंचल के नौवें पुलिस अंचल निरीक्षक के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर उन्होंने अंचल क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। पदभार संभालने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए पु.नि जितेंद्र राम ने कहा कि चैनपुर अंचल को अपराधमुक्त बनाना उनका मुख्य लक्ष्य होगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने जनता से भी पुलिस का सहयोग करने की अपील की ताकि एक सुरक्षित और अपराधमुक्त चैनपुर अंचल का निर्माण किया जा सके।

### नशे में धुत चालक ने बस गड्ढे में उतारी, बाल-बाल बचे सभी यात्री




**चैनपुर ।** चैनपुर से जैरागी चलने वाली लक्ष्मी रथ नामक यात्री बस बुधवार को जैरागी से देर शाम चैनपुर लौटी थी। गुरुवार तड़के लगभग तीन बजे, नशे में धुत चालक बस को कटकाही ले जाने के क्रम में रामपुर डीपा के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गाड़ी बैक करते समय अनियंत्रित होकर एक गहरे गड्ढे में जा फंसी। घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना से एएसआई नंदकिशोर कुमार के नेतृत्व में पुलिस जवान तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने क्रेन की मदद से बस को सफलतापूर्वक गड्ढे से बाहर निकाला।बताया जा रहा है कि बस चालक अत्यधिक नशे की हालत में था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। गनीमत रही कि बस में कोई यात्री सवार नहीं था, जिससे किसी बड़े जानमाल के नुकसान से बचा जा सका। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के साप्ताहिक बाजार से लौट रहे एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग, जो नशे में धुत थे, सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। यह घटना चैनपुर से उनके गांव बेंदोरा कीरतो जाने के क्रम में प्रेमनगर जामुन पेड़ के समीप मोड़ पर हुई। विपरीत दिशा से आ रही एक कार ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों की पहचान जगतपाल उरांव (पिता जानकु उरांव) और बेनेदिक बड़ा व अरविंद बड़ा (पिता स्व. प्रसाद बड़ा) के रूप में हुई है। तीनों चैनपुर बाजार से अपने गांव जा रहे थे। टक्कर मारने के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए चैनपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। घटना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए पुलिस जांच कर रही है।

### सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत, परिजनों में शोक की लहर



**जारी।** जारी थाना क्षेत्र के परसा ग्राम स्थित कोतरीझरिया नामक स्थान पर हुए एक भीषण सड़क हादसे में 30 वर्षीय रोहित रॉय (पिता अरुण रॉय) की मौत हो गई।रोहित वर्तमान में एम.एल.ए. रोड, चैनपुर में रह रहे थे और मूल रूप से कस्तूरबा कॉलोनी, बाजार समिति थाना बहादुरपुर, जिला पटना के निवासी थे।यह दुर्घटना बुधवार शाम करीब 7 बजे की बताई जा रही है।जब रोहित अपनी बाइक से डुमरी से अपना साईड जहां जारडा में उनका काम चल रहा था की ओर जा रहे थे।आशंका जताई जा रही है कि उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गड्ढे में जा गिरी, जिसके परिणामस्वरूप घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।हादसे के बाद रोहित के बड़े भाई लगातार उन्हें फोन करते रहे, लेकिन नेटवर्क समस्या के चलते बात नहीं हो पा रही थी।सुबह होने पर जब गांव के ग्रामीणों ने दुर्घटनास्थल पर रोहित का शव देखा,तो उन्होंने तत्काल जारी थाना को सूचित किया।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आदित्य कुमार ने रोहित के परिजनों से संपर्क कर उन्हें घटना की जानकारी दी।पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया है।रोहित की असामयिक मृत्यु से परिजनों में गहरा शोक व्याप्त है।

# जंगली हाथी ने किसान के घर को किया तहस-नहस

**नवीन मेल संवाददाता**



**भरनो (गुमला)।** गुमला जिले के भरनो प्रखंड अंतर्गत डूडीया पंचायत के बसाईरटोली गांव में बुधवार रात एक जंगली हाथी ने भारी तबाही मचाई। हाथी ने गांव के किसान जुगल लोहरा के मिट्टी के घर को दो अलग-अलग स्थानों पर तोड़ डाला, घर का शौचालय भी ध्वस्त कर दिया और घर के अंदर रखे करीब चार क्विंटल धान को खा गया व बर्बाद कर दिया।

जानकारी के अनुसार, रात करीब 11 बजे गांव में अचानक एक जंगली हाथी घुस आया। हाथी की आहट से गांव में अफरा-तफरी मच गई। हाथी ने सीधे किसान जुगल लोहरा के घर को निशाना बनाया। घटना के समय जुगल लोहरा, उनकी पत्नी और बच्चे घर में सो रहे थे। हाथी ने जब दीवार तोड़नी शुरू की, तो किसी तरह सभी सदस्य घर से भागकर अपनी जान बचा सके।

ग्रामीणों ने हाथी को भगाने के लिए पटाखे जलाए, लेकिन काफी देर तक हाथी टस से मस नहीं हुआ। बाद में मशाल जलाकर ग्रामीणों ने मिलकर हाथी को खदेड़ते हुए लोंडरा गांव के पास स्थित पैला पहाड़ की ओर भगाया।

घटना की सूचना मिलने पर गुरुवार सुबह पंचायत की मुखिया रश्मि लकड़ा, पूर्व मुखिया बसंत उरांव और दतिया वन समिति अध्यक्ष कलेश्वर सिंह पीड़ित किसान के घर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया।

वन समिति अध्यक्ष कलेश्वर सिंह ने इसकी जानकारी बसिया वन क्षेत्र के प्रभारी वनपाल लिबनुस कुल्लू को भी दूरभाष पर दी। वहीं, किसान जुगल लोहरा ने वन विभाग से आर्थिक सहायता की गुहार लगाते हुए मुआवजे की मांग की है।

## अवैध बालू उत्खनन के खिलाफ भड़के ग्रामीण



- **हाईवा और जेसीबी को रोका, प्रशासन की चुप्पी पर जताया आक्रोश**

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में रात के अंधेरे में अवैध बालू उत्खनन धड़ल्ले से जारी है, और प्रशासन की चुप्पी से परेशान होकर अब ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। बुधवार की अहले सुबह बरगांव मकुन्दा पहाड़ टोली गांव में सैकड़ों ग्रामीणों ने बालू लदे दो हाईवा और एक जेसीबी मशीन को घेर लिया।

वाहन चालकों द्वारा ग्रामीणों की बात न मानने पर लोग उग्र हो गए और जेएच 01 एफआर 4216, जेएच 02 एएक्स 9386 नंबर के हाईवा और जेएच 05 एएन 8353 नंबर की जेसीबी मशीन पर पत्थरबाजी कर शीशे तोड़ दिए। स्थिति बिगड़ती देख चालक और खलासी वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार रात को गांव के वन क्षेत्र से होकर जेसीबी मशीन द्वारा दक्षिणी कोयल नदी तक रास्ता बनाया गया और रातभर अवैध रूप से ट्रैक्टरों व जेसीबी से बालू की निकासी कर गांव के डंपिंग यार्ड में भंडारण किया गया। सुबह होते ही बालू हाईवा में लोड कर रांची भेजा जा रहा था।

ग्रामवासियों का कहना है कि भारी वाहनों की आवाजाही से कच्ची सड़कें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं, जिससे रोजाना दुर्घटनाएं हो रही हैं। हाल ही में गायत्री देवी नामक महिला गिरकर हाथ तुड़वा बैठीं। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने बालू परिचालन बंद कराने का निर्णय लिया। ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बुधवार को जब ग्रामीणों ने स्वयं कार्रवाई कर अवैध बालू वाहन रोके, तब सूचना के करीब 7-8 घंटे बाद दोपहर डेढ़ बजे पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद ग्रामीणों और बालू कारोबार से जुड़े लोगों के बीच लंबी बातचीत के बाद समझौते के तहत बालू को गांव के ही डंपिंग यार्ड में गिराया गया और वाहनों को वापस लौटा दिया गया।

### पुलिस की तत्परता से खोया मोबाइल मिला

**भरनो (गुमला)।** भरनो पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक गुम मोबाइल बरामद कर उसके मालिक को सौंप दिया। दिसंबर 2024 में भरनो ब्लॉक चौक निवासी राजकुमार गोप का मोबाइल फोन गुम हो गया था। इस संबंध में उन्होंने भरनो थाना में सनहा दर्ज कराया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए भरनो थाना की टीम ने मोबाइल की खोजबीन शुरू की और अंततः उसे बरामद कर लिया। गुरुवार को भरनो थाना प्रभारी कंचन प्रजापति ने राजकुमार गोप को थाना बुलाकर उनका मोबाइल उन्हें सौंपा।

### राशन के लिए पहाड़ चढ़ने को विवश ग्रामीण

**भरनो (गुमला)।** भरनो पुलिस ने **गुमला (रायडीह)।** कोण्डरा पंचायत के ग्रामीण आज भी डिजिटल युग में मूलभूत सुविधा के अभाव से जूझ रहे हैं। बीते एक महीने से बीएसएनएल और जियो नेटवर्क पूरी तरह ठप है, जिसके कारण राशन वितरण व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। रानी लक्ष्मी महिला मंडल की राशन डीलर कमला देवी बताती हैं कि नेटवर्क न होने से लाभुकों को पहाड़ी इलाकों में ले जाकर अंगूठा लगवाना पड़ता है। कमला देवी ने बताया कि भीषण गर्मी, तेज आंधी, बारिश और वज्रपात के बीच राशन लोड कराना बेहद जोखिम भरा हो गया है।

## दो महीने के अंदर ही तीन नाबालिग बच्चों के सर से उठा माता-पिता का साया

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिसई(गुमला)।** उक्त घटना मुख्यालय क्षेत्र से करीब साढ़े तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित निमड़ा गांव की है। गांव का एक परिवार महज दो महीने में बिखर गया। परिवार में संतोष गोप,पत्नी धनकुंवारी देवी के अलावा तीन नाबालिक बच्चों के खुशहाल परिवार पर उस समय दुखों का पहाड़ टुट पड़ा, जब परिवार का मुखिया ट्रक चालक संतोष गोप (37) ने बीते 12 मार्च 2025 की रात घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पति के मृत्यु के महज दो महीने बाद बीते 13 मई की सुबह नौ बजे मजदूरी के लिए सिसई जाने के क्रम में गांव के समीप नेशनल हाईवे पर सड़क दुर्घटना में धनकुंवारी देवी की दर्दनाक मौत हो गई। दो महीने के अंदर ही एक गरीब खुशहाल परिवार के तीन नाबालिक बच्चों का भविष्य अंधकार में डुब गया। मां-बाप का साया सर से उठने के पश्चात बड़े बेटे कुलदीप गोप ने अपना मैट्रिक का सर्टिफिकेट दिखाते हुए बताया कि वह सिसई प्रखंड मुख्यालय स्कूल से बीते वर्ष (2024) में मैट्रिक पास किया है और आगे शिक्षा के लिए सिसई बी एन जालान कॉलेज में नामांकन फार्म भी भरा था, किन्तु कॉलेज में इंटर की पढ़ाई कॉलेज में नहीं होने के कारण नामांकन नहीं हुआ और पढ़ने की इच्छा होते हुए भी मजबुरन पढ़ाई छोड़नी पड़ी।

## गुमला जिले के कई स्कूलों के बच्चों ने समर कैंप में उत्साहपूर्वक लिया भाग, की खूब मस्ती

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** जिले की करणी, पुग्गु और आंजन पंचायतों में एक दिवसीय समर कैंप का आयोजन उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इन शिविरों में पंचायत प्रतिनिधियों, विद्यालयों के शिक्षकों, पिरामल फाउंडेशन की टीम और सैकड़ों विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों में शैक्षिक जागरूकता, रचनात्मकता और स्वास्थ्य के प्रति सजगता को बढ़ावा देना था।

करणी पंचायत के पीएम श्री यूपीजी मिरचईपाट स्कूल में हुए समर कैंप में 200 से अधिक छात्र-छात्राएं, अभिभावक और शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक स्वागत गीतों से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति पर प्रभावशाली नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। पिरामल फाउंडेशन की टीम ने बाल गीत, चेतना गीत और प्रेरक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में विद्यालय के प्रति नियमितता और सहभागिता को प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर बच्चों को फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के बारे में सरल और संवादात्मक शैली में जानकारी दी गई। उन्हें इसके लक्षण, फैलने के तरीके और बचाव उपायों के बारे में बताया गया, साथ ही मच्छर रोधी उपायों और नियमित दवा सेवन की जानकारी देकर उन्हें सजग रहने का संदेश दिया गया। पुग्गु पंचायत के राजकीयकृत मध्य विद्यालय घासीटोली में आयोजित समर कैंप में 82 बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने चित्रकला, गीत और खेलों के माध्यम से ज्ञानवर्धन किया। उन्हें फलों, फूलों, शरीर के अंगों और पोषण से जुड़ी जानकारियां खेल-खेल में दी गईं। मुखिया विभा लकड़ा ने प्रेरणादायक संदेश देते हुए चॉकलेट वितरण के साथ समापन किया। आंजन पंचायत के राजकीयकृत मध्य विद्यालय, सेमर्डी में आयोजित समर कैंप में 216 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बाल गीतों और चेतना गीतों से आरंभ इस शिविर में चित्रकला, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी और शैक्षिक खेलों का आयोजन किया गया। इससे बच्चों की रचनात्मकता, सहयोग भावना और नेतृत्व कौशल को बढ़ावा मिला। पंचायत की मुखिया श्रीमती कर्मी उरांव ने बच्चों को गर्मी की छुट्टियों का रचनात्मक उपयोग, नियमित अध्ययन और स्वच्छता के महत्व की सीख दी।

## जिला प्रशासन की कड़ी कार्रवाई 29,500 घनफीट बालू जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले में अवैध खनन एवं भण्डारण के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 21.05.2025 को गुमला थाना क्षेत्र के कोयल नदी के निकट, मौजा-कोयंजारा, पंचायत-कसीरा में अवैध बालू खनन एवं भण्डारण की रोकथाम हेतु जिला टास्क फोर्स (टास्क फोर्स) द्वारा औचक जांच और छापेमारी अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई वन प्रमंडल पदाधिकारी गुमला की अध्यक्षता में, जिला खनन पदाधिकारी, खान निरीक्षक तथा सशस्त्र पुलिस बल (आर्म्ड पुलिस फोर्स) की उपस्थिति में की गई। जांच के दौरान जी.आर. 23.042105, 84.724294 के अंतर्गत लगभग 23,000 घनफीट एवं समीपवर्ती क्षेत्र में लगभग 6,500 घनफीट बालू अवैध रूप से भंडारित पाया गया। कुल मिलाकर 29,500 घनफीट बालू जब्त किया गया। यह अवैध बालू 22.05.2025 को जब्त कर मुखिया प्रतिनिधि को सुरक्षा के दृष्टिकोण से सुपुर्द किया गया।

इसके अलावा वन क्षेत्र अंतर्गत एक ट्रैक्टर को भी जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा जब्त किया गया है। उक्त ट्रैक्टर के विरुद्ध वन अधिनियम (फॉरेस्ट एक्ट) एवं अन्य संबंधित कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने यह स्पष्ट किया है कि बिना वैध पट्टा (लाइसेंस) या अनुज्ञप्ति (परमिट) के खनिज का उत्खनन, भंडारण और परिवहन झारखंड लघु खनिज समन्वय नियमावली, 2004 के नियम 4 एवं 54 तथा झारखंड मिनरल्स (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम) नियमावली, 2017 के नियम 7 एवं 9 के तहत दंडनीय अपराध है।

## 20 साल से फरार हत्या आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**पालकोट (गुमला)।** पालकोट पुलिस ने वर्ष 2002 के एक हत्या मामले में पिछले 20 वर्षों से फरार स्थायी वारंटी दशरथ नायक को रांची से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी दशरथ नायक पालकोट थाना क्षेत्र के बघिमा गांव का निवासी है। पालकोट थाना प्रभारी राहुल कुमार दसौंधी ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी हत्या के मामले में गिरफ्तारी के बाद जमानत पर बाहर आया था, लेकिन इसके बाद से लगातार फरार चल रहा था और अदालत से उसके खिलाफ स्थायी वारंट जारी किया गया था। हाल ही में पुलिस को सूचना मिली कि दशरथ नायक रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में छिपकर रह रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद थाना प्रभारी राहुल कुमार दसौंधी एवं एसआई गौतम वर्मा के नेतृत्व में एक टीम ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।


**समाहरणालय, गढ़वा**
**(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य शाखा)**
(sportsdsogarhwa@gmail.com)

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची के निदेश के आलोक में गढ़वा जिला में पूर्व से स्वीकृत एवं नवस्वीकृत डे–बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षकों के कुल पांच (05) रिक्त पद एवं क्रीड़ा किसलय केन्द्र में प्रशिक्षक के कुल एक (01) रिक्त पद हेतु आवेदन आमंत्रित कर मेघा सूची के आधार पर अस्थाई रूप स नियुक्त किया जाना है, जिन्हें श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा अतिकुशल दैनिक कर्मियों हेतु निर्धारित अद्यतन पारिश्रमिक राशि भुगतान किया जायेगा।

उक्त पदों पर आवेदन हेतु इच्छुक एवं अर्हत्ताधारी आवेदक दिनांक–22.02.2025 तक अपना आवेदन केवल ई–मेल (sportsdsogarhwa@gmail.com) के माध्यम से आवेदन कर सकते है अन्य किसी भी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। अस्थाई क्रीड़ा प्रशिक्षक के रूप में नियुक्ति हेतु निम्नांकित अहर्त्ताएं होनी चाहिए:–

| क्र0 | योग्यता | डे–बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र (एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी एवं कुश्ती) क्रीड़ा किसलय केन्द्र (बैडमिंटन) हेतु | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक एवं खेल विशेष योग्यता | A. शैक्षणिक योग्यता– स्नातक उत्तीर्ण एवं खेल योग्यता– भारतीय खेल प्राधिकरण अंतर्गत संचालित National Institute of Sports से सर्टिफिकेट कोर्स/विभिन्न खेल संघों द्वारा जारी प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र (Level- C to A)/एम०पी०एड०/बी०पी०एड०/ बी०पी०ई०। अथवा B. शैक्षणिक योग्यता– इंटरमिडिएट उत्तीर्ण एवं खेल योग्यता– राष्ट्रीय खिलाड़ी पदक विजेता/अन्तरराष्ट्रीय खिलाड़ी। | सभी अहर्त्ताओं के लिये अलग–अलग अंक निर्धारित है। |
| 2 | आयु सीमा | 20–50 वर्ष | |
| 3 | प्राथमिकता | गढ़वा जिला में प्रशिक्षक नहीं मिल पाने पर निकटवर्ती जिला के प्रशिक्षक को प्राथमिकता दी जायेगी। | |

नोट:– विस्तृत जानकारी हेतु समाहरणालय, गढ़वा स्थित पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य शाखा, कमरा संख्या– 413 में संपर्क किया जा सकता है अथवा संबंधित जानकारी गढ़वा जिला के अधिकारिक वेबसाईट garhwa.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

जिला खेल पदाधिकारी, गढ़वा

PR 353240 Art Culture Sports and Youth Affairs(25-26)#D



JHARKHAND EDUCATION PROJECT

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार**
समाहरणालय परिसर, दूसरी मंजिल, लातेहार
दूरभाष सं० : 06565–248083, ई-मेल : ssalatehar@gmail.com

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक GE/08/132/2019-20/2648 दिनांक 12.10.2022 के आलोक में लातेहार जिले के अन्तर्गत प्रखण्डों में संचालित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय तथा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय सरयू में खाद्यान्न, दूध, सब्जी, फल, अण्डा, मांस, मछली, स्टेशनरी, पोशाक, इत्यादि सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निबंधित आपूर्तिकर्त्ताओं से सीलबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रत्येक पैकेज के लिए 1000/– रूपये राष्ट्रीयकृत बैंक के DEO-CUM-DPO, SSA LATEHAR के नाम से भुगतेय अप्रतिदेय (NON REFUNDABLE) डिमांडड्रॉफ्ट, आवेदन के साथ समग्र शिक्षा कार्यालय, डी0आर0डी0ए0 बिल्डिंग, द्वितीय तल लातेहार में निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकेगा। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि 22.05.2025 से 02.06.2025 अपराह्न 05:00 बजे तक है तथा दिनांक 22.05.2025 से 02.06.2025 तक अपराह्न 05:00 बजे तक निविदा समग्र शिक्षा अभियान जिला कार्यालय लातेहार में जमा किया जा सकता है। निविदा खोलने की विद्यालयवार विस्तृत विवरणी निम्नवत् है–

| निविदा से संबंधित विद्यालयों की विवरणी | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|
| कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, गारू (पैकेज–01,02,03,04)<br>कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, बालूमाथ (पैकेज–04) | निविदा खोलने की तिथि:– 04.06.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे। |
| नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय सरयू (पैकेज–01,02,03,04) | |
| झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, महुआडांड पैकेज–01,02,03,04<br>झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, हेरहंज पैकेज–04<br>झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, बारियातु पैकेज–04 | |

इच्छुक निविदादाता के द्वारा निविदा प्रपत्र को पूर्ण रूपेण भरते हुए निविदा प्रपत्र को दो अलग–अलग सीलबन्द लिफाफे में जमा किया जाना है, जिसमें विद्यालय का नाम, तकनीकी बीड , वित्तीय बीड तथा पैकेज का नाम स्पष्ट रूप से अंकित हो। निविदादाता को प्रत्येक विद्यालय तथा प्रत्येक पैकेज के लिए अलग–अलग निविदा जमा करना होगा।

निविदा में किसी भी प्रकार के सशोधन/रद्द/विभक्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा से संबंधित सभी सूचना आदि को जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह– जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान, लातेहार

PR 353227 Human Resource Developement (25-26)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,चतरा**

**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–03 वर्ष 2025–26**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 2 | विज्ञापनदाता का नाम | ई0 मनोज कुमार मुण्डारी कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 3 | परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि | दिनांक 28.05.2025 समय 05:00 बजे अपराहन तक |
| 4 | निविदा प्राप्ति की तिथि | दिनांक 29.05.2025 समय 03:00 बजे अपराहन तक |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 29.05.2025 समय 04:00 बजे अपराहन तक |
| 6 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 7 | निविदा प्राप्ति का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 8 | निविदा खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पे यजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| 9 | कार्य की विस्तृत विवरणी – | |

Name of Work: Construction of 200mm x 165mm x 200.00 M Deep High Yield Drilled Tube well, Toilet, 04 Nos Soak Pit, Septic Tank, Installation of 2000 liters Capacity Water Storage Tank with 1.5 HP Electric Submersible Motor Pump set with Starter and 5KV Stabilizer including Electric and Sanitary work in Boys Adiwasi Hostel Campus, Chatra in Block Chatra of District Chatra under D.W. & S. Divisi on Chatra for the Year 2025-26. (Untied Fund)

| ग्रुप संख्या | शौचालय की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| T-AND-W/BHC/GR-01 | 01 No. | 18.36620 | 0.37000 | 5000/- | 45 Days |

नोट – निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

(ई0 मनोज कुमार मुण्डारी) कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

PR 353175 Drinking Water and Sanitation(25-26).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार।**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–05/2025–26 (द्वितीय आमंत्रण)**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 29.05.2025 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 30.05.2025 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 30.05.2025 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7 .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र.सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Renovation work of ITI Hostel Building at Barwadih in Latehar District. | 30,30,640/- | 61,000/- | 5,000/ | 02 (Two) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार ।

PR.NO.353197 Building(25-26):D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

मैं चैतन्य के विमान में उड़ान भरता हूँ, ऊपर, नीचे, बाएं, दाएं, अंदर में, बाहर, सभी तरफ, और देखता हूँ कि अपने अंतरिक्ष-घर के प्रत्येक कोने में मैं सदा ही अपने परमपिता के पवित्र सान्निध्य में रहा हूँ। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# सुधरने वाला देश नहीं है पाकिस्तान


भारत ने आतंकवाद में पाकिस्तान की संलिप्तता और उसकी मिलीभगत को उजागर करने वाले नवीनतम साक्ष्यों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की समिति के सम्मुख पेश किया है। चूंकि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की जिम्मेदारी पहले लश्कर-ए-तोइबा के मुखौटा संगठन टीआरएफ (द रेसिस्टेंस फ्रंट) ने ली थी, ये साक्ष्य मुख्यतः टीआरएफ के खिलाफ ही हैं। पाकिस्तान की आतंकवाद में संलिप्तता के लिए भारत को यह भी सिद्ध करना होगा कि पाकिस्तान 1947, 1965 और 1999 के हमलों को भी शुरू में यही दिखाने की कोशिश करता रहा कि ये हमले भारत के ही आतंकियों ने किए हैं। 1947 के हमले को उसने अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा पर बसे कबाइलियों द्वारा, 1965 के हमले को स्थानीय कश्मीरियों और 1999 के कारगिल हमले को भी स्थानीय कश्मीरी आतंकवादियों का ही कृत्य बताने की कोशिश की थी। अक्सर पाकिस्तानी सेना अपनी छवि को बचाने के लिए युद्ध में धोखेबाजी और अपनी भागीदारी को छिपाने का प्रयास करती आई है, लेकिन हर बार उसका काला सच उजागर होता रहा है। 1947 में विभाजन के फौरन बाद पाकिस्तानी सेना ने कश्मीर पर हमला कर दिया और इस हमले में अपनी संलिप्तता छिपाने के लिए घोषणा की कि पाकिस्तान-अफगानिस्तान की सीमा पर बसे पठान कबाइलियों ने यह हमला किया है। उस समय तक जम्मू-कश्मीर का भारत में विलय नहीं हुआ था, इसलिए वहां की छोटी-सी सेना उसके इस हमले का मुकाबला नहीं कर सकी। इसी कारण पाकिस्तानी सेना उस पर कब्जा करते हुए बारामुला तक पहुंच गई, जो श्रीनगर से केवल 60 किलोमीटर दूर है। इस समय जम्मू-कश्मीर के शासक ने भारत में विलय का निर्णय ले लिया, जिसके बाद भारतीय सेना ने फौरन श्रीनगर पहुंचकर हमलावरों को खदेड़ दिया। लेकिन इसी समय भारत सरकार यूएनओ में चली गई और यूएनओ ने युद्ध विराम की घोषणा कर दी, जिस कारण कश्मीर के कुछ हिस्सों पर अब तक पाकिस्तान का कब्जा है, जिसे पाक अधिकृत कश्मीर बोला जाता है। पाकिस्तानी सेना की धोखेबाजी का सबसे बड़ा उदाहरण कारगिल युद्ध है। इस युद्ध को भी पाकिस्तानी सेना ने 1965 की तरह दिखाने की कोशिश की तथा प्रचार किया कि कश्मीर के स्थानीय निवासियों ने ही कारगिल की पहाड़ियों पर कब्जा किया है और वे कश्मीर को भारत से अलग कर पाकिस्तान के साथ मिलाना चाहते हैं। भारतीय सेना ने इस हमले का मुकाबला करते हुए पाया कि यह हमला पूरी तरह से पाकिस्तानी सेना ने ही किया है। इस हमले में भी पाकिस्तान को हार मिली और हद तो तब हो गई जब पाकिस्तानी सेना ने अपने मारे गए सैनिकों के शवों को भी लेने से इन्कार कर दिया। पाकिस्तान ने चार युद्धों में भारत के हाथों बुरी हार पाई और उसके बाद उसको विश्वास हो गया कि वह भारतीय सेना से आमने-सामने के युद्ध में नहीं जीत सकता। इसके बाद वह पूरी तरह से आतंकी हमलों के जरिये भारत में अशांति फैलाने की साजिश रचने लगा। उसने 2001 में संसद और 2008 में मुंबई आतंकी हमले कराए।



*अक्सर पाकिस्तानी सेना अपनी छवि को बचाने के लिए युद्ध में धोखेबाजी और अपनी भागीदारी को छिपाने का प्रयास करती आई है, लेकिन हर बार उसका काला सच उजागर होता रहा है।*

# संकटकाल में शत्रु को लाभ पहुंचाने वाले सवाल

लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की सबसे बड़ी खूबसूरती है कि इसमें विपक्ष के साथ-साथ देश के प्रत्येक नागरिक को सरकार से सवाल पूछने का अधिकार प्राप्त होता है। लेकिन कोई भी राष्ट्र तभी मजबूती से आगे बढ़ सकता है जब इस अधिकार का प्रयोग जिम्मेदारी के साथ किया जाए। बीते कुछ दिनों में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर 'हमारे कितने विमान गिरे' जैसे अवांछित सवाल पूछे हैं। उनके सवालों को पाकिस्तान, भारत के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। इसके अलावा कई मीडिया संस्थानों की गैरजिम्मेदाराना रिपोर्टिंग और सोशल मीडिया में सक्रिय बुद्धिजीवियों ने लोगों के मन में सवाल पैदा कर दिया है कि क्या सरकार ने विदेशी ताकतों के दवाब में आकर हड़बड़ी में सीज फायर का फैसला लिया? इस सवाल का सीधा सा जवाब इस बातों में छुपा है कि ऑपरेशन सिंदूर क्यों शुरू किया गया? भारत उन लक्ष्यों को किस हद तक प्राप्त करने में सफल रहा?




बीती 22अप्रैल को पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों ने 26 हिन्दू पर्यटकों को धर्म पूछ कर मार डाला। आतंकवादियों की इस करतूत के बाद पूरा देश आक्रोशित था। सब चाहते थे कि पाकिस्तान को इसका सबक सिखाया जाए। इसके बाद सबसे पहले हमारी सरकार ने सिंधु जल संधि को स्थगित करके पाकिस्तान के सामने बड़ा संकट खड़ा कर दिया। फिर ऑपरेशन सिंदूर के तहत सात मई को पाकिस्तान और पीओके में मौजूद आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। सैन्य कार्रवाई में जिन नौ ठिकानों को नष्ट किया गया उनमें जैश ए मोहम्मद का बहावलपुर स्थित मुख्यालय भी शामिल है। ऑपरेशन सिंदूर की आतंक के आकाओं को इतनी गहरी चोट लगी कि जैश ए मोहम्मद का सरगना मसूद अजहर फूट-फूट कर रोने लगा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत महज 25 मिनट में नौ आंतकवादी ठिकानों को नष्ट करके 100 से ज्यादा दहशतगर्दों को उनके अंजाम तक पहुंचाने के बाद हमारे सैन्य अधिकारियों ने साफ कर दिया था कि भारत ने जो कार्रवाई की है वह सिर्फ आतंकवादियों के खिलाफ थी। यह न तो पाकिस्तान के आम नागरिकों के खिलाफ थी और न ही पाकिस्तानी सेना के खिलाफ। उन्होंने साफ किया कि अगर पाकिस्तान की ओर से किसी भी तरह का दुस्साहस करने का प्रयास किया गया तो भारत उसका समुचित जवाब देगा।

आज की बात



**विकास सक्सेना**

आतंकियों के खिलाफ की गई कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान ने चीन और दूसरे देशों प्राप्त हथियारों के दम पर ड्रोन, मिसाइल और लड़ाकू विमानों के जरिए भारत पर हमला करने की कोशिश की लेकिन हमारी सेना ने वायु रक्षा प्रणाली और उन्नत तकनीकी से उन कोशिशों को नाकाम कर दिया। हालांकि इसके जवाब में भारत की ओर से की गई कार्रवाई में पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली ध्वस्त हो गई। उसके अधिकांश हवाई अड्डे निष्प्रयोज्य कर दिए गए। भारत की प्रतिक्रिया इतनी तीखी होगी इसकी कल्पना शायद पाकिस्तान के आकाओं को भी नहीं थी। जो पश्चिमी मीडिया भारत के खिलाफ लगातार झूठे विमर्श गढ़ रहा था उसे भी सैटेलाइट से प्राप्त तस्वीरों के आधार पर यह स्वीकार करना पड़ा कि भारत ने पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली को ध्वस्त कर उसके सैन्य हवाई अड्डों को भारी नुकसान पहुंचाया है। पहलगांव में हिन्दू पर्यटकों की धर्म पूछकर हत्या सिर्फ हिन्दू मुसलमानों के बीच की खाई को चौड़ा करने के इकलौते उद्देश्य के लिए नहीं की गई बल्कि इसके पीछे का एक और बड़ा लक्ष्य भारत की बढ़ती आर्थिक शक्ति की राह में रोड़े उत्पन्न करना भी था। रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास युद्ध के अनुभव के आधार पर भारत विरोधी ताकतें उसे पाकिस्तान के साथ लम्बे युद्ध में फंसाना चाहती थीं जिससे उसकी आर्थिक प्रगति को बाधित किया जा सके। लेकिन भारतीय रणनीतिक सूझबूझ, सैन्य कुशलता और कूटनीतिक तैयारियों ने इन ताकतों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। इसीलिए अब भ्रम फैलाने के लिए वे अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। जिन लक्ष्यों को लेकर ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था प्रथम दृष्टया, उससे अधिक सफलता प्राप्त की जा चुकी है।

ऑपरेशन सिंदूर का प्रमुख उद्देश्य नरसंहार के दोषियों और पाकिस्तान में बैठे उनके आकाओं को सबक सिखाना था जो सात मई को पाकिस्तान और पीओजेके में मौजूद आतंकवादी अड्डों को नष्ट करके पूरा कर दिया गया। इसके बाद पाकिस्तान में जिस तरह भारत पर हमला किया उसके जवाब में तीनों भारतीय सेनाओं ने अपने अदम्य पराक्रम को प्रदर्शन करके तीन दिनों के भीतर ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया।

भारतीय सेना के पराक्रम, युद्ध कौशल और सटीक रणनीति ने पाकिस्तान और उसे हथियार मुहैया कराने वाले चीन और दूसरे देशों के पसीने छुड़ा दिए। जो देश भारत को लम्बे युद्ध में फंसाकर उसकी आर्थिक प्रगति को बाधित करने का ख्वाव संजोए बैठे थे, अपने विमानों, मिसाइलों और ड्रोनो के लगातार ध्वस्त होने से उसकी चिंता बढ़ गई। खबर है कि भारतीय सेना ने तुर्किये के ड्रोन, चीनी वायु रक्षा प्रणाली एसक्यू 9, चीनी विमान जेएफ 17 और अमरीकी विमान जे 16 समेत कई उन्नत मिसाइलों को मार गिराया। चीन अपनी पीएल 15 मिसाइल को दुनिया की सबसे आधुनिक मिसाइल बता रहा था इसे भारतीय वायु रक्षा प्रणाली ने मार गिराया और इसका मलबा भारत के पास सुरक्षित है। इसके बाद दुनिया के हथियार बाजार में साख गिरने के डर से चीन और अमेरिका जैसे देशों में हडकम्प मचा हुआ है।

जानकारों का कहना है कि भारत की बढ़ती ताकत को देखकर ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन के साथ ट्रेड वार को स्थगित कर दिया। भारतीय रक्षा प्रणाली और मिसाइलों के आगे चीन और अमेरिकी हथियारों की विफलता ने दुनिया के सबसे बड़े हथियार बाजार को एक नया खिलाड़ी दे दिया है। माना जा रहा है कि आने वाले समय में रक्षा उपकरणों के बाजार में भारत की साख बढ़ेगी, उसकी आर्थिक प्रगति की गति भी तेज होने की उम्मीद है। चीन और दूसरे सहयोगी देशों की हालत देख पाकिस्तान के डीजीएमओ ने घुटनों पर आकर 10मई की दोपहर साढ़े तीन बजे भारत के डीजीएमओ से फोन पर बात कर सीज फायर की गुहार की जिसके बाद लगभग पांच बजे से सीज फायर की घोषणा कर दी गई।

किसी भी सैन्य अभियान की सफलता में सैन्य कुशलता और उन्नत तकनीकी के साथ सटीक रणनीति का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान होता है। शत्रु को हतप्रभ करते हुए हमला करना, उसे घुटनों पर लाकर न्यूनतम हानि के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर बाहर निकलना किसी भी सामरिक अभियान की सफलता का मूल आधार है, जिसे प्राप्त करने में ऑपरेशन सिंदूर पूरी तरह सफल रहा। हालांकि कुछ मीडिया संस्थानों की गैरजिम्मेदाराना खबरों और विश्लेषणों से कुछ लोगों को लगने लगा था कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के चार टुकड़े हो जाएंगे और पीओजेके भारत में शामिल हो जाएगा। जबकि इस अभियान का ऐसा कोई लक्ष्य था ही नहीं।

देश के आम लोगों की इसी भावना को भड़काने के लिए राहुल गांधी और कुछ दूसरे नेता तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर विदेशमंत्री एस जयशंकर पर 'मुखबिरी' करने जैसे गंभीर आरोप लगा रहे हैं। वे न तो सरकार की सुनने को तैयार हैं और न ही सेना के अधिकारियों की। सवाल पूछने के लोकतांत्रिक अधिकार की आड़ में वे पश्चिमी मीडिया के भारत विरोधी एजेंडा के तहत लिखे जा रहे समाचारों और भारत विरोधी नेताओं के पाकिस्तान परस्त उन बयानों को तूल देने में जुटे हैं जो भारतीय सैन्य बलों और देश की जनता का मनोबल तोड़ सकते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## नाम छपवाओ, दुख बढ़ाओ

कभी-कभी लगता है कि आदमी को सबसे ज्यादा तकलीफ़ अपने नाम से होती है। मतलब, नाम तो रख देते हैं - गोपाल, श्यामलाल, महावीर - लेकिन नाम को अखबारों में छपवाना हो तो फिर गोपाल 'कवि गोपालानंद', श्यामलाल 'डॉ. श्याम रसिक', और महावीर 'महाकवि महावीराचार्य' बन जाते हैं। जैसे नाम में कोई वजन तभी आता है जब वो प्रेस में प्रेस हो जाए। अब गांव के एक मास्साब थे - सीधे-सादे। अचानक एक दिन देखा तो "प्रादेशिक काव्य संगोष्ठी के मुख्य अतिथि" बन बैठे। मैंने पूछा -"मास्साब! आपने कब से कविता लिखनी शुरू की?" बोले -"बेटा, लिखना तो अब तक नहीं आया, पर छपना शुरू हो गया है।" कहते हैं कि दुख बांटने से कम होता है, लेकिन नाम छपवाने की बीमारी बांटने से बढ़ती है। एक बार 'स्वर्गीय प्रेमशंकर जी' की तेरहवीं थी। भोज में खाना नहीं, कविता परोसी जा रही थी। "स्मृति शेषः कवि सम्मेलन" हो रहा था। मंच पर कवि कम, चाटुकार ज्यादा बैठे थे। जैसे कोई अचार के मर्तबान में कलम डुबोकर आया हो और बोला हो - "शाम सुहानी, चाय पानी, नेता जी आपके गुण गाए बानी!" श्रोताओं को लगा कि ये श्रद्धांजलि है या "कॉर्पोरेट ईवेंट"! कहते हैं कि आदमी को रोटी, कपड़ा और मकान की जरूरत होती है। लेकिन कुछ को सिर्फ "कविता, छपाई और पहचान" की भूख होती है। मेरे मोहल्ले का ताऊ रामअवतार एक दिन बोला -"बेटा, ये देखो मेरी कविता! 'गांव की गलियों में गूंजेगा मेरा नाम!'" मैंने देखा, पेज पर "शेरः रमेश कुमार, तहसीलदार" लिखा था। मैंने पूछा -"ताऊ, रमेश कुमार कौन?" बोले -"अरे वही जिसने हमारी दुकान सील की थी, अब उसका नाम अपनी कविता में छापूंगा... बदला इसी से लूंगा!" अब समझो - कविता नहीं, ये भावनात्मक बदला था! एक बार नगर निगम ने 'साहित्य पुरस्कार' की घोषणा की। पुरस्कार में था- "स्टील का गिलास, एक नारियल और एक स्मृति पत्र।" सुनते ही मोहल्ले का 'मुंहफट बाबू' बोला - "भाई साहब, अब तो गिलास के लिए भी लोग छपेंगे!" अगले ही दिन वह खुद 'गद्य कवि सम्मेलन' में दिखा -मंच पर खड़ा, और हाथ में वो ही गिलास! बोला - "ये सिर्फ गिलास नहीं, मेरे जीवन की कविता है!" मैंने सोचा - काश वो गिलास टूट जाता, पर उसकी आत्मा न टूटती। वो दौर गया जब शौकिया लिखने वाले घर के कोने में चुपचाप डायरी रखते थे। अब हर तीसरे शख्स के पास प्रिंटेड बायोडाटा, फेसबुक पेज और 'कविता संग्रह' के लिए फंडिंग अपील है। एक दिन मोहल्ले की 'गुड्डी भाभी' बोलीं- "भैया जी, अब तो कविता सुनिए -'रात की चांदनी, नेता जी की सादगी...'" मैंने कहा - "भाभी, कविता में चांदनी की बात ठीक है, लेकिन नेता जी की सादगी...? थोड़ा ज्यादा नहीं हो गया?" भाभी मुस्काईं -"नेता जी ने ही छपवाने का कहा है!"

आपकी बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# सैनिक वेश में प्रधानमंत्री की कल्पित तस्वीर से प्रश्न!

पहलगाम घटना के पश्चात हुए एक संक्षिप्त युद्ध के हम सभी अब साक्षी हैं। जिसमें हमारे वीर बाँकुरों ने, खास तौर पर वायु सेवा ने जो कर दिखाया है। वह कोई छोटी-मोटी घटना नहीं है और इसने विश्व के शक्तिशाली राष्ट्रों को भी यह जता दिया है कि भारत अब किसी भी बात का उत्तर ईंट का जवाब पत्थर की तर्ज में देगा और समय के अनुसार ऐसा करना आवश्यक भी है। वरना एक सॉफ्ट स्टेट के रूप में भारत ने पहले ही अपना बहुत बड़ा भूभाग ही नहीं गँवाया. बल्कि कटनीतिक क्षेत्र में भी मुंह की खाई है। 1962 में भारत के एक विशाल पड़ोसी देश ने धोखे से भारत पर हमला करके न केवल उसका बड़ा भू भाग हथियाया, अपितु मित्रता की भावना के साथ बहुत बड़ा विश्वासघात किया। इस दंश को भारत की जनता आज तक नहीं भूल पाई है और ना ही कभी भूलेगी! किंतु अब समय बदल चुका है और भारत के लोग अब कतई नहीं चाहते कि कोई भी महाशक्ति उसे दबाए! एक छोटे-मोटे देश की तो औकात ही क्या ! इसलिए भारत की वायु सेवा ने एक बड़बोले पड़ोसी देश को उसकी औकात दिखा दी है! किंतु युद्ध उन्माद के मारे देश के लाखों लाख लोग भारत के प्रधानमंत्री की तस्वीर को सैनिक की यूनिफार्म पहनाकर जिस प्रकार उन्हें वीर बाँकुरे के रूप में पेश कर रही है। इससे कुछ प्रश्न अपने आप ही पैदा हो जाते हैं। क्योंकि यह युद्ध के परिणामों से आगे जाकर उसकी सफलता को अपनी चुनावी सफलता में भुना लेने के रूप में दिखाई पड़ती है और यह गलत है! देश के वर्तमान प्रधानमंत्री को देश की जनता भली प्रकार प्यार करती है और इसके लिए उन्हें अपना रूप बदलने की कतई आवश्यकता नहीं है और ना ही इस प्रकार सैनिकों का श्रेय उन्हें दिया जाना कदाचित् उचित भी होगा! इस संदर्भ में उनको लेकर उनका जो भी चित्रण किया जा रहा है, वह जनता की नजर में बिल्कुल अनुचित है। और शायद ही किसी को यह बात पचेगी! क्योंकि अपने वक्त का लोकप्रिय व्यक्ति, जिसे जनता अपने सिर माथे पर चढ़ाती है, उसके बारे में कोई भी उचित बात भी सुनना बिल्कुल भी पसंद नहीं करती! इसलिए ऐसी कोई भी बात कहने के लिए आपको बहुत ताने मारे जाएंगे। बहुत लोग जूते चमकाएंगे और बहुत लोग न जाने क्या-क्या कहते चले जाएंगे। किन्तु लेखक या पत्रकार का काम सच को सच की तरह कहना है और ऐसे तमाम व्यक्तियों को आइना दिखाना है, जो किसी और का श्रेय खुद लेते हों या खुद लेते हुए दिखाई पड़ते हों। बेशक किसी मामले में कोई फैसला, कोई निर्णय किसी एक व्यक्ति के हाथों होता है। किंतु बहुत सारे फैसले परिस्थितिगत निर्णय भी होते हैं और बहुत सारे फैसले करोड़ों जनता के दबाव के कारण भी लिए जाते हैं। तो सच में देखा जाए तो यह फैसला जनता का फैसला था, जिसके लिए उसके किसी प्रतिनिधि ने निर्णय लिया। लेकिन उसके लिए जो अंतिम कार्य किया गया। वह हमारे जांबाज और वीर सैनिकों ने किया। तो इसलिए वीरता से संबंधित कोई भी बात केवल और केवल उन्हीं पर जमती है। निर्णय लेने वाले किसी व्यक्ति का किसी सैनिक की ड्रेस में अवतरित होना और पूरे देश में उसके लाखों पोस्टर लग जाना। यह कहीं से भी जायज नहीं लगता। यद्यपि वह व्यक्ति पिछली ऐसी ही परिस्थितियों में पिछले समय में लिए गए निर्णय के विरुद्ध नया निर्णय लेकर एक अच्छी मिसाल कायम करता है। जो देश की जनता को भाता है। किंतु युद्ध उन्माद तो कहीं की भी जनता का प्रिय शगल होता है। क्योंकि जनता को लड़ने नहीं जाना होता। लड़ने जाना होता है वीर सैनिकों को! हम लोग तो केवल अपनी जीत पर हर्षोल्लास मनाते हैं और हार पर कलपते रह जाते हैं! अंततः युद्ध किसी भी युग की चाहना नहीं है। अलबत्ता समय पड़ जाए, तो युद्ध आवश्यक और अनिवार्य भी हो जाता है। किंतु जिस प्रकार पहले राजवंशों के समय युद्ध की जीत राजा की जीत कहलाते थे। इस प्रकार लोकतंत्र के समय में भी युद्ध में प्राप्त हुई जीत को किसी प्रधानमंत्री की जीत नहीं माना जा सकता। यह देश की जीत है। किसी राजवंश की जीत नहीं है। किसी राजा की जीत नहीं है। यह देश की जीत है और यह देश की चाहना के अनुरूप एक देश के किसी प्रधानमंत्री के लिए गए निर्णय के कारण लिए गए युद्ध के परिणामों की जीत है।


**(आशा है कि पाठक इस वक्तव्य को सम्यक तरीके से पचाएंगे ! ना कि किसी उन्माद की भावना में इसका विरोध करेंगे।)**

देश की बात



**राजीव थेपड़ा**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

सिर माथे पर हुक्म है, मेरे आका! मान।
वर्दी, बंदूकें, गले, अलग हुए अब जान।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# भारत में शिक्षा के बदलते मायने : ज्ञान या केवल रोजगार का जरिया ?

जब शिक्षा आत्मा से जुड़ती है, तब ही जीवन में सच्चा विकास होता है।" भारत वह देश रहा है जहां ज्ञान को ईश्वर माना गया। जहां 'गुरु' को ब्रह्मा, विष्णु और महेश की तरह पूज्य माना गया। यही भारत वह भूमि थी, जहां तक्षशिला, विक्रमशिला और नालंदा जैसे विश्वविद्यालयों में दूर-दूर से विद्वान अध्ययन करने आते थे। यहां शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं था, बल्कि आत्मा को जाग्रत करना था।भारत एक समय 'विश्वगुरु' था। हम पूरी दुनिया को ज्ञान, धर्म, शांति, योग, आयुर्वेद, और दर्शन की शिक्षा देते थे। नालंदा विश्वविद्यालय में एक समय 10,000 से अधिक छात्र और 2,000 से अधिक शिक्षक होते थे – वह भी तब जब बाकी दुनिया अंधकार युग में जी रही थी। लेकिन आज, उसी देश में शिक्षा केवल नौकरी पाने का साधन बन गई है। शिक्षाः एक माध्यम नहीं, एक जीवन दर्शन है,आज के समय में हम अपने बच्चों से सबसे पहले यह वाक्य सुनते हैं – "पढ़ ले बेटा, अच्छी नौकरी मिल जाएगी।"लेकिन क्या कभी किसी माता-पिता ने यह कहा है – "पढ़ ले बेटा, ताकि तू अच्छा इंसान बन सके"? यह सोच ही आज के भारत की सबसे बड़ी कमजोरी बन चुकी है।हमने शिक्षा को एक सौदे में बदल दिया है – जैसे यह कोई व्यापार हो। डिग्री लो, नौकरी पाओ, पैसा कमाओ – बस यहीं तक सीमित रह गई है शिक्षा की परिभाषा। लेकिन असली शिक्षा वह है जो व्यक्ति को भीतर से बदल दे – जो उसे संयमी, संवेदनशील, सच्चा और विचारशील बनाए। शिक्षा केवल एक 'जॉब गारंटी कार्ड' नहीं है। यह वह मशाल है जो अज्ञान के अंधकार में रोशनी देती है, यह वह नाव है जो जीवन की नदी में संतुलन देती है, और यह वह शक्तिशाली औजार है जो व्यक्ति को 'मानव' से 'महामानव' बना देती है। शिक्षा से जुड़ा भावनात्मक रिश्ता टूट रहा है,आज के बच्चे स्कूल जाते हैं, ट्यूशन पढ़ते हैं, परीक्षा देते हैं, नंबर लाते हैं – लेकिन जब उनसे पूछा जाता है कि वे पढ़ाई क्यों कर रहे हैं, तो उनका उत्तर होता हैः "ताकि नौकरी मिले।" यह उत्तर उनके भीतर के खालीपन को दर्शाता है। उन्हें यह कोई नहीं बताता कि पढ़ाई से वे बेहतर निर्णय लेना सीखेंगे,समाज के लिए उपयोगी बनेंगे, एक अच्छा नागरिक बनेंगे, और जीवन में जब कठिनाई आए, तो उससे निपटने का धैर्य पाएंगे। अगर हम चाहते हैं कि आने वाली पीढ़ी भारत को फिर से ज्ञान की धरती बनाए, तो हमें बच्चों के दिल में यह बात भरनी होगी कि पढ़ाई केवल सफलता के लिए नहीं, बल्कि संवेदना, समझदारी और संस्कारों के लिए ज़रूरी है। समाज में ज्ञान की जगह पैसे को मिल रहा है सम्मान,आज आप किसी ज्ञानी व्यक्ति को देख लीजिए-अगर उसके पास बड़ा पद नहीं है या पैसे नहीं हैं, तो समाज उसे नहीं पूछता। लेकिन अगर कोई कम पढ़ा-लिखा व्यक्ति भी महंगी कार में आ जाए, तो पूरा मोहल्ला उसे सलाम करता है।यही कारण है कि हम पढ़ाई को सिर्फ एक रास्ता मानते हैं-पैसे तक पहुंचने का रास्ता। हम यह भूल जाते हैं कि पैसा तो एक संसाधन है, लेकिन ज्ञान – वह तो जीवन की आत्मा है।जो धन ज्ञान से अर्जित होता है, वह स्थायी होता है। और जो केवल दिखावे और भागदौड़ से आता है, वह मन को कभी संतोष नहीं देता। बच्चों को शिक्षा का उद्देश्य समझाना ज़रूरी है,हमें अपने बच्चों को यह समझाना होगा कि शिक्षा क्यों ज़रूरी है। हमें उनसे यह नहीं कहना चाहिए कि – "पढ़ ले, तुझे ऑफिसर बना देंगे" बल्कि यह कहना चाहिए – "पढ़ ले, तू समझदार, सहनशील, और समाज के लिए उपयोगी बनेगा।" हमें उन्हें सिखाना होगा किकिताबें केवल अंक लाने का माध्यम नहीं,वे विचारों की गहराई देती हैं, जीवन को दिशा देती हैं।जब तक शिक्षा को आत्मा से नहीं जोड़ेंगे, तब तक भारत आगे नहीं बढ़ेगा जिस दिन हम शिक्षा को केवल पैसे का रास्ता मानना बंद करेंगे, और उसे जीवन की रोशनी समझना शुरू करेंगे – उस दिन भारत फिर से विश्वगुरु बनेगा। हमें बच्चों में वो जुनून भरना होगा कि वे किताबें केवल परीक्षा के लिए नहीं, बल्कि आत्मा की तृप्ति के लिए पढ़ें। हमें समाज में यह माहौल बनाना होगा कि एक शिक्षक, एक शोधकर्ता, एक विचारक – वह भी सम्मान का पात्र हो। शिक्षा का सम्मान ही भारत का सम्मान है शिक्षा को मज़बूत बनाइए, बच्चों के मन में इसके लिए श्रद्धा लाइए,पैसे से ऊपर ज्ञान को रखिए, और हर एक बच्चे को यह समझाइए "तू पढ़ रहा है, ताकि एक दिन समाज को रोशनी दे सके।" जब बच्चे यह समझ जाएंगे, तब ही भारत का भविष्य उज्ज्वल होगा। "शिक्षा केवल सफलता की कहानी नहीं, यह आत्मा की यात्रा है – जो हमें मनुष्य से महान बनाती है।"

अलग बात



**वीणा देवांगन**

(veenavlogs@gmail.com)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# स्वस्थ पाचन के लिए अपनाएं ये प्राकृतिक तरीके




**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

आंतों की सफाई, जिसे कोलोन क्लींजिंग भी कहा जाता है, शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालने और पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने का एक प्राकृतिक तरीका है। स्वस्थ आंतें न केवल पाचन को बेहतर बनाती हैं, बल्कि समग्र स्वास्थ्य, ऊर्जा स्तर और प्रतिरक्षा प्रणाली को भी बढ़ावा देती हैं। पेट को डिटॉक्स कर अच्छी सेहत का सबब बनती हैं। आंतों को स्वस्थ रखने का पहला कदम है फाइबर युक्त आहार। फल, सब्जियां, साबुत अनाज और फलियां जैसे खाद्य पदार्थ मल त्याग को नियमित करते हैं और आंतों से गंदगी को बाहर निकालने में मदद करते हैं। विशेष रूप से, सेब, गाजर, पालक, चुकंदर और ओट्स फाइबर के अच्छे स्रोत हैं। रोजाना 25-30 ग्राम फाइबर का सेवन करने का लक्ष्य रखें। इसके अलावा, प्रोबायोटिक्स जैसे दही, छाछ और फर्मेंटेड फूड (जैसे किमची) अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ावा देते हैं, जो आंतों के लिए फायदेमंद होते हैं। हाइड्रेशन आंतों की सफाई का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। दिन में कम से कम 8-10 गिलास पानी पीने से मल नरम रहता है और कब्ज की समस्या कम होती है। नींबू पानी, नारियल पानी या हर्बल चाय भी आंतों को डिटॉक्स करने में मदद करते हैं। पानी की कमी से आंतों में अपशिष्ट जमा हो सकता है, जिससे पाचन संबंधी समस्याएं बढ़ती हैं।

## प्राकृतिक तरीके से आंतों की सफाई के आसान उपाय

आंतों की सफाई के लिए कुछ प्राकृतिक पेय प्रभावी हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में नींबू और शहद मिलाकर पीना पाचन को उत्तेजित करता है। अदरक की चाय या सेब का सिरका (1-2 चम्मच पानी में मिलाकर) भी आंतों को साफ करने में सहायक है। हालांकि, इनका उपयोग सीमित मात्रा में करें और किसी विशेषज्ञ से सलाह लें।

शारीरिक गतिविधि आंतों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देती है। योग, पैदल चलना, या हल्का व्यायाम पाचन तंत्र को सक्रिय करता है और मल त्याग को नियमित करता है। विशेष रूप से, योगासनों जैसे पवनमुक्तासन और भुजंगासन आंतों की गतिशीलता को बेहतर बनाते हैं। प्रोसेस्ड फूड, अत्यधिक चीनी, और तैलीय भोजन आंतों में विषाक्त पदार्थों को बढ़ा सकते हैं। धूम्रपान और अत्यधिक शराब का सेवन भी पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचाता है। इनसे बचना आंतों की सफाई के लिए जरूरी है।



आंतों की सफाई के लिए 'कोलोन हाइड्रोथेरेपी' या एनीमा जैसे तरीके उपलब्ध हैं, लेकिन इन्हें केवल डॉक्टर की सलाह पर अपनाएं। बिना विशेषज्ञ सलाह के अत्यधिक डिटॉक्स आहार या दवाएं हानिकारक हो सकती हैं।

कुल मिलाकर आंतों की सफाई के लिए प्राकृतिक और संतुलित जीवनशैली सबसे प्रभावी है। स्वस्थ आहार, पर्याप्त पानी, व्यायाम और अच्छी आदतें अपनाकर आप अपने पाचन तंत्र को मजबूत कर सकते हैं। किसी भी नए उपाय को शुरू करने से पहले अपने स्वास्थ्य की स्थिति के अनुसार चिकित्सक से परामर्श जरूर लें। स्वस्थ आंतें स्वस्थ जीवन की नींव हैं।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र कर पीएम मोदी बोले

# '22 अप्रैल का बदला 22 मिनट में लिया'

**बीकानेर(आईएएनएस)**


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर में एक सभा को संबोधित करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि हमने 22 अप्रैल का बदला 22 मिनट में ले लिया। पीएम मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, "22 अप्रैल के हमले के जवाब में हमने 22 मिनट में आतंकियों के 9 सबसे बड़े ठिकाने तबाह कर दिए। दुनिया ने और देश के दुश्मनों ने भी देख लिया है कि जब सिंदूर बारूद बन जाता है तो नतीजा क्या होता है।"

उन्होंने कहा, "हमारी सरकार ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दी। तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया। राजस्थान की ये वीर धरा हमें सिखाती है कि देश और देशवासियों से बड़ा और कुछ नहीं है। 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ दिया था। वो गोलियां पहलगाम में चली थी, लेकिन उन गोलियों से 140 करोड़ देशवासियों का सीना छलनी हुआ था। इसके बाद हर देशवासी ने एकजुट होकर संकल्प लिया था कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे। उन्हें कल्पना से भी बड़ी सजा देंगे। आज आपके आशीर्वाद से देश की सेना के शौर्य से हम सब उस प्रण पर खरे उतरे हैं।"

### देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का महायज्ञ चल रहा है : पीएम

**बीकानेर।** राजस्थान के बीकानेर दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को देश के 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में स्थित 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन किया। इसके अलावा, उन्होंने 26,000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया।

में विकास से जुड़ी 26 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं के लिए देशवासियों को और राजस्थान के मेरे भाई-बहनों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "विकसित भारत बनाने के लिए देश में आज आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने का बहुत बड़ा महायज्ञ चल रहा है। हमारे देश की सड़कें आधुनिक हों, हमारे देश के एयरपोर्ट आधुनिक हों, हमारे यहां रेल और रेलवे स्टेशन आधुनिक हों, इसके लिए पिछले 11 साल



में अभूतपूर्व गति से काम किया गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर के इन कार्यों पर देश पहले जितना पैसा खर्च करता था, आज उससे 6 गुना ज्यादा खर्च कर रहा है।" प्रधानमंत्री मोदी ने रेलवे के विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा, "अभी देश में करीब 70 रूट पर वंदे भारत ट्रेन चल रही है। इससे दूर-सुदूर के इलाकों में भी आधुनिक रेल पहुंची है। बीते 11 साल में सैकड़ों रोड ओवरब्रिज और रोड अंडरब्रिज का निर्माण किया गया है। 34 हजार किमी से ज्यादा के नए ट्रैक बिछाए गए हैं। 'विकास भी-विरासत भी' मंत्र का इन अमृत भारत रेलवे स्टेशनों पर नजारा साफ-साफ दिखाई देता है। ये स्थानीय कला और संस्कृति के भी नए प्रतीक हैं।"प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चूरू-सादुलपुर रेल लाइन (58 किमी) की आधारशिला रखी। साथ ही सूरतगढ़-फलोदी (336 किमी), फुलेरा-डेगाना (109 किमी), उदयपुर-हिम्मतनगर (210 किमी), फलोदी-जैसलमेर (157 किमी) तथा समदड़ी-बाड़मेर (129 किमी) रेल लाइन विद्युतीकरण एवं राजस्थान के लिए 26,000 करोड़ रुपये की जनकल्याणकारी परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की।

प्रधानमंत्री ने आतंकवाद से निपटने के लिए तीन सूत्रों पर भी बात की। पीएम मोदी ने कहा, "ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद से निपटने के तीन सूत्र तय कर दिए हैं। पहला- भारत पर आतंकी हमला हुआ तो करारा जवाब मिलेगा। समय हमारी सेनाएं तय करेंगी, तरीका भी हमारी सेनाएं तय करेंगी और शर्तें भी हमारी होंगी। दूसरा- एटम बम की गीदड़ भभकियों से भारत डरने वाला नहीं है। तीसरा- हम आतंक के आकाओं और आतंक की सरपरस्त सरकार को अलग-अलग नहीं देखेंगे, उन्हें एक ही मानेंगे। पाकिस्तान का ये खेल अब नहीं चलेगा।" पीएम मोदी ने पाकिस्तान को भारी कीमत चुकाने की चेतावनी दी।

## पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**चंडीगढ़ (आईएएनएस)**



चंडीगढ़ से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी ईमेल के जरिए दी गई है। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट को ईमेल के जरिए उड़ाने की धमकी मिलने के बाद से परिसर में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने हाईकोर्ट परिसर को आनन-फानन में खाली करवाया। परिसर को खाली करवाने के बाद सुरक्षा अधिकारी बॉम्ब स्क्वाड टीम और स्नाइपर डॉग की सहायता से सघन तलाशी अभियान चला रहे हैं।

हाईकोर्ट परिसर से मुख्य न्यायाधीश और वकीलों को भी बाहर भेजा जा रहा है और किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। समाचार एजेंसी आईएएनएस की रिपोर्ट के मुताबिक, चंडीगढ़ पुलिस के सभी बड़े अधिकारी हाईकोर्ट परिसर में पहुंच गए हैं और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। आसपास के क्षेत्रों, जैसे पंजाब विधानसभा और सचिवालय, में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सरतेज नरूला ने बताया कि ईमेल के माध्यम से हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी के बाद सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस ने पूरे परिसर को खाली करवा दिया है। पुलिस के सभी बड़े अधिकारी और बम स्क्वाड मौके पर मौजूद हैं। यहां प्रतिदिन 6 से 7 हजार वकील और 5 हजार के करीब लोग आते हैं।

## पहलगाम हमले के दोषियों पर कार्रवाई जरूरी: संजय राउत

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर तब तक पूरा नहीं माना जाएगा, जब तक पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगार आतंकियों का सफाया नहीं हो जाता। उन्होंने कहा कि हमले के दोषियों को मौत की सजा मिलनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार को भी कठघरे में खड़ा करते हुए कई सवाल पूछे। मीडिया से बातचीत में राउत ने पहलगाम के गुनहगारों का जिक्र किया। बोले, "22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने हमारी माताओं और बहनों का सिंदूर उजाड़ दिया। 26 निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या की गई। हमारे मन में एक सवाल बना हुआ है कि जिन आतंकियों ने इस हमले को अंजाम दिया, वे कहां गए। सरकार ने उनके खिलाफ क्या किया? संजय राउत ने आगे कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार ने पाकिस्तान को जवाब दिया। कुछ दिन दोनों देशों के बीच तनाव भी रहा।

## नक्सलवाद हो या इस्लामिक आतंकवाद उन्ही की भाषा में देश देगा जवाब : तरुण

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने गुरुवार को कहा कि यह नया भारत है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निर्णायक, निडर और न्यायप्रिय भारत। अब नक्सलवाद हो या इस्लामिक आतंकवाद, हर देश विरोधी ताकत को उसी की भाषा में जवाब मिलता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के जंगलों में 27 खूंखार नक्सलियों का सफाया और ऑपरेशन सिन्दूर में पाकिस्तान की आतंकी फैक्ट्रियों पर सीधा प्रहार, यह मोदी सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति का जीता-जागता प्रमाण है। कुख्यात एक करोड़ का इनामी राजू भी मारा गया है। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि जो देश के खिलाफ बंदूक उठाएगा, वह हमारे सुरक्षा बलों के रेंज में आएगा। यह न्याय का अभियान है। आतंक को जड़ से खत्म करने का संकल्प है। अब का भारत न तो सहन करता है और न ही बर्दाश्त करता है, न चेतावनी देता है अब सीधा एक्शन होता है। चाहे छत्तीसगढ़ हो या कराची, आतंक जहां मिलेगा, वहीं दफन किया जाएगा। यही नया भारत है, यही मोदी का भारत है। कांग्रेस नेता जय राम रमेश के सीजफायर पर पीएम की चुप्पी वाले बयान पर तरुण चुघ ने कहा कि कांग्रेस नेताओं की जुबान इन दिनों पाकिस्तान की बोली क्यों बोल रही है? जब पूरा देश एकजुट होकर ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की कमर तोड़ रहा है, तब कांग्रेस सवाल उठाकर आतंकवादियों का मनोबल क्यों बढ़ा रही है? उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि भारत की निर्णायक कार्रवाई है जिसने पाकिस्तान की आतंकी फैक्ट्रियों पर सीधा वार किया है। कांग्रेस को तय करना होगा, वह भारत के साथ है या उन ताकतों के साथ जो भारत की सरजमीं पर खून बहाने की साजिश रचते हैं। उन्होंने कहा कि जब भारत सरकार आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक समर्थन जुटा रही है, तब कांग्रेस का भ्रम फैलाना निंदनीय ही नहीं, शर्मनाक भी है। यह शर्मनाक है कि आए दिन कांग्रेस के नेता दुश्मन की चालों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर भारत की सेना को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। देश को राफेल मिला तो इन्हें बुखार आया, अब उस पर झूठी खबरें फैलाकर कांग्रेस के नेता पाकिस्तान की सेना के प्रवक्ता और आईएसआई की भाषा बोल रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ में बड़ी सफलता

- जंगलों में 27 खूंखार नक्सलियों का सफाया किया गया।

### ऑपरेशन सिन्दूर

- पाकिस्तान की आतंकी फैक्ट्रियों पर सीधा प्रहार, सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कदम।

### कोर्ट का अधिकार

## वक्फ कानून रद्द हो सकता है: सॉलिसिटर जनरल



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को भी नए वक्फ कानून को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच के सामने केंद्र सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलीलें रखीं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने किसी भी तरह के अंतरिम आदेश का विरोध करते हुए दलील दी कि अगर अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट को लगता है कि कानून असंवैधानिक है तो कोर्ट इसे रद्द कर सकता है। लेकिन, अगर कोर्ट अंतरिम आदेश से कानून पर रोक लगाता है और इस दौरान कोई संपत्ति वक्फ को चली जाती है, तो उसे वापस पाना मुश्किल हो जाएगा, क्योंकि वक्फ अल्लाह का होता है और एक बार जो वक्फ हो गया, उसे पाना आसान नहीं होगा। सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा, "वक्फ बनाना और वक्फ को दान देना दोनों अलग हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# बिना कांग्रेस विपक्ष अधूरा, बिहार में राहुल को आगे लाएं : पप्पू यादव

**पटना (आईएएनएस)**



पूर्णिया के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने गुरुवार को साफ लहजे में कहा कि कांग्रेस के बिना एनडीए को नहीं हराया जा सकता। बिहार का चुनाव राहुल गांधी के नेतृत्व में लड़ने की जरूरत है, तभी हम सफल हो सकते हैं। पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान महागठबंधन की सरकार बनने पर मुकेश सहनी के उपमुख्यमंत्री बनने को लेकर दिए गए बयान पर निर्दलीय सांसद ने कहा, "यह उनकी अपनी व्यक्तिगत राय है। वे नेता हैं और उनको अधिकार है अपनी मांग रखने का। मैं कांग्रेस का कार्यकर्ता हूँ और मैं इतना ही कह सकता हूं कि कांग्रेस के बगैर एनडीए को नहीं हराया जा सकता है। सभी जाति, धर्म, वर्ग का कांग्रेस नेता राहुल गांधी के प्रति सम्मान है। एसटी, एससी, ओबीसी, अल्पसंख्यक, ऊंची जाति के लोग हों, सभी की उम्मीदें राहुल गांधी हैं। उन्होंने आगे कहा कि बिहार का चुनाव हमें राहुल गांधी के नेतृत्व में लड़ने की जरूरत है, तभी हमें सफलता मिलेगी। आज राष्ट्र के सवाल पर या स्वाभिमान के सवाल पर, युवाओं के मुद्दों पर सभी की उम्मीद राहुल गांधी बन गए हैं। इधर, बिहार में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव में वार-पलटवार के बीच सांसद पप्पू यादव ने कहा कि 15 साल राजद की सरकार और 20 साल एनडीए की सरकार, दोनों लोगों ने मिलकर बिहार को बर्बाद किया। आज बिहार में सबसे बुरी स्थिति स्वास्थ्य विभाग की है। कहीं अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन नहीं है तो कहीं एमआरआई नहीं है।

## राहुल गांधी का शिक्षा में समानता पर जोर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदायों के छात्रों के साथ बातचीत करने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर का दौरा किया, जिसमें प्रतिनिधित्व, समानता और शैक्षणिक न्याय के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के अध्यक्ष के कार्यालय में आयोजित संवादात्मक सत्र में कई कॉलेजों और विभागों के छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई।



## देश को उग्रवाद से मुक्त करेंगे पीएम मोदी गिरिराज सिंह



**पटना ।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में जहां एक तरफ हम आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ हम उग्रवाद को खत्म करने के मिशन पर काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने देश से उग्रवाद को खत्म करने का संकल्प लिया है। गुरुवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने मिलकर उग्रवाद को खत्म करने का संकल्प लिया है। गिरिराज सिंह ने छत्तीसगढ़ प्रदेश का एक उदाहरण देते हुए कहा कि यहां पर कांग्रेस ने कभी भी अपनी सरकार के दौरान उग्रवाद पर चोट नहीं पहुंचाई।

### भारत-पाक संघर्ष

## सीजफायर नहीं होता तो आज पीओके हमारा होता



**लखनऊ (आईएएनएस)।** कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर में पीएम मोदी के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा कि जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिलाया है। इमरान मसूद ने कहा कि हमें तो पीओके की उम्मीद थी। लेकिन, सीजफायर का ऐलान हो गया। कांग्रेस सांसद ने कहा कि बीकानेर में पीएम मोदी ने जो कहा है, वह बिल्कुल सही कहा है, उनके पास इनपुट होगा। इसीलिए, जनता के सामने उन्होंने कहा, लेकिन, उन्हें यह भी बताना चाहिए कि हमने इन आतंकियों को मार गिराया। हमें उम्मीद थी कि हम पीओके पर नियंत्रण कर लेंगे। हमारी सेना तो पीओके में घुस गई थी।

# यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को नहीं मिली राहत कोर्ट ने चार दिन बढ़ाई पुलिस हिरासत की अवधि

**नई दिल्ली। एजेंसी**




हरियाणा की हिसार जिला अदालत ने गुरुवार को यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। उन्हें कथित तौर पर संवेदनशील जानकारी साझा करने और एक पाकिस्तानी नागरिक के साथ लगातार संपर्क बनाए रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इस बीच, पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) सीआईडी क्राइम ब्रांच, सार्थक सारंगी ने कहा कि तथ्यों की अभी भी पुष्टि की जा रही है। अधिकारी ने कहा कि हमें अभी जानकारी मिली है कि यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा ने पुरी के जगन्नाथ मंदिर का दौरा किया और इसके बारे में एक वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। वह चिल्का और कोणार्क भी गई थी। वह ओडिशा के एक यूट्यूबर के संपर्क में थी। हम सभी तथ्यों की पुष्टि कर रहे हैं। हम ज्योति मल्होत्रा के संबंध में हरियाणा में अपने समकक्षों के संपर्क में हैं। हिसार के पुलिस अधीक्षक (एसपी) शशांक कुमार सावन के अनुसार, मल्होत्रा को एक संपत्ति के रूप में विकसित किया जा रहा था और उसने अन्य यूट्यूब प्रभावशाली लोगों और पाकिस्तानी नागरिकों के साथ संबंध बनाए रखे थे। उन्होंने कहा कि वह अन्य यूट्यूब प्रभावशाली लोगों के संपर्क में थी, और वे पाकिस्तान सूचना अधिकारियों (पीआईओ) के संपर्क में भी थे।

### तैनात होंगे सीआईएसएफ के 296 जवान, अचानक तगड़ी सुरक्षा के केंद्र सरकार ने क्यों दिए आदेश?

हिसार पुलिस ने बुधवार को कहा कि ऐसा कोई सबूत सामने नहीं आया है जिससे ये पता चले कि मल्होत्रा के पास किसी सैन्य या रक्षा संबंधी जानकारी तक पहुंच थी। पुलिस ने कहा कि लेकिन वह निश्चित रूप से कुछ लोगों के संपर्क में थी और जानती थी कि वे पाकिस्तानी खुफिया एजेंट हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि वह पाकिस्तानी उच्चायोग में कार्यरत कर्मचारी एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश के संपर्क में नवंबर 2023 से थी। दानिश को जासूसी में कथित रूप से संलिप्त होने के कारण 13 मई को भारत ने निष्कासित कर दिया था। पुलिस ने मल्होत्रा के तीन मोबाइल फोन और एक लैपटॉप को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। इसने कहा कि मल्होत्रा के चार बैंक खातों की भी जांच की जा रही है।

### तकनीकी अपग्रेड

## 'पावर वॉरियर्स' को मिला नया तकनीकी हथियार



**मुंबई (आईएएनएस)।** मुंबई में लगातार बढ़ती ऊर्जा मांग को ध्यान में रख, अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने अपनी फ्रंटलाइन टीम 'पावर वॉरियर्स' को एडवांस मोबाइल इंफ्रारेड (आईआर) इमेजिंग टूल से सुसज्जित किया है। यह बिजली आपूर्ति के प्रति विश्वसनीयता बढ़ाने की दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम माना जा रहा है। ये कॉम्पैक्ट, स्मार्टफोन-इनेबल्ड डिवाइस शहर भर में पावर इंफ्रास्ट्रक्चर निगरानी और रखरखाव के तरीके को बदल रहे हैं। मुंबई के तेजी से हो रहे पुनर्विकास और जलवायु परिवर्तन ने ट्रांसफार्मर, स्विचगियर और डिस्ट्रिब्यूशन पैनल जैसी पावर एसेट्स पर दबाव बढ़ा दिया है।

## पहलगाम आतंकी हमले का एक महीना

# सैलानियों का टोटा : शिकारों-हाउसबोटों में पसरा है सन्नाटा, टूरिस्ट नदारद

**श्रीनगर (आईएएनएस)**

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को एक महीने हो चुका है। यहां आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को 26 निहत्थे पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस आतंकवादी वारदात का प्रभाव अभी भी जम्मू कश्मीर में देखने को मिल रहा है। जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। डल झील पर हाउसबोट और शिकारे खाली पड़े हैं। हाल के वर्षों में फेमस सेल्फी प्वाइंट बन चुके श्रीनगर के लाल चौक जैसे इलाके भी सुनसान हैं। सड़कों पर टूरिस्ट वाहनों की आवाजाही भी काफी कम है। डल झील श्रीनगर के साथ-साथ पूरे जम्मू कश्मीर का सबसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। गर्मियों के मौसम में यहां पूरे देश के लोग घूमने के लिए आते हैं। हालांकि अभी यहां होटल, रेस्तरां, दुकानें व हाउसबोट सभी खाली हैं। डल झील के सामने वाली सड़क पर कार-टैक्सी का जाम लगा रहता था लेकिन आज यह सड़क पूरी तरह से खाली पड़ी है। ऐसा लगता है मानो कोई कर्फ्यू लगा हो।


शिकारा (नाव) चलाने वाले बिलाल का कहना है कि पिछले 24 दिन से उनका शिकारा झील के किनारे जस का तस खड़ा है। जबकि पिछले सीजन में तीन शिफ्ट में अलग-अलग लोग शिकारा चला रहे थे। श्रीनगर के टूर ऑपरेटर व टैक्सी कंपनी चलाने वाले शौकत मीर का कहना है कि पहलगाम की वारदात इंसानियत पर हमला था। जम्मू कश्मीर में टूरिस्टों पर कभी ऐसा हमला नहीं हुआ था। मीर के मुताबिक इस हमले ने पूरे देश और दुनिया में इंसानियत को शर्मसार कर दिया है। इस हमले में मासूम लोग मारे गए, वहीं लाखों कश्मीरियों का रोजगार भी छीन गया है। हम कई महीने पहले से सीजन के लिए तैयारी करते हैं।

### पहलगाम आतंकी हमले का असर




1. **लाल चौक सुनसान :** फेमस सेल्फी प्वाइंट लाल चौक भी वीरान, दुकानों और बाजारों में सन्नाटा।
2. **हमले की भयावहता :** 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने 26 निहत्थे पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी।
3. **पर्यटन पर सीधा असर :** श्रीनगर सहित पूरे जम्मू-कश्मीर के पर्यटन स्थलों पर सन्नाटा, पर्यटक नहीं आ रहे।
4. **डल झील सूनी :** डल झील में हाउसबोट और शिकारे खाली पड़े हैं, सड़कों पर भीड़ और ट्रैफिक नदारद।
5. **रोज़गार पर गहरा असर :** होटल, टैक्सी, रेस्टोरेंट और दुकानें बंद, लाखों कश्मीरियों की रोज़ी-रोटी पर संकट।
6. **शिकारा चालकों की परेशानी :** 24 दिन से शिकारा बिना चले किनारे पर खड़ा, कोई ग्राहक नहीं।
7. **टूर ऑपरेटरों की मुश्किलें :** टैक्सियों की किस्त और किराया भरना मुश्किल, बुकिंग्स पूरी तरह बंद।
8. **बाजार ठप :** ड्राय फ्रूट्स और केसर बेचने वालों की बिक्री शून्य, दुकानें खाली पड़ी हैं।

### आतंकी कौन थे कहां से आए थे




**हाशिम मूसा**
पाकिस्तान
संगठन: लश्कर-ए-तैयबा
इनाम 20 लाख




**अली भाई**
पाकिस्तान
संगठन: लश्कर-ए-तैयबा
इनाम 20 लाख




**आदिल हुसैन ठोकर**
अनंतनाग, जम्मू-कश्मीर
संगठन: लश्कर-ए-तैयबा
इनाम 20 लाख

## 194 देशों के सामने सीना तानकर बोला भारत-आतंक को बढ़ावा दिया तो पाकिस्तान को फिर ठोकेंगे

**इस्लामाबाद । एजेंसी**

पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय बेइज्जती एक बार फिर भारत के द्वारा कर दी गई है। पाकिस्तान लगातार भारत के खिलाफ प्रोपोगैंडा कर रहा है। ऐसे में डब्ल्यूएचओ के मंच से ऐसा ही पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ झूठा प्रचार करने की कोशिश की। लेकिन भारत ने पाकिस्तान के आतंकवाद का सच पूरी दुनिया के सामने लाकर रख दिया। भारतीय राजनयिक अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान पर सीधा हमला बोलते हुए पाकिस्तान के जिहादी आतंकवाद की पोल खोल कर रख दी है। भारत ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) में पाकिस्तान को कड़ा जवाब देते हुए आतंकवाद को बढ़ावा देने में उसकी भूमिका को उजागर किया है। जिनेवा में डब्ल्यूएचओ मुख्यालय में बोलते हुए भारतीय राजनयिक अनुपमा सिंह ने भारत के जवाब के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की और कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद को जन्म देता है, वह इसका शिकार होने का दिखावा नहीं कर सकता।

### पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दिया भारत के साथ सऊदी अरब में वार्ता का प्रस्ताव



इस्लामाबाद/नई दिल्ली (आईएएनएस)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को सऊदी अरब में भारत के साथ वार्ता की पेशकश की। उन्होंने कहा कि अमेरिका दोनों देशों के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभा सकता है। राजधानी इस्लामाबाद में पत्रकारों से बात करते हुए प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा कि, भारत और पाकिस्तान के बीच अगर वार्ता होती है तो वह राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) स्तर पर होगी। बातचीत का एजेंडा कश्मीर, पानी, आतंकवाद और व्यापार पर केंद्रित होगा। पाकिस्तान-भारत वार्ता के दौरान ये मुख्य बिंदु होंगे। शहबाज ने कहा कि, "भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव धीरे-धीरे कम हो रहा है, दोनों पक्षों के डीजीएमओ एक-दूसरे से बातचीत करने लगे हैं। उन्होंने कहा, "अगर दोनों कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के बीच वार्ता होती है तो पाकिस्तान का नेतृत्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार करेंगे।

## सैन डिएगो में छोटा पैसेंजर प्लेन क्रैश, 15 घरों में लगी भीषण आग, कोहरे बनी वजह

**सैन डिएगो । एजेंसी**



अमेरिका के सैन डिएगो में गुरुवार सुबह कोहरे की वजह से एक छोटा प्लेन क्रैश हो गया। इस हादसे की वजह से करीब 15 घरों में आग लग गई। हादसे वाली जगह को खाली करा लिया गया है।

फायर डिपार्टमेंट के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया कि हादसे के बाद चारों तरफ जेट फ्यूल फैल गया है। हमारा पहला टारगेट यहां मौजूद सभी घरों की तलाशी लेना और सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना है। प्लेन हादसे में हताहत हुए लोगों की संख्या अभी पता नहीं चल सकी है।

## इजरायल का दावा : मुहम्मद सिनवार पर इजरायली टारगेट अटैक, मौत की पुष्टि नहीं

**इजराइल I एजेंसी**



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान संकेत दिया कि इजराइल ने शायद हमास नेता मुहम्मद सिनवार को मार दिया है। यरुशलम में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान नेतन्याहू ने दावा किया कि गाजा में 20 बंधक अभी भी जीवित हैं। जबकि 38 तक मारे गए हैं और जनता को आश्वासन दिया कि वह सभी को वापस लाएंगे। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, नेतन्याहू ने आगे कहा कि इजराइल ने गाजा में अपने सैन्य उद्देश्यों के लिए एक सुव्यवस्थित योजना बनाई है, तथा इस बात पर बल दिया कि यह संघर्ष एक विशिष्ट और उचित उद्देश्य की पूर्ति करता है। सीएनएन ने नेतन्याहू के हवाले से कहा कि हमने हजारों आतंकवादियों को खत्म कर दिया। हमने हत्यारों के नेताओं देइफ, हनियेह, याह्या सिनवार और संभवतः मोहम्मद सिनवार को भी खत्म कर दिया।

इस सप्ताह की शुरुआत में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में इजरायल के हालिया सैन्य अभियानों के विस्तार के लिए उनके कड़े विरोध के लिए यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस और कनाडा पर तीखा हमला किया और उन्होंने उन पर 7 अक्टूबर, 2023 को हमास के नरसंहार हमले को पुरस्कृत करने का आरोप लगाया। एक्स पर एक जोरदार पोस्ट में नेतन्याहू ने संघर्ष को हल करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दृष्टिकोण के साथ तालमेल बिठाते हुए, हमास के खिलाफ पूर्ण जीत हासिल करने के लिए इजरायल की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इजरायली प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सीमा पर हमास आतंकवादियों के नष्ट होने से पहले इजरायल से हमारे अस्तित्व के लिए रक्षात्मक युद्ध समाप्त करने को कहकर तथा एक फिलिस्तीनी राज्य की मांग करके, लंदन, ओटावा और पेरिस में बैठे नेता 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए नरसंहारक हमले के लिए एक बड़ा इनाम देने की पेशकश कर रहे हैं।

## सीजफायर पर ट्रंप के दावे पर पीएम क्यों हैं खामोश? कांग्रेस

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच हाल में हुए विवाद को व्यापार के जरिए सुलझाने के दावे को दोहराने पर कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार भी इस दावे को खारिज नहीं किया है और पूछा कि इस 'चुप्पी' का क्या मतलब है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पिछले 11 दिनों में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने 8 बार दोहराया है कि उन्होंने भारत को समझाया और युद्ध विराम करवाया... लेकिन उनके दोस्त पीएम मोदी चुप हैं। हमारे विदेश मंत्री चुप हैं। डोनाल्ड ट्रंप पीएम मोदी और पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ दोनों की तारीफ करते हैं। इसका मतलब है कि भारत और पाकिस्तान एक ही नाव में सवार हैं।

## अब तक का सबसे बड़ा काम : सैम ऑल्टमैन

### एपल के प्रसिद्ध डिजाइनर जॉनी आईव

**ब्यूरो**

- **सैम ने जॉनी आईव की सह-स्थापित स्टार्टअप कंपनी आईओ प्रोडक्ट्स को 6.5 अरब डॉलर में अधिग्रहित कर लिया**

**नई दिल्ली।** दो साल पहले से चर्चा होती रही कि आपेन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन गुपचुप तरीके से एपल के प्रसिद्ध डिजाइनर जॉनी आईव के साथ मिलकर एक एआई हार्डवेयर प्रोडक्ट पर काम कर रहे हैं। अब ओपेन एआई ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि कर दी है कि उसने जॉनी आईव की सह-स्थापित स्टार्टअप कंपनी आईओ प्रोडक्ट्स को 6.5 अरब डॉलर (लगभग 559 करोड़ रुपये )में अधिग्रहित कर लिया है। इस कदम से यह स्पष्ट है कि चैट जीपीटी बनाने वाली कंपनी अब एआई को भौतिक दुनिया में लाने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। जॉनी आईव, जिन्होंने आईफोन , आईमैक और मैकबुक जैसे क्रांतिकारी प्रोडक्ट्स डिजाइन किए, अब ओपेनएआई के हार्डवेयर भविष्य को आकार देंगे, हालांकि कंपनी ने यह नहीं बताया कि वे कौन-सी डिवाइस बना रहे हैं, लेकिन उन्होंने इसे "एआई से युक्त नई पीढ़ी के प्रोडक्ट्स का परिवार" बताया है, जो स्क्रीन से परे हमारे दैनिक जीवन में एआई को शामिल करेगा।आइव की डिजाइन फर्म लवफ्राम , जिसे उन्होंने 2019 में एप्पल छोड़ने के बाद शुरू किया था। ओपेन एआई ने कहा है कि आइव और उनकी टीम को गहराई से डिजाइन और क्रिएटिव जिम्मेदारियां दी जाएंगी, जो आईओ और ओपेन आई दोनों पर लागू होंगी। रिपोर्ट के अनुसार डील की घोषणा के बाद ऑल्टमैन ने अपने कर्मचारियों से कहा कि ओपेनएआई के पास अब "इतिहास का सबसे बड़ा काम" करने का मौका है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि जॉनी आईव और आईओ को जोड़ने से ओपेनएआई की वैल्यू 1 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ सकती है। डील में ओपेनएआई ने $5 अरब डॉलर का इक्विटी भुगतान किया है। ओपेनएआई पहले ही आईओ में 23% हिस्सेदारी रखती थी, जो कि 2023 से शुरू हुई साझेदारी का हिस्सा था। दस्तावेजों के अनुसार, आईओ को 2023 में डेलावेयर में रजिस्टर किया गया था और अप्रैल 2024 में कैलिफोर्निया में पंजीकरण हुआ।

## 30 देशों के राजनयिकों पर चली गोलियां!

**इजरायली।** फिलिस्तीन और इजरायल लगातार तनाव की स्थिति से जूझ रहे हैं। संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है। लेकिन इस बीच एक बेहद ही हैरान करने वाली घटना घटी है। 30 देशों के राजनयिकों पर गोलीबारी की खबर है। इजरायल की सेना की तरफ से 30 देशों के राजनयिकों के ऊपर ताबड़तोड़ तरीके से गोलीबारी की गई है। कैसे अधिकारी जान बचाते और भागते नजर आए। ये लोग इजरायल के बॉर्डर जहां पर आईडीएफ तैनात है वहां के आसपास शिविर में लोगों से मुलाकात करने जा रहे थे। स्थिति का जायजा लेने जा रहे थे। लेकिन इजरायली सेना ने पहले तो चेतावनी दी कि वहां आस पास न आएं। वहां इजरायली सेना की तरफ से युद्धाभ्यास चल रहा है। बावजूद इसके इन्होंने कदम आगे बढ़ाया और इसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई।

## म्यांमार को तोड़ने की कोशिश में बांग्लादेशी नेता

**ढाका ।** बांग्लादेश के जमात-ए-इस्लामी पार्टी के नेताओं ढाका में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं के साथ बैठक में म्यांमार के रोहिंग्या बहुल इलाके में एक आजाद रोहिंग्या स्टेट बनाने का प्रस्ताव रखा था। जमात के नेताओं ने यह प्रस्ताव 27 अप्रैल को दिया था। एक्सपर्ट ने आशंका जताई है कि अगर इस प्रस्ताव पर सहमति बन जाती है तो इससे भारत के सित्तवे पोर्ट को खतरा हो सकता है। बांग्लादेशी नेताओं की तरफ से यह प्रस्ताव ऐसे वक्त पर आया है।

## जम्मू-कश्मीर में सेना को मिली बड़ी कामयाबी मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर, एक जवान घायल

**जम्मू (आईएएनएस) ।** जम्मू -कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में गुरुवार को संयुक्त सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो आतंकियों को ढेर कर दिया। अधिकारियों के मुताबिक, इस अभियान के दौरान एक जवान घायल हो गया। जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) आतंकवादियों के खिलाफ 11 राष्ट्रीय राइफल्स, 7 असम राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) सहित संयुक्त बलों ने किश्तवाड़ जिले के सिंघपोरा, चटरू इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। आतंकियों की संख्या चार बताई गई थी। दो आतंकियों की मौत के बाद दो आतंकियों की तलाश की जा रही है।

### बीएसएफ ने 5 पाक चौकियां और 1 आतंकी लॉन्च पैड नष्ट किया

**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक अभियान में जम्मू सीमा पर पांच पाकिस्तानी चौकियों और एक आतंकवादी लांच पैड को नष्ट कर दिया। बीएसएफ कमांडेंट चंद्रेश सोना ने बताया, "हमने (पाकिस्तान द्वारा) की गई गोलीबारी का कड़ा और उचित जवाब दिया। हमने उनकी कई उपलब्ध संपत्तियों को नष्ट कर दिया। मस्तपुर में उनका एक आतंकवादी लांचिंग पैड था, जिसे हमने नष्ट कर दिया। हमारी कार्रवाई के कारण उनकी पांच चौकियां पूरी तरह से नष्ट हो गईं और हमने उनके कई बंकर भी नष्ट कर दिए।

## कान 2025 : ऐश्वर्या राय बच्चन ने बनारसी साड़ी में रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरा...

*ऐश्वर्या ने रूबी नेकलेस पहना हुआ था। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में 51 वर्षीय अभिनेत्री को गर्मजोशी से मुस्कुराते हुए और रेड कार्पेट पर प्रशंसकों का अभिवादन करते हुए देखा जा सकता है।*




कान फिल्म महोत्सव में शिरकत करने पहुंची बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन ने बुधवार को पारंपरिक परिधान में जलवा बिखेरा और वह सफेद रंग की खूबसूरत बनारसी साड़ी पहनकर रेड कार्पेट पर नजर आईं। पिछले 20 वर्षों से कान में नियमित रूप से शामिल हो रहीं अभिनेत्री ने फिल्म निर्माता ओलिवर हर्मनस की ऐतिहासिक फिल्म ''द हिस्ट्री ऑफ साउंड'' के प्रीमियर से पहले फिल्म समारोह में उपस्थिति दर्ज कराई। ऐश्वर्या ने रूबी नेकलेस पहना हुआ था। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में 51 वर्षीय अभिनेत्री को गर्मजोशी से मुस्कुराते हुए और रेड कार्पेट पर प्रशंसकों का अभिवादन करते हुए देखा जा सकता है।



### पीएम के दूरदर्शी नेतृत्व में 'अमृत भारत स्टेशन योजना' का हुआ वर्चुअल लोकार्पण

# रेलवे का तेजी से हो रहा है आधुनिकीकरण : राज्यपाल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के अंतर्गत वर्चुअल माध्यम से पुनर्विकसित स्टेशनों के उद्घाटन व राष्ट्र को समर्पण के अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ कर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय रेलवे का तेजी से आधुनिकीकरण हो रहा है। 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के अंतर्गत विकसित हो रहे स्टेशन केवल आधारभूत संरचनाओं का विस्तार नहीं हैं, बल्कि यह नए भारत की सशक्त तस्वीर और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल है।



## युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि झारखंड जैसे खनिज-समृद्ध राज्य के लिए एक मजबूत रेलवे नेटवर्क राज्य की आर्थिक प्रगति का आधार है। इन स्टेशनों के माध्यम से स्थानीय उत्पादों की देशव्यापी पहुंच और युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

राज्यपाल ने कहा कि झारखंड के तीन प्रमुख स्टेशन राजमहल, शंकरपुर एवं गोविंदपुर रोड अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त होकर यात्रियों को न केवल सुविधा का अनुभव कराएंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में 53,597 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न रेलवे परियोजनाएं प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत कई स्टेशनों को विश्व स्तरीय स्वरूप में विकसित किया जा रहा है, जो राज्य के पर्यटन, व्यापार, कृषि और रोजगार के क्षेत्र में दूरगामी प्रभाव डालेगा।

उन्होंने इस बात पर भी विशेष बल दिया कि इन स्टेशनों का विकास दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं, महिला यात्रियों की सुरक्षा, स्वच्छता, डिजिटलीकरण और हरित ऊर्जा के मानकों के अनुरूप किया गया है।

राज्यपाल ने रेलवे मंत्रालय, इंजीनियरों, कर्मचारियों एवं स्थानीय प्रशासन को सफल परियोजना के लिए बधाई दी और आह्वान किया कि सभी मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करें।

### आईएएस विनय चौबे हुए बीमार, रिम्स में भर्ती

**रांची।** शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार आईएएस विनय चौबे की तबियत बिगड़ गई है। विनय चौबे को बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल से बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया है। उन्हें मेडिसिन विभाग के सह प्राध्यापक डॉ ऋषि तुहीन गुड़िया की देखरेख में भर्ती किया गया है। विनय चौबे को रिम्स के पेइंग वार्ड में रखा गया है। कोर्ट के दिशा निर्देश के बाद 21मई को मेडिकल बोर्ड की बैठक हुई थी। रिम्स के सीनियर डॉक्टरों के मेडिकल बोर्ड ने विनय चौबे के इलाज से संबंधित दस्तावेज के आधार पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स में भर्ती करने की अनुशंसा की। उन्हें किडनी की गंभीर समस्या है। मेडिकल बोर्ड की अनुशंसा के आलोक में बिरसा सेंट्रल जेल से 22 मई को उन्हें रिम्स भेज दिया गया। यहां बता दें कि विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को 20 मई को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद उन्हें एसीबी की विशेष अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को 3 जून तक (14 दिन) न्यायिक हिरासत में भेजा है। इससे पहले एसीबी ने करीब छह घंटे तक दोनों अधिकारियों से पूछताछ की थी।



### राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना पर कार्यशाला का आयोजन

## यह योजना पूरी तरह से ऑनलाइन है : अबु इमरान



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत राज्य सरकार के बोर्ड, निगम और विश्वविद्यालय के नोडल पदाधिकारियों के साथ एक कार्यशाला-सह-उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन आईपीएच, नामकुम में किया गया। इस कार्यशाला सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम में राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना में शामिल होने की प्रक्रिया और पंजीकरण की प्रक्रिया को विस्तार से बताया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कार्यकारी निदेशक, झारखंड राज्य आरोग्य सोसाइटी अबु इमरान ने कहा कि यह योजना पूरी तरह से ऑनलाइन है और इसमें ऑफलाइन की गुंजाइश नहीं है। अंशु कुमार, वरिष्ठ परामर्शी, डाटा एनालिस्ट, झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी ने इस दौरान बीमा योजना के बारे में बताते हुए कहा कि इसमें शामिल होने के लिए संबंधित बोर्ड, निगम और विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष योजना से जुड़ने हेतु सहमति पत्र उपलब्ध करवाएंगे। इसके साथ भी पदाधिकारियों एवं कर्मियों का डेटाबेस विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराया जाएगा। संस्थानों के वास्तविक कर्मियों की संख्या के विरुद्ध एकमुश्त राशि जसास को उपलब्ध करवानी होगी। इसके बाद संबंधित पोर्टल संबंधित संस्थान के आवेदन के लिए सक्रिय हो जाएगा। संबंधित विभागाध्यक्ष के द्वारा आवेदक के ऑनलाइन आवेदन के सत्यापन के बाद संबंधित डाटा जसास के पास भेजी जाएगी। इस दौरान विवेक कुमार नायक, वरिष्ठ परामर्शी ने कार्यशाला के दौरान अपने संबोधन में पंजीकरण की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। उन्होंने डीडीओ या एचओडी के स्तर पर आवेदनों के अनुमोदन और स्वीकृति के बाद की जाने वाली सारी प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी।

# विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में मुझे अपने राष्ट्र पर गर्व : संजय सेठ

- केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मलेशिया में भारतीय प्रवासियों के साथ किया संवाद

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कुआलालंपुर (मलेशिया) में गुरुवार को भारतवंशियों के साथ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने संवाद किया। अपने देश से इतनी दूर भारतवंशियों से मिलकर जो आत्मिक अनुभूति होती है, उसे शब्दों में नहीं बताया जा सकता। इस क्रम में इन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बदलते भारत से रूबरू कराया। उन्हें बताया कि मोदी सरकार के नेतृत्व में नया भारत हर क्षेत्र में तेजी से कदम आगे बढ़ा रहा है। यह खुशी है कि दुनिया भर के भारतवंशी भारत को पूर्ण समर्थन कर रहे हैं। यह भारतवंशियों की विशेषता है कि वह जिस देश में रहते हैं, उस देश के लिए कर्तव्यों का निर्वहन समर्पित हो कर करते हैं। अभी भारत विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की 140 करोड़ जनता कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही है। यह नया भारत अब हर क्षेत्र में नए इनोवेशन कर रहा है। अभी भारत में गौरवशाली विरासत के साथ समग्र विकास की यात्रा चल रही है। वर्तमान समय में भारत वन नेशन वन इलेक्शन की तरफ कदम बढ़ा चुका है ताकि चुनाव के अनावश्यक परेशानियों और संसाधनों की बर्बादी से बचा जा सके। उसका सदुपयोग देश के विकास में हो। ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियान के माध्यम से हमने बता दिया कि आतंकवाद का फन कुचलने के लिए भारत सदैव खड़ा है। आतंकवाद जैसे विषय पर भारत जीरो टॉलरेंस की नीति रखता है और यह आगे भी जारी रहेगा। मोदी का नया भारत अपनी गौरवशाली संस्कृति और सभ्यता को साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। जहां हम आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया का मंत्र अपना रहे हैं। पूरी दुनिया को भी अपना महत्वपूर्ण सहयोग दे रहे हैं। इस संवाद कार्यक्रम में भारतवंशियों से कई विषयों पर परिचर्चा किया। उनके सुझाव भी लिया। भारत के विकास में उनकी भूमिका से भी उन्हें अवगत कराया। इस अवसर पर मलेशिया में भारत के राजदूत बीएन रेड्डी, सहित मलेशिया के विभिन्न क्षेत्रों से भारतीय समुदाय - प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार विजेता, मलेशिया इंडिया हेरिटेज सोसाइटी, मलेशियाई सशस्त्र बल सिख वेटरन्स एसोसिएशन, तत्त खालसा दीवान, आईएनए वेटरन, भारत क्लब कुआलालंपुर, जीओपीआईओ मलेशिया, ओवरसीज बीजेपी के मित्र, पर्मिम, मलेशिया गुरुद्वारा परिषद, गुरुद्वारा सेंटुल, नेताजी कल्याण फाउंडेशन, मलेशिया बंगाली एसोसिएशन, मलेशिया कन्नड़ संघ, कश्मीरी समुदाय के सदस्य, मलेशिया के तेलुगु एसोसिएशन, मलेशिया तेलुगु फाउंडेशन, बिहार सांस्कृतिक संघ, तमिल एक्सपैट एसोसिएशन, मलेशिया की उड़िया सोसाइटी, महाराष्ट्र मंडल मलेशिया, तेलुगु एक्सपैट्स एसोसिएशन मलेशिया, मलेशिया ओडिया एसोसिएशन, गुजराती एसोसिएशन, दाऊदी बोहरा मलेशिया, पीआरईएसएमए, एनआरटीआईए, तमिल राइटर्स एसोसिएशन, आसियान-भारत आर्थिक परिषद के लोग शामिल थे।




### झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की मांग

## गैर-मजरूआ जमीन पर हाईकोर्ट का फैसला हो लागू

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** गैर-मजरूआ जमीन से संबंधित मुद्दे पर झारखंड हाईकोर्ट द्वारा दिए गए फैसले को लागू करने की मांग चैंबर ऑफ कॉमर्स ने की है। गुरुवार 22 मई को चैंबर भवन में प्रेस वार्ता के दौरान चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि तत्काल प्रभाव से सभी डीसी को गैर मजरूआ जमीन की रजिस्ट्री करना, दाखिल-खारिज करना और रसीद काटना आरंभ करने का आदेश जारी किया जाए। इससे उद्योग लगाने में आसानी होगी, क्योंकि रसीद कटने के बाद बैंक से ऋण की आसान उपलब्धता भी सुनिश्चित हो सकेगी। इससे सरकार को भी कई माध्यम से राजस्व की प्राप्ति होगी और विकास की गति बढ़ेगी। परेश गट्टानी ने कहा कि सीएनटी-एसपीटी एक्ट के कारण झारखंड में पहले से ही उद्योग लगाने में भूमि से संबंधित एक जटिल समस्या हमेशा बनी रहती है। उसके बावजूद पूर्व की सरकार ने दिनांक 26-08-2015 को पूरे राज्य में गैर-मजरूआ जमीन की रजिस्ट्री, दाखिल-खारिज और रसीद काटना बंद कर दिया था। जिस कारण झारखंड में बड़े-बड़े उद्योगों और व्यापारियों को बड़ा झटका लगा था। जो भूमि पट्टा बैंक में मॉरगेज था उसे बैंक द्वारा आदेश पारित कर दूसरी कॉल लेटर सिक्योरिटी देने की बात कहते हुए लोन बंद करने की धमकी दी थी। हम न्यायालय के आदेश का सम्मान करते हैं, लेकिन चिंतनीय यह है कि 20 दिन बीतने के बावजूद अब तक सरकार ने इस पर कोई कदम नहीं उठाया है। उन्होंने कहा कि हम भू राजस्व मंत्री को भी यह स्मरण कराना चाहेंगे कि आपने विधानसभा सत्र के दौरान सदन में यह आश्वासन दिया था कि 45 दिनों के अंदर खासमहाल भूमि को रेगुलराइज कर दिया जाएगा।



## सीआईडी ने किया बड़े साइबर ठग का खुलासा, दो गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सीआईडी ने गुरुवार को एक बड़े साइबर धोखाधड़ी का खुलासा करते हुए, खुद को सीबीआई का अधिकारी बताकर 59.44 लाख की ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अपराधियों की पहचान पटना के अजय कुमार सिन्हा और सौरभ शेखर के रूप में की गई। इनके पास से दो मोबाइल, तीन सिम कार्ड और अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद की गई है। सीआईडी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि साइबर क्राइम थाना में 28 मार्च को कांड संख्या 29/25 दर्ज किया गया था, जिसके बाद जांच शुरू की गई थी। महिला और ग्रामीण विकास कल्याण समिति की आड़ में धोखाधड़ी जांच में खुलासा हुआ कि अभियुक्तों ने धोखाधड़ी को छिपाने के लिए महिला और ग्रामीण विकास कल्याण समिति के नाम पर एचडीएफसी बैंक में एक खाता खुलवाया था। वहीं ठगे हुए पैसे इसी खाते में जमा किए जाते थे। चौंकाने वाली बात यह है कि इस खाते में सिर्फ एक दिन में कुल 1.47 करोड़ रुपये जमा हुए थे। इस खाते से संबंधित धोखाधड़ी की कुल 7 शिकायतें विभिन्न राज्यों में दर्ज की गई हैं। जिनमें झारखंड से एक महाराष्ट्र से, दो पुडुचेरी से, एक उत्तराखंड से और दो बिहार से एक शिकायत शामिल है।

## जीएसटी घोटाला मामले में ईडी ने शेल कंपनियों के खाते से 60 लाख किए जब्त

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) घोटाले की जांच के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शेल कंपनियों के बैंक आकाउंट में जमा 60 लाख रुपए जब्त कर लिए हैं। जब्त की गयी राशि 10 शेल कंपनियों के बैंक अकाउंट में जमा थी। 800 करोड़ रुपये के इस जीएसटी घोटाले में मास्टर माइंड सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। ईडी इसमें से दो लागों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है। अब घोटाले के मास्टर माइंड शिव कुमार देवड़ा को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने 8 मई को 800 करोड़ रुपये के इस घोटाले में रांची, जमशेदपुर और कोलकाता में छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान मिले दस्तावेजों के आधार पर घोटाले के मास्टर माइंड सहित चार लोगों के गिरफ्तार किया था। इनमें शिव कुमार देवड़ा, मोहित देवड़ा, अमित गुप्ता और अमित अग्रवाल उर्फ विक्की भालोटिया शामिल हैं। ईडी जांच के दौरान यह पाया गया था कि जीएसटी घोटाले के मास्टर माइंड कोलकाता का शिव कुमार देवड़ा है। उसका बेटा मोहित देवड़ा, अमित गुप्ता, विक्की भालोटिया उसके साथ मिल कर फर्जी जीएसटी एनव्यास बनाते थे और आइटीसी का गलत लाभ लेते थे। इन लोगों ने अब तक 14325 करोड़ रुपये का फर्जी जीएसटी बिल बनाया था।

### अगली फसल का हुआ समय, किसानों के धान क्रय के भुगतान पर विभाग मौन

# आधा भुगतान हुआ आधा है बाकी

मनोज मिश्रा

**रांची।** समय से पहले झारखंड में मॉनसून ने दस्तक दे दी है। मंत्री डॉ इरफान अंसारी चाहते हैं कि राज्य के किसानों को उनकी उनकी धान की पूरी रकम मिल जाए। इसके लिए उन्होंने कई आदेश भी विभाग को जारी किए हैं। उन्होंने कहा था कि 72 घंटे के अंदर पहली किस्त के रूप में बेचे गए धान की आधी रकम का भुगतान किसानों के खाते में होना चाहिए। वहीं शेष बची आधी रकम का भुगतान एक सप्ताह के अंदर करने का निदेश दिया था। राष्ट्रीय नवीन मेल से विशेष बातचीत में मंत्री इरफान ने विभाग से बात कर पूरी जानकारी लेने को कहा था। वहीं दूसरी ओर झारखंड राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने मिलने से इंकार कर दिया। जिस राज्य के पदाधिकारी इतने संवेदनहीन हों कि किसी से नहीं मिलते हों वहां एक आम किसान की आवाज कहां पहुंचेगी समझा जा सकता है।




लेकिन सूत्रों से जानकारी मिली है कि पूरे राज्य में किसानों के धान का 985 करोड़ रूपए का भुगतान करना था जिसमें 750 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है और 235 करोड़ रूपए का भुगतान किया जाना है। वहीं राज्य भर के किसानों की मांग है कि फसल के बदले उनकी रकम का भुगतान जल्द किया जाए नहीं तो वे आंदोलन करेंगे।

विदित हो कि राज्य के सभी जिलों में ऐसे किसानों की संख्या हजारों में है, जिन्हें धान बेचने का आधा रकम तो मिल चुका है लेकिन आधा बाकी है। पहली किस्त के रूप में 50 फीसदी राशि का भुगतान हुआ, लेकिन पूरा भुगतान कब होगा।

### पैसा नहीं मिलने से खेती करने में होगी परेशानी : दिलेश्वर साहू



राष्ट्रपति से सम्मान प्राप्त कांके प्रखंड के पिठोरिया गांव निवासी किसान दिलेश्वर साहू बताते हैं कि दिसम्बर में बेचे गए धान की आधी रकम अप्रैल में मिली है अब जब धान खेती में पैसे लगाने का समय है तो आधे रकम की बाट जोह रहे हैं, पैसे नहीं मिलने पर जुताई, कोड़ाई, बीज-खाद के लिए पैसे कहां से आएंगे ये सोचकर किसान चिंतित हैं।

## पेज एक के शेष

### बातचीत और आतंकवाद...

हम आतंकवाद से लड़ने के अपने संकल्प को दुनिया तक पहुंचाने के लिए एक मजबूत पहुंच बनाना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि दुनिया आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से लड़ने के लिए एक साथ आए। हम दुनिया से आग्रह करना चाहते हैं कि वे सीमा पार आतंकवाद के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराएं। पाकिस्तान पिछले 40 सालों से भारत के खिलाफ इसे अंजाम दे रहा है। अब उसके कार्यों को उजागर करने की आवश्यकता है. पाकिस्तान को भारत के खिलाफ किए गए आतंकी हमलों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

### अपनी सीमाएं लांघ...

कि इस मामले में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का भ्रष्टाचार शामिल है और कहा कि ईडी "कम से कम इस मामले में अपनी सीमा का उल्लंघन नहीं कर रहा है। हालांकि, पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अमित आनंद तिवारी द्वारा दिए गए तर्कों को स्वीकार किया, जिन्होंने बताया कि तमिलनाडु सरकार ने खुद 2014 से शराब की दुकानों के लाइसेंस के आवंटन से संबंधित 40 से अधिक एफआईआर दर्ज की हैं और अब ईडी ने तस्वीर में कूदकर टीएएसएमएसी पर छापा मारा है। पीठ ने पूछा, आप राज्य संचालित टीएएसएमएसी पर छापा कैसे मार सकते हैं? तमिलनाडु सरकार और टीएएसएमएसी ने अपने सरकारी शराब रिटेलर टीएएसएमएसी के परिसरों पर ईडी द्वारा की गई छापेमारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। राज्य सरकार ने मद्रास उच्च न्यायालय के 23 अप्रैल के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उसकी और तमिलनाडु राज्य विपणन निगम (टीएएसएमएसी) की याचिका को खारिज कर दिया गया था, जिसमें ईडी की कार्रवाई को मंजूरी दी गई थी। ईडी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अपनी कार्रवाई जारी रखने की अनुमति दी गई थी।

### जो सिंदूर मिटाने निकले...

वो गोलियां पहलगाम में चली थी, लेकिन उन गोलियों से 140 करोड़ देशवासियों के सीना छलनी हुआ था। इसके बाद हर देशवासी ने एकजुट होकर संकल्प लिया था कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे। उन्हें कल्पना से भी बड़ी सजा देंगे। आज आपके आशीर्वाद से, देश की सेना के शौर्य से, हम सब उस प्रण पर खरे उतरे हैं। हमारी सरकार ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दी... तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे सैन्य बलों के पराक्रम से पाकिस्तान को झुकने पर मजबूर होना पड़ा। 22 अप्रैल के हमले के जवाब में, सिर्फ 22 मिनट के भीतर आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया। देश ने देखा कि जब हमारी बहनों के सिंदूर पर निशाना साधा जाता है, तो उसका जवाब दुश्मन को अंदर तक हिला सकता है। मोदी ने कहा कि ये संयोग ही है कि 5 साल पहले जब बालाकोट में देश ने एयर स्ट्राइक की थी, उसके बाद मेरी पहली जनसभा राजस्थान में ही सीमा पर हुई थी। वीरभूमि का ही ये तप है कि ऐसा संयोग बन जाता है। अब इस बार जब ऑपरेशन सिंदूर हुआ, तो उसके बाद मेरी पहली जनसभा फिर यहां वीरभूमि राजस्थान की सीमा पर बीकानेर में आप सभी के बीच हो रही है। हुंकार भरते हुए मोदी ने कहा कि एयर स्ट्राइक के बाद मैं जब चुरू आया था, तो मैंने कहा था - "सौगंध मुझे इस मिट्टी की, मैं देश नहीं मिटने दूंगा, मैं देश नहीं झुकने दूंगा।" आज मैं राजस्थान की धरती से देशवासियों से बड़ी नम्रता से कहना चाहता हूं कि जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिलाया है। जो हिंदुस्तान का लहू बहाते थे, आज कतरे-कतरे का हिसाब चुकाया है। जो सोच चुके थे कि भारत चुप रहेगा, आज वो घरों में दुबके पड़े हैं। जो अपने हथियारों पर घमंड करते थे, आज वो मलबे के ढेर में दबे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि ये शोध-प्रतिशोध का खेल नहीं, ये न्याय का नया स्वरूप है। ये न्याय का नया स्वरूप है, ये ऑपरेशन सिंदूर है। ये सिर्फ अक्रोश नहीं है, ये समग्र भारत के रौद्र रूप है, ये भारत का नया स्वरूप है। पहले घर में घुसकर किया था वार, अब सीधा सीने पर किया प्रहार है। आतंक का फन कुचलने की यही नीति है, यही रीति है। यही भारत है, नया भारत है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद से निपटने के तीन सूत्र तय कर दिए हैं। पहला - भारत पर आतंकी हमला हुआ... तो करारा जवाब मिलेगा। समय हमारी सेनाएं तय करेंगी... तरीका भी हमारी सेनाएं तय करेंगी... और शर्तें भी हमारी होंगी। दूसरा - एटम बम की गीदड़ भभकियों से भारत डरने वाला नहीं है। तीसरा - हम आतंक के आकाओं और आतंक की सरपरस्त सरकार को अलग-अलग नहीं देखेंगे... उन्हें एक ही मानेंगे। पाकिस्तान का ये स्टेट और नॉन-स्टेट एक्टर वाला खेल अब नहीं चलेगा।

### प्रधानमंत्री ने झारखंड...

फिलहाल इस स्टेशन से तीन एक्सप्रेस और दो पैसेंजर ट्रेनें गुजरती हैं, जिनमें जम्मूतवी-संबलपुर, एलेप्पी-धनबाद, तपस्विनी एक्सप्रेस और हटिया-राउरकेला, हटिया-झारसुगुड़ा पैसेंजर ट्रेनें शामिल हैं। स्टेशन को अब चार लाइनों, नई स्टेशन बिल्डिंग, विस्तृत प्रतीक्षालय, उन्नत टिकट काउंटर, ऊंचे प्लेटफॉर्म, प्लेटफॉर्म शेड, फुट ओवरब्रिज, लिफ्ट, रैंप और बेहतर प्रकाश व्यवस्था जैसी सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। गोविन्दपुर रोड अमृत रेलवे स्टेशन के ऑनलाइन उद्घाटन में राज्य के मंत्री दीपक बिरुवा, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, विधायक सुदीप गुड़िया, पूर्व विधायक कोचे मुंडा, डीआरएम जीएस बिंद्रा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**राजमहल स्टेशनः एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं से युक्त नया स्वरूप :** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल में स्थित राजमहल रेलवे स्टेशन को पूरी तरह से आधुनिक रूप दिया गया है। स्टेशन की नई इमारत को आकर्षक डिज़ाइन और रोशनी से सजाया गया है। प्लेटफॉर्म को बढ़ाकर अब लंबी ट्रेनों के ठहराव की व्यवस्था की गई है। यात्रियों के लिए पैदल चलने के रास्तों को आसान बनाया गया है। प्रतीक्षालयों का नवीनीकरण कर उन्हें अधिक आरामदायक बनाया गया है, जिनमें प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी, महिला और एग्जीक्यूटिव लाउंज शामिल हैं। दिव्यांग यात्रियों के लिए रैंप और विशेष शौचालय की व्यवस्था की गई है। स्टेशन परिसर में इनडोर वीडियो वॉल, आकर्षक साइनेज और मूर्तियां लगाई गई हैं, जिससे यात्रियों का अनुभव और भी बेहतर हो सके।

**शंकरपुर स्टेशनः एम्स देवघर के लिए नई रेल सुविधा :** शंकरपुर स्टेशन, जो जसीडीह-मधुपुर रेलखंड पर स्थित है, को देवघर एम्स के निकटतम रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है। अमृत भारत योजना के अंतर्गत इसका आधुनिकीकरण किया गया है। यहां अब यात्री शेड, डिजिटल टाइमटेबल के लिए लाइटेड साइनेज, सुविधायुक्त प्लेटफॉर्म, अंडरपास, आधुनिक टिकट काउंटर, वेटिंग हॉल, पार्किंग सुविधा और नवीनीकृत फुट ओवरब्रिज उपलब्ध हैं।

### दो दुकानों से बरामद...

थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर ने बताया कि हाल के दिनों में गश्ती दल को शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर गरीब परिवारों के बच्चे नशे की हालत में देखे गए। जब इन बच्चों से थाने में पूछताछ की गई, तो उन्होंने बताया कि वे शिवानी स्टोर और स्वाति स्टोर से नियमित रूप से व्हाइटनर और डेंड्राइट खरीदते हैं। बच्चों के इस बयान के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों दुकानों में छापा मारा। थाना प्रभारी ने बताया कि ये दुकानदार पूर्व में भी चेतावनी के दायरे में थे, बावजूद इसके उन्होंने ज्यादा मुनाफे के लालच में नाबालिगों को नशीला उत्पाद बेचना जारी रखा। उन्होंने कहा, "कुछ लोग पैसे के लालच में इतनी संवेदनहीनता पर उतर आए हैं कि बच्चों का बचपन, उनका भविष्य और उनकी जिंदगी तक बेचने में हिचकिचा नहीं रहे। यह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि नैतिक अपराध भी है, जो समाज को भीतर से खोखला कर रहा है।"पुलिस ने दोनों दुकानदारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है और आगे की कार्रवाई तेज़ कर दी गई है। थाना प्रभारी ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा, "बच्चों का बचपन बेचने वालों के लिए अब बाजार में नहीं, जेल में जगह होगी। लोहरदगा पुलिस नशे के इस गंदे कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है।" उन्होंने अन्य दुकानदारों को भी कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति इस तरह की गतिविधियों में लिप्त पाया गया, तो उसके खिलाफ भी कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे ऐसे मामलों में प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। यह कार्रवाई केवल एक छापेमारी नहीं, बल्कि एक स्पष्ट संदेश है कि लोहरदगा पुलिस बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शने वाली नहीं है।

# लखनऊ ने गुजरात को दिया 236 रनों का टारगेट

**मार्श का तूफानी शतक, पूरन भी गेंदबाजों पर टूटे**

**एजेंसी। अहमदाबाद।** आईपीएल 2025 के 64वें मुकाबले में आज गुजरात टाइटन्स और लखनऊ सुपर किंग्स की टक्कर है. गुजरात टाइटन्स प्लेऑफ में पहुंच चुकी है, जबकि लखनऊ का पत्ता कट चुका है। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2025 के मैच नंबर-64 में आज गुजरात टाइटन्स (GT) का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) से है. दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में है. इस मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स ने गुजरात टाइटन्स को जीत के लिए 236 रनों का टारगेट दिया है. लखनऊ की ओर से मिचेल मार्श ने 117 और निकोलस पूरन ने नाबाद 56 रन बनाए।

## मार्श की पहली सेंचुरी के बावजूद लखनऊ प्लेऑफ की दौड़ से बाहर




मौजूदा सीजन में गुजरात टाइटन्स ने अब तक 12 में से 9 मुकाबले जीते हैं और वो पहले ही प्लेऑफ में पहुंच चुकी है. दूसरी ओर लखनऊ सुपर जायंट्स ने इतने ही मुकाबले खेले हैं, लेकिन उसे केवल 5 में जीत मिली है. लखनऊ सुपर जायंट्स का पत्ता प्लेऑफ से पहले ही कट चुका है।

लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत धमाकेदार रही. मिचेल मार्श और एडेन मार्करम ने एक बार फिर बल्ले से गदर मचाया. दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 59 बॉल पर 91 रनों की पार्टनरशिप हुई. इस पार्टनरशिप के दौरान मार्करम ने सिर्फ 33 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी की. आर. साई किशोर ने मार्करम को आउट करके इस साझेदारी का अंत किया. मार्करम 24 बॉल पर 36 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 3 चौके और 2 छक्के शामिल रहे.

मार्करम के आउट होने के बाद मिचेल मार्श ने निकोलस पूरन के साथ मोर्चा संभाला और गेंदबाजों की जमकर खबर ली. मार्श ने 56 गेंदों पर अपना शतक पूरा कर लिया. यह आईपीएल में मिचेल मार्श की पहली सेंचुरी रही। आईपीएल के इतिहास में गुजरात टाइटन्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच अबतक 6 मैच खेले गए हैं. इस दौरान लखनऊ सुपर जायंट्स ने 2 मैचों में जीत हासिल की, जबकि 4 मुकाबलों में गुजरात टाइटन्स को जीत मिली. दोनों टीमें दूसरी बार मौजूदा सीजन में आमने-सामने हुई हैं. इससे पहले 12 अप्रैल 2025 को दोनों टीमों के बीच मुकाबला खेला गया था, जिसमें लखनऊ सुपर जायंट्स ने 6 विकेट से जीत हासिल की।

# थाईलैंड ओपन के लिए 19 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने 24 मई से 1 जून तक बैंकॉक में होने वाले चौथे थाईलैंड ओपन अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट के लिए 19 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। टीम में 10 पुरुष और 9 महिलाएं शामिल हैं, जिनका चयन नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान, पटियाला में चल रहे एलीट राष्ट्रीय शिविर से किया गया है, जो प्रमुख टूर्नामेंटों की ओर बढ़ते हुए सत्र के लिए चल रहा है। बीएफआई ने कहा कि उसने चयन मानदंड का पालन किया है, जिसके तहत 2025 की एलीट पुरुष और महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के रजत पदक विजेताओं को अवसर प्रदान किया गया है। एशियाई मुक्केबाजी के तत्वावधान में आयोजित थाईलैंड ओपन में पूरे महाद्वीप की शीर्ष राष्ट्रीय टीमें भाग लेंगी, जिसमें चीन, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, जापान, कोरिया और मेजबान देश थाईलैंड जैसी शक्तिशाली टीमें शामिल हैं।

इस अवसर पर , बीएफआई की अंतरिम समिति के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, 'टीम के थाईलैंड ओपन के लिए रवाना होने के साथ, हम भारतीय मुक्केबाजी के लिए एक बहुत ही रोमांचक चरण में प्रवेश कर रहे हैं। यह एक व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर की शुरुआत है, जिसमें कजाकिस्तान में विश्व कप स्टेज टूर्नामेंट, लिवरपूल में विश्व चैम्पियनशिप, नई दिल्ली में विश्व कप फाइनल और एशियाई चैम्पियनशिप सहित कई प्रमुख टूर्नामेंट शामिल हैं, जो साल के अंत में होने हैं। उन्होंने कहा, "हमने अपनी चयन प्रक्रिया में प्रदर्शन और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी है - प्रत्येक मुक्केबाज ने कड़ी मेहनत और निरंतरता के माध्यम से अपना स्थान अर्जित किया है।

**चयन प्रक्रिया :** प्रतिभागियों का चयन निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर किया गया

2025 के राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मुक्केबाज़
2024 के रोहतक में आयोजित आईसी संयुक्त राष्ट्रीय प्रतिभा खोज के प्रतिभाशाली खिलाड़ी

● **पुणे में आयोजित चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ कप के स्वर्ण और रजत पदक विजेता**

## हॉकी इंडिया ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय पुरुष टीम घोषित की

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

हॉकी इंडिया ने गुरुवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम की घोषणा की, जो 7 से 22 जून तक नीदरलैंड के एम्सटलवीन और बेल्जियम के एंटवर्प में होने वाला है। अनुभवी ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह टीम की अगुवाई करना जारी रखेंगे, जबकि मिडफील्ड के उस्ताद हार्दिक सिंह उप-कप्तान के रूप में उनके साथ जुड़ेंगे। भारत अपने यूरोपीय चरण की शुरुआत 7 और 9 जून को नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैचों के साथ करेगा, इसके बाद 11 और 12 जून को एम्सटलवीन के वैगनर स्टेडियम में अर्जेंटीना के खिलाफ डबल हेडर होगा। इसके बाद टीम 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए एंटवर्प जाएगी और फिर 21 और 22 जून को मेजबान बेल्जियम के खिलाफ अपना अभियान समाप्त करेगी। टीम में गोलकीपर के रूप में कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा शामिल हैं। सुमित, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, कप्तान हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, संजय और यशदीप सिवाच टीम की रक्षा पंक्ति में होंगे। मिडफील्ड में, टीम में राज कुमार पाल, नीलकांत शर्मा, उप-कप्तान हार्दिक सिंह, युवा प्रतिभाशाली राजिंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद और शमशेर सिंह शामिल हैं, जबकि गुरजंत सिंह, अभिषेक, शिलानंद लाकड़ा, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, दिलप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह टीम इंडिया के लिए फॉरवर्ड होंगे।



**एफआईएच प्रो लीग 2024-25 और टीम संरचना**

**मिडफील्ड खिलाड़ी**
- राज कुमार पाल
- नीलकांत शर्मा
- उप-कप्तान हार्दिक सिंह
- राजिंदर सिंह (युवा प्रतिभा)
- मनप्रीत सिंह
- विवेक सागर प्रसाद
- शमशेर सिंह

**फॉरवर्ड खिलाड़ी**
- गुरजंत सिंह
- अभिषेक
- शिलानंद लाकड़ा
- मंदीप सिंह
- ललित कुमार उपाध्याय
- दिलप्रीत सिंह
- सुखजीत सिंह

**मलेशिया मास्टर्स 2025**

## श्रीकांत और तनिषा-ध्रुव की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**कुआलालंपुर (आईएएनएस)**

अनुभवी भारतीय शटलर किदांबी श्रीकांत ने गुरुवार को दूसरे दौर में आयरलैंड के नहत गुयेन को हराकर मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। लंबे समय से खराब फॉर्म से जूझने के बाद वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 65वें स्थान पर काबिज श्रीकांत ने 59 मिनट तक संघर्ष करते हुए विश्व में 33वें नंबर के खिलाड़ी पर 23-21, 21-17 से जीत दर्ज की। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से होगा, जो भारत के आयुष शेट्टी को 21-13, 21-17 से हराकर आगे बढ़े। एचएस प्रणय ने दृढ़ निश्चय के साथ संघर्ष किया, लेकिन दूसरे दौर में युशी तनाका के खिलाफ 9-21, 18-21 से हार गए। मिश्रित युगल में, तनिषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की भारतीय जोड़ी ने फ्रांस के ली पालेर्मो और जूलियन मैयो पर 21-17, 18-21, 21-15 से जीत हासिल करके क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। अब उनका सामना जियांग जेन बैंग और वेई या शिन की चीनी जोड़ी से होगा। इस बीच, सतीश करुणाकरण टोमा के भाई और युगल साथी क्रिस्टो पोपोव से 14-21, 16-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। इससे पहले, प्रणय ने जापान के पांचवें वरीय केंटा निशिमोटो को 82 मिनट तक चले मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-16 से हराया। श्रीकांत ने भी पीछे नहीं हटते हुए चीन के छठी वरीयता प्राप्त लू गुआंग जू को 23-21, 13-21, 21-11 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। श्रीकांत ने क्वालीफायर में चीनी ताइपे के शटलर कुओ कुआन-लिन और हुआंग यू काई को हराकर पुरुष एकल वर्ग में मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया।

## आरसीबी ने बेथेल की जगह सीफर्ट को शामिल किया

**बेंगलुरु ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने जैकब बेथेल के अस्थायी प्रतिस्थापन के रूप में न्यूजीलैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज टिम सीफर्ट को शामिल किया है, जो 29 मई से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाली व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए इंग्लैंड लौटेंगे। सीफर्ट, जिन्होंने 66 टी20 मैच खेले हैं और उनके नाम 1,540 रन हैं, 2 करोड़ रुपये में आरसीबी में शामिल होंगे। बेथेल शुक्रवार को लखनऊ में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले आखिरी से पहले के लीग मैच के बाद आरसीबी कैंप छोड़ देंगे। आईपीएल के बयान में कहा गया है, "रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने टिम सीफर्ट को साइन किया है, क्योंकि जैकब बेथेल 24 मई को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से इंग्लैंड के लिए रवाना होने वाले हैं - 23 मई, 2025 को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी के लीग-स्टेज

## यूएई ने बांग्लादेश को चौंकाकर टी20 सीरीज जीती




**शारजाह (आईएएनएस)**

कप्तान मुहम्मद वसीम ने बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में पिछड़ने के बाद जीत दर्ज करने के बाद यूएई के ड्रेसिंग रूम की भावना की सराहना की। यह सिर्फ दूसरी बार है जब यूएई ने पूर्ण सदस्य के खिलाफ टी20 सीरीज जीती है, इससे पहले 2021 में उन्होंने आयरलैंड को 2-1 से हराया था। मूल रूप से दो मैचों की टी20 सीरीज के रूप में निर्धारित, दोनों देशों ने तीसरे मुकाबले को शेड्यूल करने पर सहमति व्यक्त की, जिससे यूएई को शनिवार को 1-0 से पिछड़ने के बाद अतिरिक्त प्रोत्साहन मिला। यूएई ने बुधवार शाम को वापसी की, मैच के अंतिम ओवर में बांग्लादेश के 162 रनों का पीछा करते हुए, शराफू और आसिफ खान के बीच सिर्फ 51 गेंदों पर नाबाद 87 रनों की साझेदारी हुई। घरेलू टीम की अनुभवहीनता को देखते हुए यह सीरीज जीत और भी उल्लेखनीय है, क्योंकि सीरीज शुरू होने से पहले ही उसने पांच अनकैप्ड खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया था और कप्तान वसीम, जिन्होंने प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब भी जीता, ने टीम की तारीफ की।

वसीम ने प्रसारण के दौरान कहा, "मैं बहुत खुश हूं कि उन्होंने पूरी सीरीज में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

# महामारी समझौते के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व समर्थन के लिए देश को धन्यवाद : डब्ल्यूएचओ

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयेसस ने महामारी से निपटने के लिए किए गए महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक समझौते के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और समर्थन के लिए देश को धन्यवाद कहा है। इस सप्ताह जिनेवा में तीन साल की बातचीत के बाद 78वीं वर्ल्ड हेल्थ असेंबली (डब्ल्यूएचए) में डब्ल्यूएचओ के सदस्य देशों ने सर्वसम्मति से इस समझौते को अपनाया। भारत भी इस संधि का एक हस्ताक्षरकर्ता है, जिस पर कोविड-19 प्रकोप के बाद से ही बातचीत चल रही है। इस संधि का उद्देश्य भविष्य में महामारी की स्थिति में वैश्विक स्वास्थ्य सेवा के अंतराल और असमानताओं को पाटना है।

डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "महामारी समझौते को अपनाए जाने के उन्होंने कहा, "एक स्वस्थ दुनिया का भविष्य इंक्लूजन, एक इंटीग्रेटेड विजन और सहयोग पर निर्भर करता है। इस बीच, डब्ल्यूएचए में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाली केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने भी महामारी संधि को आगे बढ़ाने की दिशा में की गई ऐतिहासिक प्रगति पर डब्ल्यूएचए और सदस्य देशों को बधाई दी। श्रीवास्तव ने भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करने के महत्व पर जोर दिया और यह सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता जताई कि कोई भी पीछे न छूटे। उन्होंने कहा, "महामारी समझौते में चिकित्सा उपायों तक समान पहुंच, समय पर और पारदर्शी डेटा साझाकरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए और विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के लिए टेक्नोलॉजी साझाकरण और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना चाहिए।5

अवसर पर ऐतिहासिक 78वें डब्ल्यूएचए में वर्चुअल रूप से हमारे साथ जुड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नमस्ते।



**डब्ल्यूएचए में भारत का जोर: महामारी संधि में समान पहुंच, पारदर्शिता और वैश्विक सहयोग जरूरी**

उन्होंने कहा, "एक स्वस्थ दुनिया का भविष्य इंक्लूजन, एक इंटीग्रेटेड विजन और सहयोग पर निर्भर करता है। इस बीच, डब्ल्यूएचए में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाली केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने भी महामारी संधि को आगे बढ़ाने की दिशा में की गई ऐतिहासिक प्रगति पर डब्ल्यूएचए और सदस्य देशों को बधाई दी। श्रीवास्तव ने भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करने के महत्व पर जोर दिया और यह सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता जताई कि कोई भी पीछे न छूटे। उन्होंने कहा, "महामारी समझौते में चिकित्सा उपायों तक समान पहुंच, समय पर और पारदर्शी डेटा साझाकरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

## अदाणी ग्रुप का ईबीआईटीडीए पहुंचा रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली ।** अदाणी समूह ने गुरुवार को वित्त वर्ष 25 में कंपनियों के प्रदर्शन के बार में बताया और कहा कि बीते वित्त वर्ष में समूह का ईबीआईटीडीए सालाना आधार पर 8.2 प्रतिशत बढ़कर ऑल-टाइम हाई 89,806 करोड़ रुपए (10.5 अरब डॉलर) पर रहा। पहले की अवधि की नॉन-रिकरिंग आय को हटा दिया जाए तो यह वृद्धि दर सालाना आधार पर 18 प्रतिशत है। इसके साथ ही पूरे वित्त वर्ष 25 में कंपनी का कर के बाद मुनाफा बढ़कर नए उच्चतम स्तर 40,565 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। समूह की कुल संपत्तियां बढ़कर अब तक के उच्चतम स्तर 6,09,133 करोड़ रुपए पर पहुंच गई है। इसमें वित्त वर्ष 19 से वित्त वर्ष 25 के दौरान 25 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक वृद्धि हुई है।

## इंडसइंड बैंक में नियमों के उल्लंघन की जांच कर रहा सेबी: तुहिन कांत

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के अध्यक्ष तुहिन कांत पांडे ने गुरुवार को कहा कि इंडसइंड बैंक में कथित धोखाधड़ी और इनसाइडर ट्रेडिंग की आशंकाओं के मामले में सेबी संभावित उल्लंघनों की जांच कर रहा है। उन्होंने कहा कि इंडसइंड बैंक मामले जहां भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अकाउंटिंग गड़बड़ियों की जांच कर रहा है। वहीं, सेबी भी अपने अधिकार क्षेत्र के अनुसार काम कर रहा है। एसोचैम की '16वीं कैपिटल मार्केट कॉन्फ्रेंस' के अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए पांडे ने कहा, "यह आरबीआई का अधिकार क्षेत्र है, लेकिन यदि किसी ने कोई गंभीर उल्लंघन किया है तो सेबी इसकी जांच कर रहा है। यह घटनाक्रम इंडसइंड बैंक द्वारा अपने ही कुछ कर्मचारियों से जुड़े एक संदिग्ध धोखाधड़ी का खुलासा करने के बाद सामने आया है। बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के लिए 2,328.92 करोड़ रुपए का घाटा दर्ज किया है। गंभीर अकाउंटिंग गड़बड़ियों के सामने आने के बाद यह बैंक के पहले तिमाही नतीजे हैं। इस मामले के कारण बैंक में कई उच्च-स्तरीय इस्तीफे, विनियामक जांच और कई ऑडिट हुए हैं। आय के बाद की कॉल में बैंक के बोर्ड ने कहा कि उसे संदेह है कि वित्तीय रिपोर्टिंग और अकाउंटिंग में शामिल कुछ कर्मचारियों ने धोखाधड़ी की हो सकती है।

## रियलमी ने की एस्टन मार्टिन अरामको एफ1 टीम के साथ तीन साल की लाइसेंसिंग पार्टनरशिप की घोषणा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड रियलमी ने गुरुवार को एस्टन मार्टिन फॉर्मूला 1 टीम के साथ तीन साल के लिए रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी में एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर, रियलमी एक शानदार नया रियलमी जीटी 7 ड्रीम एडिशन लॉन्च करने वाला है। 'रियलमी' अपने युवा उपभोक्ताओं को उनकी अपेक्षा से बढ़कर तकनीकी सेवा और बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।



एस्टन मार्टिन फॉर्मूला वन, जो इंजीनियरिंग, डिजाइन के क्षेत्र में एक जाना माना नाम है, के साथ साझेदारी कर रियलमी ने अपने उपभोक्ताओं को अद्वितीय और रोमांचक तकनीकी अनुभव प्रदान करने के लिए बड़ा कदम उठाया है।

## उबर का 'एडवांस टिप' फीचर विवादों में

**नई दिल्ली ।** उबर को अपने नए 'एडवांस टिप' फीचर को लेकर सोशल मीडिया पर लोगों की तीखी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इस फीचर को लेकर यूजर्स का आरोप है कि राइड-हेलिंग कंपनी जल्दी राइड बुक करने की आड़ में अपने ग्राहकों को अतिरिक्त पैसे देने को मजबूर करती है।

## वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती भूमिका : आरबीआई रिपोर्ट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि वैश्विक व्यापार पुनर्गठन और औद्योगिक नीति में बदलाव के बीच भारत एक 'कनेक्टर देश' के रूप में कार्य करने की मजबूत स्थिति में आगे बढ़ रहा है। देश टेक्नोलॉजी, डिजिटल सर्विस और फार्मास्यूटिकल्स जैसे सेक्टर में एक प्रमुख मध्यस्थ बन सकता है। केंद्रीय बैंक की 'स्टेट ऑफ द इकोनॉमी' रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मौद्रिक, वित्तीय और राजनीतिक स्थिरता, नीतिगत स्थिरता और निश्चितता, अनुकूल कारोबारी माहौल और मजबूत मैक्रोइकोनॉमिक फंडामेंटल के साथ-साथ ट्रांसपेरेंट, नियम-आधारित और दूरदर्शी पॉलिसी इकोसिस्टम से घिरी हुई है। अप्रैल 2025 के आईएमएफ अनुमानों के अनुसार, भारत इस साल सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा और जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन सकता है। मुद्रास्फीति का दबाव काफी कम हो गया है। अब यह उम्मीद है कि मुद्रास्फीति की दर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप बनी रहेगी, जो कि 2025-26 के लिए निर्धारित किया गया है। उपभोक्ता और व्यवसाय आर्थिक गतिविधि को मजबूत करने के लिए आश्वस्त और सहायक बने हुए हैं। इसके अलावा, जनवरी 2025 से रिजर्व बैंक के उपायों ने लिक्विडिटी की स्थिति को काफी हद तक आसान बना दिया है।

